सूर्योदय 5:31 सूर्यास्त 7:03

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 26.5 अधि |
| धर्मशाला | 16.6 न्यू | 31.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,148.22 |
| निफ्टी | 24,578.35 |
| सोना 94,344 | चांदी 96,820 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




ऊन के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि पर विचार कर रही सरकारः सुक्खू

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 14 मई 2025 | 1 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 135, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### बांग्लादेश: शेख हसीना की अवामी लीग बैन



**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने आधिकारिक तौर से अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग को बैन कर दिया। दो दिन पहले मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने कानून के पिछले संस्करण के तहत इसकी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। सूत्रों के अनुसार, बांग्लादेश के गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम ने एक मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि इस संबंध में एक गजट अधिसूचना जारी की गई है। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका-चीन में हुई बड़ी डील, 10 प्रतिशत तक घटाया टैरिफ



**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका और चीन ने हाल ही में एक-दूसरे पर लगाए गए भारी आयात शुल्कों को 90 दिनों के लिए टालने पर सहमति जताई है। इस फैसले से शेयर बाजारों में तेजी देखी गई, क्योंकि विश्व की दो सबसे बड़ी आर्थिक शक्तियों ने टकराव से बचने का कदम उठाया, जिसने वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर रखा था। इस मौके पर अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने जिनेवा में इस शुल्क कटौती की घोषणा की। अमेरिका ने चीनी सामानों पर 145 प्रतिशत शुल्क को घटाकर 30 प्रतिशत करने, जबकि चीन ने अमेरिकी सामानों पर अपने शुल्क को 125 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने पर सहमति जताई है। (अनंत ज्ञान)

### मतदाता पहचान पत्र मुद्दे का निकला हल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने समान नंबर वाले मतदाता पहचान-पत्रों के मुद्दे का समाधान निकाल लिया है और ऐसे कार्ड धारकों को नए नंबर वाले नए मतदाता पहचान-पत्र जारी किए गए हैं। सूत्रों ने कहा कि समान मतदाता फोटो पहचान पत्र या ईपीआईसी संख्या के मामले 'अत्यंत कम' थे, चार मतदान केंद्रों में औसतन करीब एक। सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र स्तरीय सत्यापन के दौरान पाया गया कि समान ईपीआईसी संख्या वाले लोग अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों और अलग-अलग मतदान केंद्रों के वास्तविक मतदाता थे। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- आरशी ने 96.2 फीसदी अंक लेकर झटका पहला स्थान पेज 4
- ई-समाधान पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का करें निपटारा -पेज 6
- अवैध मछली पकड़ने की रोकथाम के लिए टीम की गठितः नीतू -पेज 9
- पीपल मेले में तूफान ने डाला खलल अंधड़ में दुकानों को पहुंचा नुकसान -पेज 11
- मंधाना आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंची -पेज 14


# सीबीएसई के 10वीं-12वीं के रिजल्ट में लड़कियों ने मारी बाजी

## 10वीं में 93.66 और 12वीं में 88.39 प्रतिशत स्टूडेंट्स हुए सफल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 12वीं के बाद कक्षा 10वीं का रिजल्ट भी जारी कर दिया है। इस साल 10वीं कक्षा में 93.66 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए हैं। दरअसल, कक्षा 12वीं की तरह 10वीं में भी लड़कियों ने बाजी मारी है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज के मुताबिक, इस साल पास होने वाली लड़कियों का पास प्रतिशत 95 रहा है, जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 92.63 रहा है। पिछले साल लड़कियों का रिजल्ट 94.75 था और लड़कों का 92.71 प्रतिशत था।



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने बताया कि इस साल कक्षा 10वीं की परीक्षा के लिए कुल 23,85,079 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से 23,71,939 उपस्थित हुए और उनमें से 22,21,636 पास हुए हैं। इस बार का रिजल्ट 93.66 प्रतिशत रहा है। 2024 में 10वीं का रिजल्ट 93.60 प्रतिशत था, इस बार सिर्फ 0.06 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई है।

उन्होंने बताया कि सीबीएसई 12वीं कक्षा की परीक्षा का इस बार का रिजल्ट 88.39 प्रतिशत रहा है। पिछले वर्ष का उत्तीर्ण प्रतिशत 87.98 प्रतिशत था। पिछले साल की तुलना में कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा में 0.41 अंकों की मामूली वृद्धि हुई है। साथ ही पिछले साल की तरह इस साल भी लड़कियों का पास प्रतिशत ज्यादा है। इस साल पास होने वाली लड़कियों का प्रतिशत 91.64 रहा है, तो वहीं लड़कों का पास प्रतिशत 85.70 रहा है। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल प्रदेश में भी बेटियां रहीं अव्वल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में हिमाचल प्रदेश की बेटियां अव्वल रही हैं। दोनों की कक्षाओं का पास प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। प्रदेश के 232 स्कूलों की 12वीं कक्षा की परीक्षा के लिए 11,417 विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ था, इनमें से 11,385 ने परीक्षा दी। परीक्षा में 10,561 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। पास प्रतिशत 92.76 रहा है। वहीं, दसवीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बेटियों ने बाजी मारी है। परीक्षा में 95.3 फीसदी छात्राएं व 90.77 फीसदी छात्र पास हुए। प्रदेश का परीक्षा परिणाम पड़ोसी राज्य पंजाब (92.47), हरियाणा (91.04), उत्तराखंड (86.15) से बेहतर है। परीक्षा के लिए प्रदेश में 108 केंद्र बनाए गए थे। (अनंत ज्ञान)

### पंचकूला रीजन से बेहतर हिमाचल का रिजल्ट

ओवरऑल हिमाचल के छात्रों का 12वीं का रिजल्ट 92.76 प्रतिशत रहा, जो कि पंचकूला रीजन से बेहतर है। पंचकूला रीजन का परीक्षा परिणाम 91.17 प्रतिशत है. हिमाचल में सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त 232 स्कूल हिमाचल में सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त 232 स्कूल है। इनके लिए इस बार 108 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जबकि पूरे देश के 19,299 स्कूलों के लिए इस बार 7,350 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। वहीं, दसवीं कक्षा के लिए हिमाचल में 17,204 विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया था और 17,177 ने परीक्षा दी। इसमें 9,516 छात्र व 7,661 छात्राएं शामिल हैं।

# आतंक सिर उठाएगा, कुचला जाएगा : मोदी

## कहा-आतंकी हमले का जवाब अपनी शर्तों पर देंगे; पाक में ऐसा कोई ठिकाना नहीं, जहां आतंकी चैन से रह सकें

**एजेंसी, जालंधर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने एयरफोर्स के जवानों से मुलाकात की। इसके बाद जवानों को 28 मिनट संबोधित भी किया। मोदी ने कहा कि भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा, विनाश और महाविनाश। जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, एयरफोर्स और नेवी ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। हमारे ड्रोंस, मिसाइलों के बारे में सोचकर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी। उन्होंने कहा, 'आतंक सिर उठाएगा, तो कुचला जाएगा।

पाकिस्तान की गुहार के बाद भारत ने सिर्फ अपनी सैन्य कार्रवाई को स्थगित किया है, अगर पाकिस्तान ने फिर से आतंकी गतिविधि या सैन्य दुस्साहस दिखाया तो हम उसका मुंह तोड़ जवाब देंगे। यह जवाब अपनी शर्तों पर, अपने तरीके से होगा। इस निर्णय की आधारशिला, इसके पीछे छिपा विश्वास, आपका धैर्य, शौर्य, साहस और सजगता है। आपका हौसला, ये जुनून, ये जज्बा ऐसे ही बरकरार रखना है। हमें लगातार मुस्तैद और तैयार रहना है। हमें दुश्मन को याद दिलाते रहना है कि यह नया भारत है, यह शांति चाहता है, लेकिन मानवता पर हमला होता है तो भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी अच्छी तरह जानता है। (अनंत ज्ञान)



जालंधर के आदमपुर एयरबेस में सैनिकों के पराक्रम की हौसलाअफजाई करते प्रधानमंत्री मोदी।

### वायुसेना की तारीफ की

**मोदी** ने कहा कि आज हमारे पास नई टेक्नोलॉजी का सामर्थ्य है, जिसका पाकिस्तान सामना नहीं कर सकता है। एयरफोर्स सहित सभी सेनाओं के पास दुनिया की श्रेष्ठ तकनीक पहुंची है, नई टेक्नोलॉजी के साथ चुनौतियां भी उतनी बड़ी होती हैं। कॉम्प्लिकेटेड और सोफेस्टिकेटेड सिस्टम को मेंटेन करना और एफिशिएंसी के साथ चलाना स्किल है। आपने सिद्ध कर दिया है कि आप इस गेम में दुनिया में बेहतरीन हैं। भारत की वायुसेना सिर्फ हथियारों से ही नहीं, डाटा और ड्रोन से भी दुश्मन को छकाने में माहिर हो गई है।

### एयर डिफेंस सिस्टम मजबूत सुरक्षा कवच भारत की पहचान

**यह** अब भारतीय सेनाओं के मजबूत स्वरूप की पहचान है। 'ऑपरेशन सिंदूर' में मैन पावर के साथ ही मशीन का को-ऑर्डिनेशन भी अद्भुत रहा है। भारत के पारंपरिक एयर डिफेंस सिस्टम, आकाश जैसे मेड इन इंडिया प्लेटफॉर्म, एस-400 जैसे आधुनिक डिफेंस सिस्टम ने अभूतपूर्व मजबूती दी है। एक मजबूत सुरक्षा कवच भारत की पहचान बन चुका है। पाकिस्तान की लाख कोशिश के बाद भी हमारे एयरबेस हों या डिफेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर, उन पर आंच तक नहीं आई।

### मोदी की चेतावनी से घबराया पाकिस्तान

पीएम मोदी की चेतावनी के बाद पाकिस्तान घबरा गया है। उन्होंने कहा कि 'हमने आतंकवाद से सारे रिश्ते तोड़ दिए हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत की कार्रवाई ने आक्रामकता की एक खतरनाक मिसाल कायम की है, जिससे पूरा क्षेत्र आपदा के कगार पर पहुंच गया है। उसने प्रधानमंत्री मोदी के बयानों को भड़काऊ बताया है। उसके रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बयान दिया है कि हमने आतंकवाद से सभी संबंध तोड़ दिए हैं।

### जम्मू-कश्मीर पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं : विदेश मंत्रालय

**भारत** ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलाएंगे। यह बात विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। सभी मामले द्विपक्षीय तरीके से ही हल होंगे। दरअसल, भारत के इस जवाब को जम्मू-कश्मीर विवाद को सुलझाने के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रंप ने 11 मई को कहा था कि मैं दोनों के साथ मिलकर यह देखने की कोशिश करूंगा कि क्या कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है। 10 मई को ट्रंप ने सोशल मीडिया पर भारत-पाक के बीच सीजफायर होने की जानकारी दी थी।

## शोपियां में सेना ने एनकाउंटर में लश्कर के 3 आतंकी किए ढेर



**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई और सुरक्षाबलों ने जंगल में कई आतंकियों को घेर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार इस एनकाउंटर में तीन आतंकी मारे गए हैं। इन आतंकियों का संबंध लश्कर-ए-तैयबा से था।

अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर जिले के शुकरू केलर इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशेष इनपुट के आधार पर सुरक्षाबलों ने वहां घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करने के बाद तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया।

जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। मौजूदा समय में आतंकियों के साथ मुठभेड़ जारी है। शोपियां में मारे गए लश्कर के 3 आतंकवादियों में से दो की पहचान हो गई है। पहले आतंकी का नाम शाहिद कुट्टे पुत्र मोहम्मद यूसुफ कुट्टे है, जो चोटिपोरा हीरपोरा, शोपियां का निवासी है। दूसरे आतंकवादी की पहचान अदनान शफी डार पुत्र मोहम्मद शफी डार निवासी वंदुना मेल्होरा, शोपियां के रूप में हुई है। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल में अगले पांच दिन रहेगा मौसम साफ, तापमान में हुई बढ़ोतरी

**अनंत ज्ञान, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में मई की शुरुआत से जारी बारिश और ओलावृष्टि के बाद अब मौसम के मिजाज में बदलाव आने वाला है। अगले पांच दिनों तक प्रदेश में मौसम साफ बना रहेगा। हालांकि, कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी की संभावना है, लेकिन अधिकांश इलाकों में धूप खिली रहेगी। इसके चलते तापमान में 4 से 5 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

बीते डेढ़ हफ्ते से बारिश और ऊंचे इलाकों में हल्के हिमपात के कारण तापमान सामान्य से काफी नीचे चला गया था। इससे प्रदेश के मध्यम और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम सुहावना बना हुआ था और गर्मी का असर न के बराबर था, लेकिन अब तापमान के बढ़ने से पहाड़ों में भी गर्मी का एहसास होने लगेगा। प्रदेश में इस बार मई महीने की शुरुआत में ही अच्छी बारिश दर्ज की गई है। (अनंत ज्ञान)

## अमृतसर में जहरीली शराब पीने से 17 लोगों की मौत

**एजेंसी, अमृतसर।** अमृतसर के मजीठा में जहरीली शराब पीने से 17 लोगों की मौत हो गई। मृतक मजीठा के 3 गांवों के रहने वाले हैं, जिनमें भंगाली, मरडी कलां और थरीवाल गांवों के युवा शामिल हैं। इस अवसर पर अमृतसर की डिप्टी कमिश्नर साक्षी साहनी ने उक्त गांवों की पंचायतों और गणमान्य लोगों से मुलाकात की और उन्हें कहा कि वे अपने गांवों में शराब पीने के आदी लोगों की पहचान करें और अगर उन्होंने बीती रात जहरीली शराब पी है तो उन्हें तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया जाए। इस बीच, जहरीली शराब के बारे में बात करते हुए पुलिस ने कहा कि उन्होंने मुख्य आरोपी प्रभजीत और उसके भाई समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। (अनंत ज्ञान)



## शिमला-दिल्ली फ्लाइट 6 दिन बाद शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में 6 दिन से बंद दिल्ली-शिमला फ्लाइट मंगलवार से फिर शुरू हो गई है, लेकिन शिमला से अमृतसर की फ्लाइट्स को आज फिर कैंसिल करना पड़ा है। वहीं, कुल्लू के भुंतर और कांगड़ा के गगल एयरपोर्ट से भी आज 9 बजे तक कोई फ्लाइट नहीं उड़ी। अलायंस एयर का विमान आज सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर दिल्ली से शिमला के जुब्बड़हट्‌टी के लिए उड़ा, जो 7 बजकर 25 मिनट पर जुब्बड़हट्टी पहुंचा। इसमें 23 यात्री दिल्ली से शिमला आए। इसके बाद शिमला से 7 बजकर 45 मिनट पर यही विमान अमृतसर को उड़ान भरने को तैयार था। (अनंत ज्ञान)

### कांगड़ा एयरपोर्ट यात्रियों के लिए था तैयार

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा एयरपोर्ट मंगलवार को विमान यात्रियों के लिए पूरी तरह से तैयार था, परंतु ऑनलाइन कम बुकिंग होने के कारण कोई भी विमान दिल्ली से कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड नहीं हुआ। जानकारी देते हुए गगल एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि मंगलवार के विमान के आने की पूरी संभावना थी, न जाने किन्हीं कारणों के कारण दिल्ली से गगल एयरपोर्ट पर लैंड नहीं हुए, लेकिन बुधवार को पूरी उम्मीद है कि सभी विमान इंडिगो, स्पाइसजेट व एलाइंस एयर के विमान जरूर दिल्ली से गगल एयरपोर्ट पर दस्तक देंगे। निदेशक ने बताया कि शायद ऑनलाइन बुकिंग न होने के कारण मंगलवार को सभी विमान दिल्ली से गगल लैंड नहीं हुए। उन्होंने कहा है कि हां आज एक चार्टर प्लेन आया था, वह किसी हरियाणा कांग्रेस का कोई नेता था।

**खुशखबरी** अब मात्र 25 रुपए में कालका से शिमला पहुंच सकेंगे रेल यात्री

# कालका-शिमला ट्रैक पर फिर दौड़ने लगी पैसेंजर ट्रेन

**आर मोहन चौहान, सोलन**

रेलवे बोर्ड ने विश्व धरोहर कालका-शिमला रेलवे ट्रैक पर कोरोना काल के दौरान बंद की गई पैसेंजर ट्रेन फिर से संचालित करने का निर्णय लिया है। इससे इकॉनोमी क्लास के यात्रियों को कालका से शिमला का सफर करने के लिए मात्र 25 रुपए का किराया चुकाना होगा। इसका सबसे अधिक लाभ प्रदेश में काम करने आने वाले प्रवासियों को होगा।

करीब पांच साल बंद पैसेंजर ट्रेन ने ट्रैक पर दौड़ना शुरू कर दिया है। इससे पहले कई बार रेलवे बोर्ड अपने कार्य को लेकर ट्रेन को कालका से शिमला चलाता था, पर इसमें यात्रियों को बैठने की इजाजत नहीं थी। वर्तमान में पैसेंजर ट्रेन एक दिन कालका से शिमला की ओर जाती है, जबकि दूसरे दिन शिमला से कालका की ओर आती है।

बीते दिनों रेलवे बोर्ड ने ट्रायल के तौर पर ट्रेन को शुरू किया था। इसमें लोगों की संख्या में रोजाना बढ़ोतरी हो रही है। इसके बाद पहले चरण में एक दिन छोड़ कर ट्रेन को चलाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)




कालका-शिमला ट्रैक पर दौड़ती पैसेंजर ट्रेन। (फाइल फोटो)

### ट्रैक पर ट्रेनों की संख्या में इजाफा

**रेलवे** बोर्ड के निर्णय से ट्रैक पर ट्रेनों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। इस ट्रेन के शुरू होने से पहले पांच ट्रेनें ही रोजाना ट्रैक पर चलती थीं। अब संख्या छह हो गई है। हॉली-डे स्पेशल ट्रेन को दिसंबर से फरवरी और जून से अगस्त के बीच ही बोर्ड चलाता है। इसको भी चलाया जाता है तो ट्रैक पर सात ट्रेनें हो जाएंगी। गौर रहे कि कालका-शिमला ट्रैक पर ट्रेनों की कमी के कारण लोगों को परेशान होना पड़ता था। वर्तमान में संचालित हो रही ट्रेनों में ऑनलाइन बुकिंग होती थी। इससे ट्रेनें फुल हो जाने के बाद लंबी वेटिंग रहती थी। इससे लोगों को काफी दिक्कतें आती थी, लेकिन अब पैसेंजर ट्रेन का लुत्फ भी उठा सकेंगे। खास बात यह है कि इसे पुराने समय पर ही कालका से शिमला और शिमला से कालका संचालित किया जा रहा है।

### सस्ते किराये में होगा रोमांचक सफर

**कालका** से शिमला के लिए सुबह 8 बजे रेल चलेगी, जिसमें 25 रुपए किराया लगेंगे, यानी सस्ते किराये के साथ ट्रेन के सफर का रोमांच भी मिलेगा। कालका से शिमला पहुंचने में बस का किराया करीब 200 रुपए है, जबकि पैसेंजर ट्रेन का किराया भी काफी कम है। इसमें यात्री मात्र 25 रुपए में कालका से शिमला पहुंच सकते हैं। काउंटर पर टिकट की सुविधा यात्रियों को दी जाएगी। ट्रेन कालका से शिमला के लिए सुबह 8 बजे निकलेगी। यह ट्रेन 2 बजे शिमला पहुंचेगी। सामान्य ट्रेन से एक घंटा अतिरिक्त समय ट्रेन में लगेगा, जबकि अगले दिन शिमला से भी 8 बजे चलेगी और 2 बजे कालका पहुंचेगी। इसमें सभी जनरल बोगियां होंगी।

> **पैसेंजर** ट्रेन को काफी समय बाद ट्रैक पर चलाया जा रहा है। यात्रियों को सुविधा देने के लिए एक ट्रेन का संचालन किया गया है। फिलहाल एक दिन छोड़ कर ट्रेन चल रही है। अब ट्रैक पर पांच के बजाए छह ट्रेनें दौड़ेगी।
> **-नवीन कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, अंबाला**

## भारत ने सैन्य संघर्ष में मारे 11 जवान : पाक

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने मंगलवार को कहा कि भारत के साथ हाल में हुए सैन्य संघर्ष में उसके 11 सैन्यकर्मी मारे गए और 78 अन्य घायल हो गए। सेना ने एक बयान में यह भी दावा किया कि 6-7 मई की रात को भारत द्वारा किए गए 'बिना उकसावे के और निंदनीय कायराना हमलों' में 40 नागरिक मारे गए और 121 अन्य घायल हो गए।

भारत और पाकिस्तान ने चार दिन तक सीमा के आरपार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद संघर्ष को समाप्त करने के लिए शनिवार को सहमति की घोषणा की थी। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि देश की रक्षा करते हुए, पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के 11 कर्मी मारे गए और 78 अन्य घायल हो गए। सेना ने दावा किया कि 6-7 मई की रात को भारत द्वारा किए गए हमलों में सात महिलाओं और 15 बच्चों सहित 40 नागरिक मारे गए और 121 अन्य घायल हो गए। पाकिस्तान के सशस्त्र बल, पाकिस्तान के लोगों के साथ मिलकर दिवंगत नागरिकों और सैन्य कर्मियों को श्रद्धांजलि देते हैं। (अनंत ज्ञान)




## न्यूज ब्रीफ

### सीएम से मिले राज्य चयन आयोग के नवनियुक्त सदस्य



वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग के नवनियुक्त सदस्य जगदीश कौशल ने शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने इस पद पर नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। (अनंत ज्ञान)

### चौरी गांव में पैर फिसलने से व्यक्ति की मौत

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। उपमंडल सुजानपुर के एक गांव में एक 46 वर्षीय व्यक्ति की पैर फिसलकर नीचे गिरने पर मौत हो गई। उक्त व्यक्ति अपने जानवरों के लिए घास काटने के लिए जा रहा था। पंचायत उपप्रधान राजेंद्र सिंह ने बताया कि वह अपनी दुकान में सुबह के समय जा रहे थे, जबकि विपरीत दिशा से विजय कुमार पुत्र मेहताब सिंह आ रहा था। उन्होंने बताया कि रास्ते में विजय कुमार का पैर फिसला और वह सिर के बल नीचे गिर गया। इससे उसके सिर पर चोट लग गई और नाक से खून निकलने लगा। उसकी गंभीर हालत को देखकर परिजन उसे डॉ राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर ले गए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रमृतक दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करता था। अपने पीछे वह अपनी पत्नी तथा एक बेटा -बेटी को छोड़ गया है। मृतक का परिवार बेहद गरीब है।

### सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के साक्षात्कार कल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। एसआईएस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई, बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पदों पर भर्ती के लिए 15 मई को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या दसवीं पास अथवा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 54 से 95 किलोग्राम के बीच हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लैटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 16,500 से लेकर 22 हजार रुपए तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने पात्र उम्मीदवारों से साक्षात्कार के लिए 11 अप्रैल को सुबह 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में उपस्थित होने की अपील की है।

### भुक्कड़ स्कूल में बेटी के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान, भरेड़ी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में प्रधानाचार्य देशराज कमल की अध्यक्षता में छठी कक्षा की छात्रा सेजल का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान केक काटकर व मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। प्रधानाचार्य देशराज कमल ने बच्चों को कहा कि अभिभावक बेटियों के अच्छे पालन-पोषण के साथ उच्च शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देना होगा तथा उन्हें अधिक से अधिक प्रोत्साहन करें।

### माननीय न्यायाधीश ने दियोटसिद्ध में शीश नवाया



अनंत ज्ञान, बड़सर। मंगलवार को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति न्यायाधीश संजय करोल ने परिवार सहित बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में गुफा दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लिया। माननीय करोल हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के गरली परागपुर के रहने वाले हैं। डीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने उन्हें बाबा की प्रतिमा फटका ब रोट प्रसाद भेंट करके सम्मानित किया। इस अवसर पर डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा भी पुलिस बल के लिए साथ उपस्थित रहे।

### दी कमलाह कृषि सेवा सहकारी सभा के चुनाव 5 को

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन उपमंडल की दी कमलाह कृषि सेवा सहकारी सभा की प्रबंधन कमेटी के वार्ड नं. 5 का चुनाव 5 जून को होगा। यह जानकारी देते हुए सभा के सचिव पुष्पिंदर सिंह ने बताया कि इसके लिए 19 मई को प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र भरे जाएंगे। इसके इच्छुक उम्मीदवार को नामांकन के समय अपने साथ वार्ड से एक प्रस्तावक व एक समर्थक के रूप में सदस्य लाना आवश्यक है।

### ठाणा गांव में कुश्तियों का आयोजन

संजीव चौहान, टौणी देवी। बमसन तहसील के ठाणा गांव में कुश्तियों का आयोजन किया गया। समाजसेवी विजय बहल ने दंगल का शुभारंभ किया। इससे पहले विजय बहल का यहां पहुंचने पर दंगल कमेटी के अध्यक्ष करतार सिंह, उपप्रधान, प्रकाश चंद, सचिव कुलदीप रांगड़ा, सदस्य भाग सिंह, राजेंद्र सिंह, पवन डोगरा, कमलेश कुमार, वीएस चौहान, मेद चंद निक्कू आदि ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विचित्र सिंह चौहान, मदन लाल, जोगिंद्र पाल इत्यादि भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### शिविर में 71 रक्तदाताओं ने किया महादान

अनंत ज्ञान, बड़सर। आपका रक्तदान बचा सकता है किसी की जान इस संदेश को आत्मसात करते हुए नेहा मानव सेवा समिति के सौजन्य से दिवंगत वंशिका धीमान की स्मृति में जनैहन पंचायत में 32वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जो कि कैंसर किडनी रोगियों एथैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए समर्पित था। इसमें कुल 71 रक्तदातों ने सुरक्षा से रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। मुख्य अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के संस्थापक राजन कुमार उपस्थित थे।

### टिल्ला गांव में ड्रोन टाइप गुब्बारा मिलने से दहशत

अनंत ज्ञान, धनेटा। उपमंडल नादौन ब्लॉक की किटपल पंचायत के गांव टील्ला में आज एक ड्रोन टाइप गुब्बारा जिस पर अंग्रेजी व उड्दू भाषा में पी-आई-ई लिखा हुआ था, मिलने से गांव में दहशत फैल गई। यह गुब्बारा एक मकान के पास पाया गया है। स्थानीय निवासी सुरेंद्र बरमा ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और गुब्बारे की जांच शुरू कर दी। गुब्बारे के साथ एक धागा भी बंधा हुआ पाया गया है, जिससे यह संदेह उत्पन्न हो रहा है कि इसे किसी ने शरारतवश उड़ाया है या किसी अन्य देश द्वारा इसे यहां भेजा गया है। फिलहाल, पुलिस ने गुब्बारे को कब्जे में लेकर विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# ऐसे नगर निगम का क्या फायदा

## अधिसूचना के 5 माह बाद भी सब कुछ औंधे मुंह, रुक गए निर्माण कार्य

अनंत ज्ञान खास खबर

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

हमीरपुर को नगर निगम का दर्जा मिले अब पांच माह से ज्यादा का समय हो गया है, लेकिन इस दर्जे के नाम पर यहां अभी कुछ भी नहीं है। विकास कार्य लगभग ठप पड़े हैं। वार्ड नए कितने बनने हैं, इस पर भी फिलहाल अजीबोगरीब माहौल है। करोड़ों की राशि के बिल पेमेंट के लिए बजट की इंतजार में है।

अब सवाल एक ही है कि नगर परिषद से नगर निगम बनाकर 5 महीनों में यदि कुछ होना ही नहीं था, तो नगर निगम बनाने की जल्दबाजी भी आखिर क्या थी। जब तक नगर परिषद काम करती, काम चला रहता। शहर की दिक्कतों को दूर करने के लिए यहां के नुमाइंदे यानी पार्षद कुछ न कुछ तो करते रहते। अब तो हालत यह हैं कि पार्षद तो हैं, लेकिन नाम के। उनके पास कोई पावर नहीं है, नगर निगम का फट्टा तो टाउन हॉल के उस गेट पर लग गया है, जहां पर पहले नगर परिषद लिखा होता था, लेकिन भीतरी व्यवस्था में कोई खास बदलाव नहीं है। कर्मचारियों का भी यहां पर अच्छा खासा टोटा है। नगर निगम के चुनाव कब होंगे, अभी कोई पता नहीं। (अनंत ज्ञान)



नगर निगम का कार्यालय। (फाइल फोटो)

### कितने बनने हैं वार्ड, कोई पता नहीं

नगर परिषद के 11 वार्ड थे, अब जो नई बनावट तैयार हुई है, उसके मुताबिक लगभग 18 वार्ड बनने चाहिएं लेकिन इस पर भी पूर्ण रूप से सहमति नहीं है। कभी खबर मिलती है कि 15 ही बनेंगे, लेकिन फाइनल कब होगी डीलिमिटेशन। इसके लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। जितने भी बनने हैं, बन जाएं। क्योंकि नगर निगम के सदस्यों के चुनाव के लिए इच्छुक लोगों ने विसात भी बिछानी है। इसीलिए अभी यह पता ही नहीं चल पा रहा है कि कितने वार्ड बनेंगे? उनकी स्थिति क्या होगी कौन-कौन से क्षेत्र उसमें शामिल होंगे। वैसे 31 मार्च का समय इसके लिए तय किया गया था, लेकिन वह तो बीत चुका है, अभी भी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

### जल्द होगी सारी स्थिति क्लियर

हमीरपुर के एडीसी और नगर निगम के प्रशासक अभिषेक गर्ग का कहना है कि कुछ दिनों में सारी स्थिति क्लियर होगी।

# अनुशासन, अध्ययन व अध्यात्म की जीवन में अहम भूमिका : नरेंद्र अत्री

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

जीवन में किसी भी चुनौती का सामना करना उस व्यक्ति के लिए आसान होता है, जो बाल्य काल से ही अनुशासन, अध्ययन व अध्यात्म के महत्व को समझता है और इनका ज्ञान हमें बाल्यकाल से ही पाठशाला में मिलता है।

यह बात भाजपा प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री ने हमीरपुर में 'अपनी पाठशाला' संस्थान के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि कही। इससे पहले संस्थान में पहुंचने पर नरेंद्र अत्री का अपनी पाठशाला संचालक परीक्षित चंदेल, दिव्या सिंह, अविनाश ठाकुर, नीरज चौहान सहित स्थानीय गणमान्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया, पुष्पगुच्छ शॉल व टोपी पहनकर सम्मानित किया।

नरेंद्र अत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में स्थानीय शिक्षित व सक्षम युवाओं द्वारा स्थानीय छात्र-छात्राओं की विभिन्न कक्षाओं की तैयारी के लिए शुरू की गई एपी कोचिंग कक्षाओं के प्रयास के लिए सराहना की एवं शुभकामनाएं दीं, साथ में संचालकों से अपील की कि वे बच्चों को परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ उन में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं खेलकूद के महत्व के भाव को भी भरें, ताकि वे बड़े होकर अपने परिवार के साथ-साथ समाज व राष्ट्र के प्रति दायित्व का निर्वहन कर सकें।



'अपनी पाठशाला' संस्थान का भाजपा प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री ने किया शुभारंभ।

## शत-प्रतिशत रहा डीएवी स्कूल आलमपुर का परीक्षा परिणाम



अनंत ज्ञान, सुजानपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार को दसवीं व बारहवीं कक्षा के बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए। इस परीक्षा परिणाम में डीएवी पब्लिक स्कूल आलमपुर कक्षा दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बारहवीं कक्षा में सक्षम ठाकुर ने 93.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।

इस साल दसवीं कक्षा में 136 में से 122 छात्रों ने फर्स्ट डिवीजन हासिल किया है। 11 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और 26 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर उच्च अधिकारी आर्यरत्न डॉ. पूनम सूरी, पद्मश्री अवार्डी अध्यक्ष डीएवी सी.एम.सी, नई दिल्ली और अध्यक्ष, डॉ. वी. सिंह निदेशक, वीके यादव प्रबंधक व बिक्रम सिंह एआरओ सह प्राचार्य ने अभिभावकों और छात्रों को बधाई दी।

# परीक्षा परिणाम में डीएवी हमीरपुर के बच्चों का शानदार प्रदर्शन



अनंत ज्ञान, हमीरपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं की परीक्षा 2024-25 के परिणाम में डीएवी स्कूल हमीरपुर का सीबीएसई बारहवीं कक्षा का परिणाम इस वर्ष भी सराहनीय रहा है। इस वर्ष उत्तीर्ण प्रतिशत 100 प्रतिशत रहा है। सीबीएसई की 12वीं कक्षा के मंगलवार को घोषित नतीजों में 101 विद्यार्थियों में 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया है।

दिव्यांश, बातिश शर्मा 95.2 प्रतिशत, मन्नत मन्हास 94.6 और रियांश कालिया 96.4, सिमरन शर्मा 94.2, आकृति शर्मा 92.4, गौरांशी 92.2, विनायक शर्मा 92.2, सक्षम 92.2, रुद्रांशु शर्मा 92, हर्षित कपिल 91.4 और समीर रहमान ने 91.4 प्रतिशत अंक लिए। इसी तरह 10वीं का परीक्षा परिणाम भी 100 प्रतिशत रहा। दसवीं के नतीजों में 162 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिनमें 22 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत फीसदी से अधिक अंक हासिल किए हैं। आरोही ने 97.6 प्रतिशत, इश्मिता नामदेव ने 97 प्रतिशत, आश्वी ठाकुर और श्रेया गुप्ता ने 96.6 प्रतिशत, प्रांजल शर्मा ने 96 प्रतिशत, शिवांगी ने 95.6 प्रतिशत, अलीशा ठाकुर ने 95.4 प्रतिशत, शिवांश डटवलिया ने 94.6 प्रतिशत तथा आयुष सोनी और अंजली शर्मा ने 94.02 प्रतिशत अंक लिए।

विद्यालय प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर ने सभी सफल विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे छात्रों की मेहनत, उनके उत्कृष्ट अध्ययन कौशल और शिक्षकों के प्रशिक्षण के परिणाम है और हमें गर्व है कि हमारे छात्र नहीं सिर्फ शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि सामाजिक और व्यक्तिगत स्तर पर भी उत्कृष्टता का प्रदर्शन कर रहे हैं। आशा है कि वे अपने भविष्य में भी उत्कृष्टता के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने सभी अध्यापकों के प्रयास को सराहा तथा सभी बच्चों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# हिम अकादमी पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का परिचय देते हुए कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों में हर्ष की लहर है। विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न विषयों में शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल अच्छे अंक प्राप्त किए, बल्कि विद्यालय का नाम भी रोशन किया। यह उत्कृष्ट परिणाम विद्यालय के समर्पित शिक्षकों, मेहनती छात्रों एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय के छात्र तेनजिन नीमा लामा ने 471 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं श्रुति लखरवाल और साइना ने 464 92.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा समीर कुमार ने 463 92.6 प्रतिशत तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय निदेशक इंजीनियर पंकज लखनपाल, प्रधानाचार्य नैना लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ हिमांशु शर्मा तथा विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी छात्रों को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर निदेशक महोदय ने कहा कि हिम अकादमी सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास को प्राथमिकता देती है, और यह परिणाम टीमवर्क, मेहनत और अनुशासन का सजीव उदाहरण है।



## 10वीं की परीक्षा में स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर के छात्रों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि अनुशासन, कड़ी मेहनत और श्रेष्ठ शिक्षण पद्धति के दम पर कोई भी मंजिल दूर नहीं।

वर्ष 2025 की सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं और विद्यालय ने शत-प्रतिशत के साथ सफलता का परचम लहराया है। इस वर्ष कुल 143 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया और सभी ने सफलता प्राप्त की। यह विद्यालय की शिक्षण गुणवत्ता और छात्रों की समर्पित मेहनत का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विद्यालय से अर्शिया डोगरा ने 485 अंक 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, आनंदित शर्मा ने 483 अंक 96.6 प्रतिशत द्वितीय स्थान अक्षर दीवान ने 481 अंक, 96.2 प्रतिशत तृतीय स्थान, स्वास्तिका गुलेरिया, 479 अंक 95.8 प्रतिशत चौथी पायदान पर, तमय उप्रेती 478 अंक 95.6 प्रतिशत पांचवे स्थान पर तथा साई कृति 476 अंक 95.2 प्रतिशत अंक लेकर छठे, अयान शर्मा और दक्ष शर्मा ने 475 95 प्रतिशत अंक लेकर सातवें पायदान को हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

इन छात्रों ने न केवल अपने माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया है, बल्कि विद्यालय को भी गौरवान्वित किया है। विद्यालय निदेशक पंकज लखनपाल, विद्यालय प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल, प्रधानाचार्य अकादमिक डॉ व हिमांशु शर्मा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि ये परिणाम टीम वर्क मेहनत और अनुशासन का सजीव उदाहरण हैं।

विद्यालय में खुशी और गर्व का माहौल है। सभी शिक्षकगण एवं अभिभावक छात्रों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अत्यंत प्रसन्न हैं और विद्यालय प्रबंधन ने यह विश्वास जताया है कि आने वाले वर्षों में भी हिम अकादमी पब्लिक स्कूल इस प्रकार की श्रेष्ठता की मिसाल कायम करता रहेगा।

# डीएवी स्कूल भड़ोली का परीक्षा परिणाम सराहनीय

अनंत ज्ञान, नादौन

डीएवी स्कूल भड़ोली का सीबीएसई जमा दो विज्ञान संकाय और 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसे लेकर स्कूल में खुशी का माहौल है। स्कूल के प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने बताया कि हमारे लिए यह बहुत गर्व का विषय है कि इस बार सीबीएसई 12वीं व 10वीं की परीक्षा में हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन देकर विद्यालय के नाम को रोशन किया है।

12वीं की परीक्षा में 62 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 10वीं की परीक्षा में 114 बच्चों ने परीक्षा दी। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा । इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन प्रबोध महाजन, वाइस चेयरमैन ओपी सोंधी, एआरओ वीके यादव तथा प्रबंधक नमित शर्मा ने प्रधानाचार्य को बधाई दी। इन सभी बच्चों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया, जिसमें हमारे विद्यालय के 12 मेधावी छात्रों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय के नाम को गौरवान्वित कर डीएवी भड़ोली के परचम को ऊंचा किया है जिसमें सारांश सूद ने 500 में से 475 अंक प्राप्त कर पहला स्थान अर्जित किया। रोहिणी ठाकुर और चक्षु ने 470 अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साक्षी ने 467 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। आईपी विषय में रिषिता भारती ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर चौथा स्थान झटका।

वहीं दूसरी ओर दसवीं की परीक्षा में 12 बच्चों ने 90फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। इनमें रुद्राक्ष सौंखला और अंतरिक्ष वर्मा ने 96 प्रशित अंक हासिल किए। रुद्राक्ष सौंखला ने इंग्लिश में 100 का आंकड़ा पूरा किया।

सृष्टि भाटिया के 95, नंदिनी कौंडल के 95 प्रतिशत अंक रहे। 80 फ़ीसदी से ऊपर 25 बच्चे रहे। यह परिणाम विद्यालय, इस क्षेत्र और प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। प्रधानाचार्य ने अध्यापकों, अभिभावकों व बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# भीषण गर्मी में बिझड़ी बाजार में जाम लगने से लोगों के छूटे पसीने



लोगों ने फिर दोहराई बाईपास बनाने की मांग।

एसके ठाकुर, बड़सर

बड़सर उपमंडल स्थित बिझड़ी बाजार में सुबह 11 बजे के करीब भारी जाम लग गया। यह जाम लगभग 35 मिनट के करीब रहा, जिस कारण आम जनमानस परेशान हुआ। जाम लगने का कारण चाहे कुछ भी हो, परंतु आखिरकार परेशानी तो आम जन मानस को ही उठाना पड़ती है।

काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने जाम को खुलवाया। काफी देर तक बाजार में छोटे बड़े वाहन रेंग-रेंगकर चल रहे थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन बाजार में लंबा-लंबा जाम लगता है।

इस समस्या के हल के लिए जनप्रतिनिधि कई बार बाईपास की मांग उठ चुके हैं, परंतु लगता है कि सरकार के कान के नीचे जूं तक नहीं रेंगती है। चुनाव के समय नेता बड़े-बड़े बातें भी करते हैं परंतु चुनाव जीत जाने के बाद नेता अपने वादे भूल जाते हैं। स्थानीय लोगों ने बिझड़ी बाजार में लगने वाले जाम से निजात दिलाने की पुरजोर मांग की है। (अनंत ज्ञान)

> सुबह-सुबह बाजार में एक भारी व्हीकल आ गया था, जिस कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। हालांकि पुलिस कर्मचारियों ने अपनी ड्यूटी निभाते हुए जाम को खुलवा दिया है। हो सकता है कि भारी गर्मी में आम जनता को जनता को कुछ परेशानी हुई होगी, फिर भी बड़सर पुलिस आम लोगों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहती है।
>
> -मनोज कुमार, बिझड़ी पुलिस चौकी प्रभारी

## आपत्तिजनक पोस्ट पर मामला दर्ज करने की मांग

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। सुजानपुर के डोली वार्ड में रहने वाली मुस्लिम समुदाय की एक युवती द्वारा सोशल मीडिया पर हिंदू समाज एवं सनातन धर्म को लेकर टीओके टाइम्स ऑफ कराची नामक एक पोस्ट को शेयर किया गया है। आपित्तजनक पोस्ट के विरोध में हिंदू समाज के लोग मंगलवार दोपहर एक बजे सुजानपुर थाना पहुंचे और संबंधित विषय पर शिकायत दर्ज करवाई है।

हिंदू संगठनों से प्रकाश सडियाल सुरेश रांगड़ा, मनीष चौहान, सोमदत्त शर्मा, अंकुश शर्मा, सूरज ठाकुर अधिवक्ता हिमांशु शर्मा, सोनू गुप्ता सहित तमाम लोगों ने शिकायत दर्ज करवाते हुए कहा कि शिवा खान, निवासी टिहरा, सुजानपुर जो स्वयं को एक एंकर के रूप में कार्यक्र म करती हैं उसने हाल ही में अपने फेसबुक पेज पर एक आपित्तजनक पोस्ट साझा की है। थाना प्रभारी राकेश धीमान ने बताया कि शिकायत पत्र मिला है जिस पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश के किसान सीखेंगे दक्षिण कोरिया की कृषि तकनीक : सुरेश



सुरेश कुमार, जाहू

भोरंज विधानसभा विधायक सुरेश कुमार सात दिन के दक्षिण कोरिया के दौरे के दौरान दक्षिण कोरिया के एशियाई विकास बैंक के तत्वावधान में सिंचाई एवं कृषि विकास परियोजना पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान जियोन जू के राष्ट्रीय कृषि विज्ञान संस्थान और नाजू के कोरिया ग्रामीण समुदाय निगम केंद्र का दौरा किया।

यहां आधुनिक कृषि पद्धतियों को देखकर बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। उन्होंने बतया दक्षिण कोरिया के इस कार्यक्रम में बहुत ज्यादा कृषि से संबंधित बहुत नई तकनीक सीखने को मिल रही हैं। उन्होंने बताया की हिमाचल प्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है ओर भोरंज विधानसभा में सभी लोग कृषि करते हैं। उन्होंने कहा की मेरा प्रयास है कि इन नवीन तकनीकों को जल्द ही वहां लागू किया जाए, जिससे हमारे किसानों की आय और उपज में वृद्धि हो सके।

मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों के कल्याण और कृषि के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी और अर्की विधानसभा के विधायक संजय अवस्थी भी साथ हैं। (अनंत ज्ञान)

## प्रधानमंत्री खुद को साबित करने में हुए असफल : प्रेम

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा निर्दोश देशवासियों की सामूहिक हत्याओं के उपरांत भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई साहसिक कार्रवाई के लिए देशवासी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और भारतीय सेना ने एक बार पुन: यह स्थापित कर दिया कि हमारी सेना विश्व की श्रेष्ठ सेनाओं में से है।

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित दहशतगर्दी से त्रस्त देशवासियों को आशा थी कि भारत सरकार इस बार आतंक और आतंकियों के सरपरस्त पाकिस्तान के ताबूत में अंतिम कील ठोकने का कार्य करेगी परंतु सेना के साहसिक एवं सटीक प्रहार से सहमे पाकिस्तान को अमरीकी राष्ट्रपति के दबाव में जिस प्रकार सेफ पैसेज दिया गया, उससे देशवासी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। प्रधानमंत्री परीक्षा की घड़ी मेंखुद को साबित करने में असफल हुए हैं।

**जांच** चने की दाल के पैकेट में मरा हुआ मिला था चूहा

# जांच को पहुंचा नागरिक आपूर्ति निगम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

सुजानपुर इलाके के झूलाणी गांव की एक महिला को डिपो से मिले चने के डाल के पैकेट से मरे हुए चूहे के मिलने की घटना के बाद राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी उक्त महिला के घर पहुंच गए हैं।

उचित मूल्य की दुकान से लिए गए दाल के पैकेट में मरा हुआ चूहा मिलने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था, जिसका संज्ञान लेते हुए निगम के अधिकारियों ने यह कार्रवाई की है। निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव शर्मा और अन्य अधिकारियों के साथ मंगलवार सुबह शिकायतकर्ता महिला के घर पहुंचे।

संजीव शर्मा ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला से वस्तुस्थिति की जानकारी लेने के बाद उसके बयान भी दर्ज किए गए हैं।

क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि इस प्रकरण की पूरी रिपोर्ट निगम के मुख्यालय को प्रेषित कर दी गई है तथा इस संबंध में एनसीसीएफ दिल्ली से जवाब-तलबी करने तथा उचित कार्रवाई करने की संस्तुति की गई है, ताकि खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता को लेकर किसी भी तरह की कोताही न हो।

### कार्रवाई का लोगों को रहेगा इंतजार

गौरतलब यह है कि मरा हुआ चूहा यदि दाल के पैकेट में मिल जाए तो फिर मामला संज्ञान लेने वाला तो है लेकिन ऐसा हुआ क्यों यह विषय है बेहद गंभीर है। आप कुछ भी उपभोक्ताओं को परोस कर भेज दें। इसकी जिम्मेदारी किसी की नहीं बनती, जो कंपनी ऐसा कर रही है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होना लाजमी है।अब देखते हैं निगम की हरकत तो हुई है, लेकिन कार्रवाई क्या होगी इसका इंतजार रहेगा।



चने की दाल में दिख रहा मरा हुआ चूहा।

# सीएम की पहल से कुठारली गांव की 200 कनाल भूमि को मिली फेंसिंग की सुविधा



कोठारली गांव में जमीन की फेंसिंग से किसान खुश नजर आ रहे हैं।

शशि सोनल, नादौन

नादौन विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गौना के गांव कोठारली में जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री द्वारा फेंसिंग हेतु राशि स्वीकृत की गई थी। इस कार्य से गांव के लगभग 90 परिवारों की 200 कनाल भूमि की फेंसिंग हुई है, जिससे लोगों की फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

यह कार्य 9.25 लाख की लागत से पूर्ण हुआ है। खंड विकास अधिकारी निशांत शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी, जिसमें से 9.25 लाख रुपए की लागत से यह कार्य पूर्ण हो चुका है। स्थानीय निवासियों में रविंद्र कुमार, हरबंस सिंह, सुनील कुमार, प्रताप सिंह, सुधा कुमारी, सुभाष चंद्र इत्यादि व स्थानीय पंचायत ने इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया है।

### किसानों में खुशी, फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी

उन्होंने कहा कि इस फेंसिंग से उनकी फसलें अब जंगली जानवरों से सुरक्षित रहेंगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और जीवन स्तर में सुधार होगा। (अनंत ज्ञान)

# ऊन के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि पर विचार कर रही सरकार : सुक्खू

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन के नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में गद्दी समुदाय के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। उन्होंने इस महत्वपूर्ण पद पर गद्दी समुदाय का प्रतिनिधि नियुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

**कहा-सरकार गद्दी समुदाय की समस्याओं से अवगत**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गद्दी समुदाय की कठिनाइयों से अवगत है तथा इस समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ऊन के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि पर विचार कर रही है तथा सभी हितधारकों से परामर्श के बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि भेड़-बकरी पालकों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिले, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। (अनंत ज्ञान)


शिमला में गद्दी समुदाय का एक प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिलता हुआ

## आर्थिक सहायता बढ़ाने पर होगा विचार

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य सरकार ने संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए मानसून आपदा 2023 के दौरान प्रभावित परिवारों के लिए विशेष राहत पैकेज प्रस्तुत कर मुआवजे की राशि को कई गुणा बढ़ाया। इस पहल के तहत भेड़, बकरी और सूअर की मृत्यु पर वित्तीय सहायता को 4000 रुपए से बढ़ाकर 6000 रुपए किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पशुपालक समुदाय की सहायता के लिए इस वित्तीय सहायता को और अधिक बढ़ाया जाएगा।

## सीएम की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का करेंगे प्रयास : मनोज

भेड़ और बकरियों की मृत्यु पर मुआवजे बढ़ाने की सराहना की। इससे पहले, हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज कुमार ने इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह समर्पण भाव से कार्य कर मुख्यमंत्री की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उनकी नियुक्ति चंबा और कांगड़ा जिला में रहने वाले पूरे गद्दी समुदाय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने भेड़ और बकरियों की मृत्यु पर मुआवजे को बढ़ाने के लिए सरकार की सराहना की। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता का कायल हिंदोस्तान : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता का पूरा हिंदोस्तान कायल है। उन्होंने पहलगाम नरसंहार का जिस दृढ़ इच्छाशक्ति, संयम और साहस के साथ पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है, उससे पूरी दुनिया स्तब्ध है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सेना के तीनों अंगों को कारवाई के लिए खुली छूट दिए जाने के बाद जिस अंदाज में दुश्मन पर पलटवार देश की सेना ने किया है, उससे अब पाकिस्तान फिर ऐसी हिमाकत करने से पहले सौ बार सोचेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 22 अप्रैल की इस घटना के दूसरे ही दिन बिहार की धरती से कहा था कि इस दु:साहस की पाकिस्तान को बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी और कल्पना से भी परे की सजा मिलेगी।



शिमला से जारी बयान में जयराम ने कहा कि आज से पहले देश के इतिहास में कभी इतना जल्दी पाकिस्तान को करारा जवाब किसी भी सरकार ने नहीं दिया। उनकी इसी दूरदर्शिता को आज पूरा देश नमन कर रहा है। सेना का मनोबल बढ़ाने प्रधानमंत्री बॉर्डर पर पहुंचे और एक बड़ा संदेश दिया है कि केंद्र सरकार किसी भी दबाव में झुकने वाली नहीं है ।

# मेडिकल कॉलेज को लेकर भाजपा का बड़ाचौक में धरना



**अनंत ज्ञान, नाहन**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने बड़ा चौक पर धरने में बोलते हुए डॉ. यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नाहन को शहर से बाहर ले जाने के प्रयासों की कड़ी निंदा की।

डॉ. बिंदल ने कहा कि आजादी के बाद से नाहन में कोई बड़ा प्रकल्प नहीं आया, जिससे शहर की विकास गति रुक गई। डॉ. बिंदल ने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि क्या नाहन को इतना बड़ा प्रकल्प और कभी मिल पाएगा। उन्होंने नाहन के कांग्रेस नेताओं पर किसी बड़े चक्रव्यूह में फंसकर शहर को बर्बाद करने का आरोप लगाया। यह मरीजों की सेवा का एक बड़ा केंद्र बनने जा रहा है, जिसे बंद करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने 'विस्तारीकरण' शब्द को धोखा और मायाजाल बताया।

## संदीप ने संभाला कुलपति का कार्यभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार तकनीकी शिक्षा विभाग सचिव संदीप कदम ने आधिकारिक तौर से संभाला है। उन्होंने शिमला में की तकनीकी विवि के कुलपति का कार्यभार संभाला। प्रो. शशि धीमान का कार्यकाल पांच मई को पूरा हो गया है। नए कुलपति की नियुक्ति तक तकनीकी विवि के एक्ट के अनुसार तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव को कुलपति का कार्यभार देने का प्रावधान है, जिसके चलते तकनीकी शिक्षा सचिव ने कार्यभार संभाला है।

## चिंतपूर्णी मंदिर के समय में बदलाव

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद चिंतपूर्णी मंदिर के समय में बदलाव किया गया है। अब मंदिर रोजाना रात 10 बजे बंद होगा और सुबह 4 बजे खुलेंगे मंदिर के कपाट। इससे पहले भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते मंदिर का समय बदला गया था।अब दोनों देशों के बीच सीजफायर के चलते मंदिर का समय पहले की तरह ही रहेगा। इससे श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिली है।

मंदिर के समय में बदलाव के बाद श्रद्धालुओं को अपनी यात्रा की योजना बनाने में आसानी होगी। चिंतपूर्णी मंदिर के समय में बदलाव के बाद श्रद्धालुओं में खुशी की लहर है। श्रद्धालुओं का कहना है कि इससे उन्हें अपनी यात्रा की योजना बनाने में आसानी होगी और वे माता रानी के दर्शन कर सकेंगे।चिंतपूर्णी मंदिर प्रशासन ने भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद मंदिर के समय में बदलाव करने का निर्णय लिया है। मंदिर अधिकारी अजय मंडयाल ने इसकी पुष्टि की है।

# मोदी के दिल में सदा भारत और भारतीय सेना : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आदमपुर एयरबेस पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सेना के जवानों को मिलकर उनका उत्साहवर्धन करने का अभिनंदन करते हुए कहा कि भारत और भारतीय सेना मोदी के दिल में है और इसके सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री प्रतिबद्ध हैं।



अनुराग ने कहा प्रधानमंत्री ने आज पंजाब के आदमपुर एयरबेस पर वायुसेना के अधिकारियों, जवानों के साथ भेंट कर ऑपरेशन सिंदूर व सफल एयर स्ट्राइक के लिए सेना को बधाई दी।

यह पहला अवसर नहीं है जब मोदी जी सेना के उत्साहवर्धन के लिए इतनी सहजता के साथ जवानों के बीच पहुंचे हों, 2014 में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद ऐसे कई अवसर आए जब मोदी जी भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े मिले। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा मोदी जी के सार्वजनिक जीवन में ऐसे कई अवसर आए जब वो भारतीय सेना के साथ पूरी दृढ़ता के साथ खड़े रहे। सेना के सशक्तिकरण से लेकर आधुनिकीकरण के लिए मोदी जी सदा तत्पर रहे। आज भारत की सेना आधुनिक हथियारों से लैस है और देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो चुका है।

भारतीय वायुसेना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी एयरफोर्स है। हमारी वायुसेना के पास 1700 से ज्यादा एयरक्राफ्ट हैं, जिनमें सुखोई-30, राफेल, मिराज-2000 और तेजस जैसे एडवांस्ड फाइटर जेट शामिल हैं। एयरफोर्स के पास एयर डिफेंस सिस्टम, अर्ली वॉर्निंग सिस्टम और मिसाइल सिस्टम जैसी आधुनिक तकनीकें भी हैं। भारत सैन्य शक्ति, तकनीक, बजट और वैश्विक रैंकिंग में पाकिस्तान से स्पष्ट रूप से आगे है। सेना के प्रति मोदी जी आत्मीयता व विश्वास सबके लिए प्रेरक है।

**योजना** देवभूमि क्षत्रिय संगठन के प्रतिनिधियों से बैठक में बोले धनीराम शांडिल

# 'सुख आश्रय' अनाथ बच्चों का बनी सहारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने देवभूमि क्षत्रिय संगठन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में देवभूमि क्षत्रिय संगठन द्वारा प्रस्तुत विभिन्न बिंदुओ पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार संविधान के विभिन्न प्रावधानों के तहत समाज के सभी वर्गों के कल्याण व उत्थान के लिए निरंतर कार्यरत है तथा समाज के सभी वर्गों का समावेशी विकास सुनिश्चित बनाना सरकार की प्राथमिकता है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि सीएम ने शपथ ग्रहण करते ही सर्वप्रथम बालिका आश्रम टुटीकंडी का दौरा किया था तथा समाज के उन बच्चों के लिए एक योजना लेकर आए, जिनकी देखभाल करने वाला कोई अपना नहीं था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के माध्यम से प्रदेश में हजारों अनाथ व बेसहारा बच्चों का प्रदेश सरकार पालन-पोषण कर रही है, जिनके अभिभावक जीवित नहीं हैं। ऐसे बच्चों के लिए सरकार ही माता-पिता की भूमिका निभा रही है तथा उन्हें 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का दर्जा दिया है।


संगठन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते धनीराम शांडिल।

## संगठन की मांगों पर गंभीरता से होगा विचार

**धनीराम** शांडिल ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान व कल्याण के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। शांडिल ने कहा कि देवभूमि क्षत्रिय संगठन द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न बिंदुओं पर राज्य सरकार गंभीरता से विचार-विमर्श करेगी तथा इस बारे मुख्यमंत्री को भी अवगत करवाया जाएगा ताकि इस दिशा में कुछ निर्णायक कदम उठाए जा सकें।

## विभिन्न मांगों को लेकर मांग पत्र प्रस्तुत किया

**देवभूमि** क्षत्रिय संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रुमित सिंह ठाकुर ने अपनी विभिन्न मांगों बारे मांगपत्र प्रस्तुत किया तथा इसपर विस्तृत विचार-विमर्श करने का आग्रह किया। बैठक में सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग आशीष सिंघमार, सचिव सामान्य प्रशासन राजेश शर्मा, निदेशक ईसोमसा सुमित खिमटा सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं देवभूमि क्षत्रिय संगठन के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## भारत ने पाकिस्तान को किया एक्सपोज : विनोद

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश सचिव एवं विधायक विनोद कुमार ने कहा कि विपक्षी दल के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए युद्ध के मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया संदेश स्पष्ट नहीं था। पर हम कहना चाहते हैं कि इससे स्पष्ट संदेश विपक्ष को क्या चाहिए। जब प्रधानमंत्री ने सीधा सीधा पाकिस्तान को पूरी तरह से एक्सपोज कर दिया है।



विनोद ने कहा कि अब पाकिस्तान की जीडीपी गिर जाएगी, कृषि व्यवस्था चरमरा जाएगी, और देश संकट में डूब जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोद ने जो कहा था कि हम घुसकर मारेंगे और मिट्टी में मिला देंगे। वह आज पूरे देश ने साकार होते देखा है। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध भारत का एक संपूर्ण और निर्णायक प्रतिघात है।

सीरीज-4 ग्राउंड रिपोर्ट अनंत ज्ञान

*आज पढ़िए शिमला के समरहिल के शिव बावड़ी मंदिर की अनकही दास्तां, जिसका अस्तित्व मिट चुका है। भगवान शिव की आराधना में जुटे श्रद्धालुओं को क्या पता था कि उनके ऊपर अचानक आफत की बारिश हो जाएगी और उन्हें मौत के आगोश में सुला देगी। इसे प्रकृति का प्रकोप कहें या विकास की तर्ज पर खुद के लिए विनाश का रास्ता तैयार करना। जो होना था, वो तो हो गया लेकिन भविष्य में ऐसी त्रासदी फिर न आए इसके लिए सबको इस आफत से सबक लेना होगा।*

# शिव बावड़ी त्रासदी जख्म अभी भी हरे

## कुछ सुलझी तो कुछ उलझी हैं समस्याएं

### दो साल बाद भी शिकायतों की भरमार, लेकिन आस्था अभी भी बरकरार










ग्राउंड रिपोर्ट
सत्यदेव भारद्वाज
शिमला

**राजधानी** शिमला का ग्रीन एरिया समरहिल उस समय सुर्खियों में आ गया था, जब शिव बावड़ी नामक स्थान पर शिव मंदिर भू-स्खलन की चपेट में आ गया था। माथा टेखने आए 20 श्रद्धालु अचानक मौत की आगोश में समा गए थे। 14 अगस्त 2023 को यह ह्रदय विधायक घटना घटी थी। आसमान से आफत की बारिश बरसी और पलभर में सब कुछ तहस-नहस हो गया। शिव मंदिर का नामोनिशान तक नहीं रहा। बर्बादी के दो साल बीत गए हैं, मगर यहां पर समस्याओं के अंबार अभी भी नजर आते हैं। या यूं कहें कि शिव बावड़ी त्रासदी के जख्म अभी भी हरे हैं तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। यहां कुछ समस्याएं सुलझी जरूर हैं, तो कुछ अभी भी उलझी ही हुई हैं। आपदा के दो साल बाद भी शिकायतों की भरमार देखी गई। यहां के लोगों को इस बात का मलाल आज भी है कि अब उन्हें पुराने शिव मंदिर के दर्शन कभी नहीं होंगे। लोगों की आस्था इस पुरातन मंदिर के प्रति अभी भी बरकरार है। हालांकि, लोगों ने चंदा इक्ट्ठा करके नया मंदिर तो बना दिया है, लेकिन मन में यह कशिश अभी भी है कि पुराना मंदिर कैसे निहारेंगे? जो सुकून उन्हें वहां मिलता था वो शायद यहां न मिले, ऐसे कई सवाल उनके जहन में कौंधते रहते हैं। बावड़ी के पास शिव मंदिर फिलहाल अस्तित्व में नहीं आ पाया है। प्रॉपर चैनेलाइजेशन न होने से जमींदोज मंदिर के पास रेलवे जंक्शन से नीचे पक्के डंगों की जरूरत महसूस की जा रही है और यहां पर मौजूद कच्ची पगडंडी भी अभी लोगों को परेशान करती है। इन्हीं सभी पहलुओं पर अनंत ज्ञान ने ग्राउंड जीरो पर जाकर तफसील से पड़ताल की और यहां के लोगों से क्षेत्र की समस्याओं सहित इस पुरातन मंदिर के ऐतिहासिक पहलुओं सहित आस्था के विभिन्न विषयों पर बातचीत की।



### नगर निगम ने कुछ खास नहीं किया : विशाल



**स्थानीय** निवासी विशाल का मानना है कि नगर निगम ने इस क्षेत्र के लिए कुछ खास नहीं किया। रेलवे ने हालांकि, अपने ट्रैक को दुरुस्त जरूर किया है। बाकी नगर निगम की तरफ से बहुत कुछ करना बाकी है। उनके मुताबिक, उनकी भगवान में पूरी आस्था है। लोग इतनी बड़ी घटना घटित होने के बाद भी माथा टेकना नहीं भूलते हैं, क्योंकि भक्त भगवान से दूर नहीं रह सकता।

### स्थानीय प्रशासन समस्याओं पर दे ध्यान : सौरव



**स्थानीय** निवासी व छात्र सौरभ ने बताया कि जब यहां पर हादसा हुआ, उस वक्त उनके पिताजी भी मौजूद थे, मगर भाग्य से वह बच गए थे। समस्याएं तो बहुत हैं, मगर उसके बारे में स्थानीय नगर निगम प्रशासन ही बेहतर बता सकता है।

### स्थानीय प्रशासन ने काफी कुछ किया : मीणा



**एक** अन्य निवासी कुलदीप मीणा ने बताया कि एडवांस्ड स्टडी के पास काफी पानी इकट्ठा हुआ और तेज बारिश के साथ नीचे की तरफ आया तथा पूरे शिव मंदिर को बहा ले गया, जिससे माथा टेकने आए श्रद्धालु भी बह गए। उनके मुताबिक, उत्तर रेलवे ने ट्रैक अच्छा बना दिया है, वहां से प्रॉपर पानी की निकासी हो रही है। पहले वहां पर पानी रुक जाता था। अब ट्रैक में पानी एकत्र नहीं होता है। वह आसानी से नीचे की तरफ अपने रास्ते में बह रह रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का अंदेशा न के बराबर है। मीणा ने बताया कि मंदिर में श्रद्धालुओं का आना-जाना बराबर लगा रहता है, जो इस बात का संकेत है, कि अभी भी शिव मंदिर में लोगों की आस्था में कोई कमी नहीं आई है।

### भगवान में आस्था कम नहीं हुई : नीता



**स्थानीय** निवासी नीता का कहना है कि उनकी शिव भगवान में पूर्ण आस्था है। वह लगातार शिव मंदिर में भगवान के दर्शन को आती हैं। उन्होंने बताया कि जो भी होता है, वह भगवान की मर्जी से होता है। इस हादसे के पीछे उनकी क्या इच्छा रही होगी इसके बारे में वह नहीं बता सकती हैं।

### लगातार दर्शन को आ रहे : मनीराम



**यहां** पर मनीराम ने बताया कि वह इस हादसे के बाद लगातार शिव दर्शन को आ रहे हैं। वह अपनी आस्था पर अडिग हैं। आगे भी वह इस तरह से माथा टेकने आते रहेंगे।

### ज्येष्ठ गुजरे, फिर भी आस्था बरकरार : सोनिया



**स्थानीय** श्रद्धालु सोनिया सिंह का कहना है कि उनके परिवार से एक व्यक्ति इस हादसे का शिकार हो गए थे। वह उनके ज्येष्ठ थे इसलिए वह काफी समय तक मंदिर में नहीं आई, लेकिन फिर भी उनकी आस्था में कोई कमी नहीं आई है। बावजूद इसके अब वह फिर से नियमित रूप से मंदिर में माथा टेकने आती है।

### खुद धनराशि जुटाई, नया मंदिर बनाया : जयवंती



**स्थानीय** निवासी जयवंती ने बताया कि यह मंदिर बड़ा पुरातन है। चारों तरफ से लोग यहां पर माथा टेकने आते हैं। दो साल पहले आपदा में कई लोग हादसे के शिकार हो गए थे। सभी ने धनराशि एकत्र की है और अब नया सुंदर मंदिर बनकर तैयार है। पहले वाले पुराने मंदिर को जस का तस रखा गया है।

### घरों का निर्माण साइंटिफिक तरीके से हो :नगर नियोजन निदेशालय

*__नगर__ नियोजन निदेशालय से जानकारी दी गई है, कि वह लोगों को जागरूक कर रहे हैं, जिसमें संवेदनशील जगहों पर किसी भी तरह के कंस्ट्रक्शन की मनाही है। लोग जब भी घरों का निर्माण करें, पूरे साइंटिफिक तरीके से करने की कोशिश करें और सरकार की ओर से निर्धारित किए गए मापदंडों पर अमल करें। बाकी सरकार ने स्पष्ट गाइडलाइन जारी कर रखी है, जिसके तहत अब नक्शे पास हो रहे हैं और तय मापदंडों के तहत ही घरों के निर्माण की इजाजत दी गई है।*

## नगर निगम पूरी तरह गंभीर जल्द होंगे बचे कामों के टेंडर

**शिव** बावड़ी में एक पुरातन मंदिर था जो दो साल पहले आई आपदा में पूरी तरह ध्वस्त हो गया। जूलॉजिकल रिपोर्ट में यह साबित नहीं हुआ कि वहां पर बादल फटा था, मगर जांच में पाया गया कि एडवांस्ड स्टडी के पास पानी इकट्ठा हुआ और वहां से वह बहता हुआ रेलवे ट्रैक पर पहुंचा। रेलवे ट्रैक टूटने से वहां मौजूद पानी और मलबा नीचे की तरफ बढ़ा और पूरे शिव मंदिर को ध्वस्त कर गया, जिससे वहां मौजूद श्रद्धालु मौत के मुंह में समा गए। नगर निगम ने अपने तौर पर इसे चैनेलाइज कर दिया है। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग से बात करके हमने लोअर और अपर समरहिल के रोड को भी रिस्टोर कर दिया है। पेड़ गिरने से जो डंगे आदि गिर गए थे उन्हें फिर से लगा दिया गया है। नगर निगम की ओर से लोअर समरहिल के लिए जो रास्ता जा रहा है, उसके लिए 19 लाख स्वीकृत किए हैं। जल्द ही टेंडर लगेंगे और काम शुरू हो जाएगा। रेलवे ने अपना ट्रैक बेहतर कर दिया है। मंदिर तो अब रहा नहीं, जो यहां पर नाले का दो मीटर का स्पेस था, जिसमें बावड़ी का पानी बहता था, वह अब 8 मीटर हो गया है। नगर निगम ने प्रस्ताव लाकर इसके चैनेलाइजेशन के लिए 14 लाख का टेंडर पास किया है और रास्ता भी बना दिया गया है। उनके मुताबिक, ऊपरी एडवांस्ड स्टडी में अंग्रेजों के जमाने में 8 नाले इस तरफ और 8 नाले उस तरफ बहते थे। कंस्ट्रक्शन की वजह से इन सभी नालों का पानी मिट्टी में धंसता चला गया, जो शिव बावड़ी में बड़े हादसे का कारण बना। नगर निगम प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है और यहां पर विकासात्मक कामों को आगे बढ़ा रहे हैं। बचे हुए कामों के जल्द ही टेंडर हो जाएंगे।


वीरेंद्र ठाकुर
काउंसलर, समरहिल वार्ड

## शिव बावड़ी में पुनर्निर्माण के कार्य लगभग पूरे

**समरहिल** स्थित शिव बावड़ी के पास शिव मंदिर एरिया में पुनर्निर्माण कार्य को तेज गति से पूरा किया है। बादल फटने से जो रास्ते टूट गए थे, वह पक्के बनाए गए हैं। सड़कों को भी दुरुस्त किया गया है। डंगे वगैराह लगाने का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। ट्रैक से नीचे चैनेलाइजेशन के लिए रेलवे से संपर्क किया गया है। रेलवे ने ट्रैक के पास पक्के डंगे लगा दिए हैं, जहां से अब किसी तरह का खतरा नहीं है। अगर यहां पर कोई समस्या दिखती है, तो समरहिल के पार्षद उसे देख रहे हैं। नगर निगम की तरफ से जो भी किया जाना है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है।


उमा कौशल
डिप्टी मेयर
नगर निगम शिमला

## न्यूज ब्रीफ

### घुरकड़ी में बाबा हरदेव सिंह जी को किया याद



**अनंत ज्ञान, गगल।** संत निरंकारी भवन घुरकड़ी में मंगलवार को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और राजपिता के पावन सानिध्य से बाबा हरदेव जी महाराज जी का समर्पण दिवस मनाया गया। सत्संग में संयोजक महात्मा दीनानाथ ने बताया आज के दिन मिशन के प्रमुख बाबा हरदेव सिंह महाराज तेहरा मई 2016 को ब्रह्मलीन हो गए थे। उन्होंने अपना जीवन मानव कल्याण समर्पित कर दिया था। इसी उद्देश्य से उनकी पुण्यतिथि को हर वर्ष समर्पण दिवस के रूप में मनाया जाता है। वहीं, मानव के आध्यात्मिक एवं सामाजिक कल्याण के लिए बाबा हरदेव के विचारों जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सत्संग में हिमाचल के गायक कुमार साहिल ने सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के ऊपर रचना का व्याख्यान किया, जिससे सभी की आंखों में आंसू आ आए। सत्संग में महात्मा किशोरी, लाल मीडिया प्रभारी स्वरूप चंद, मदन नंदा सहित कई महात्माओं ने समर्पण दिवस पर ज्ञान की डुबकी लगाई।

### देश का स्वाभाविमान संगठन से ऊपर

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** डॉ. अशोक कुमार सोमल, स्वराज सत्याग्रही, लोकतांत्रिक राष्ट्र निर्माण अभियान ने कहा कि देश का स्वाभाविमान किसी भी दल या संगठन से ऊपर है और कोई राजनीतिक दल इस गलतफहमी में न रहे कि उन्हें ही इसका कॉपी राइट मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद नायक बनने की चेष्टा न करें। देश ने उन्हें 11 साल से देखा परखा है, इसलिए वे देशहित को सर्वोपरि रखें। वे केवल चुनाव को जीतने को प्राथमिकता देते हैं और हर कदम उनका इसे निगाह में रखकर ही चुनते हैं, जगजाहिर है। उन्हें अब अपना 11 साल का आकलन करना है कि उन्होंने कितना समय प्रधानमंत्री रहते हुए देश की समस्याओं को हल करने में लगाया है, कितना चुनावी भाषणों के लिए लगाया है और कितना समय संवरने और फोटोशूट में गंवाया है। प्रधानमंत्री को पल-पल का समय हर कीमत पर देश की समस्याओं को हल करने में लगाना होता है। आज देश महंगाई से त्रस्त है। बेरोजगारी से युवा बेहाल हैं। शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है।

### आंतरिक मामलों में बाहरी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं



**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ने सुदर्शन शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि मात्र अमेरिका के राष्ट्रपति के कह देने से युद्धविराम कर देना देश के लिए नौजवानों की शहादत का अपमान है। यदि युद्धविराम ही करना था तो सर्वदलीय बैठक बुलाकर सीजफायर का निर्णय लिया जाता। जब शुरुआत कर ही दी थी और पाकिस्तान भी घुटनों पर आ गया था, तो कम से कम पीओके को कब्जे में लेकर युद्धविराम करते ताकि वहां पर पनपना वाले आतंकियों पर पूर्णतया अंकुश लग जाता। उन्होंने सन 1999 में हुए कारगिल संघर्ष के दौरान मौजूदा प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की याद दिलाते हुए कहा कि तब भी अमेरिकी राष्ट्रपति ने सहायता के लिए बीच में आने की कोशिश की थी, लेकिन अटल ने फैसला लेते हुए कहा था कि यह हमारे देश का आंतरिक मामला है तथा इसमें किसी का भी हस्तक्षेप हमें मान्य नहीं है।

# गरली में बिना पंजीकरण फेरी लगाने वालों पर होगी कारवाई

## गरली पंचायत में बाहरी प्रवासियों पर कसेगा शिकंजा, ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील

**अनंत ज्ञान, गरली**

**भारत**-पाक युद्ध के बाद देशभर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बढ़ी सतर्कता का असर अब गांवों तक दिखाई देने लगा है। कांगड़ा जिले की गरली पंचायत ने अपने क्षेत्र में बाहरी राज्यों से आकर बिना अनुमति या पंजीकरण के घूमने वाले प्रवासियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए नियमों के तहत कार्रवाई करने की चेतावनी जारी की है। पंचायत प्रधान शशिलता ने कहा कि कोई भी अनजान व्यक्ति गांव में बिना सूचना के घूमता या फेरी लगाकर सामान बेचता पाया गया, तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है और स्थानीय प्रशासन तथा ग्रामीणों की जिम्मेदारी है कि वे सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि हम नहीं जान सकते है कि कौन किस भेष में और किस मकसद से आया है। आतंकी संगठनों की गतिविधियां किसी भी रूप में सामने आ सकती हैं, इसलिए सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।



गरली पंचायत की प्रधान शशिलता व अन्य महिलाएं।

### किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की तुरंत दें जानकारी

शशिलता ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी तुरंत पंचायत या नजदीकी पुलिस थाना को दें। यह भी निर्देश जारी किया है कि जो भी बाहरी व्यक्ति मजदूरी, फेरी या अन्य काम के लिए क्षेत्र में आना चाहता है, उसे पहले पंचायत में पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। बिना पंजीकरण के किसी को भी काम करने या ठहरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्थानीय ग्रामीणों ने पंचायत के इस कदम का समर्थन किया है और कहा कि यह पहल क्षेत्र की सुरक्षा और शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पंचायत ने स्थानीय दुकानदारों को भी निर्देश दिए हैं कि वे किसी बाहरी व्यक्ति से लेन-देन करने से पहले उसकी पहचान सुनिश्चित करें।

# पठानकोट-मंडी एनएच पर ट्रक खराब, लगा लंबा जाम



भाली के समीप ट्रक खराब होने के बाद पठानकोट-मंडी एनएच पर लगा जाम।

**अनंत ज्ञान, कोटला**

**पठानकोट**-मंडी एनएच पर भाली के समीप मंगलवार सुबह से ही एक ट्रक के खराब हो जाने के कारण लंबा जाम लग गया। जाम के कारण स्कूल व कॉलेजों के बच्चे लेट पहुंचे। कुछ छात्र भाली से ही वापस अपने घर के लिए आ गए।

वहीं, कई लोग ड्यूटी पर लेट पहुंचे। लोगों ने बताया कि जाम के कारण भारी परेशानी उठानी पड़ है। गर्मी व उड़ती धूल के कारण बुरा हाल हुआ। रास्ते में कोई वाहन खराब हो जाए, तो उसको निकालने के लिए रिकवरी बैन का प्रावधान होना चाहिए, लेकिन यहां कोई प्रबंध न होने से आम राहगीरों को जाम की समस्या से निपटना पड़ा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि कंपनी को उचित दिशा-निर्देश दिए जाएं, ताकि भाली में जाम की स्थिति पैदा न हो।

**स्कूल और कॉलेजों के स्टूडेंट्स पहुंचे लेट, कई घरों को लौटे**

## स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल जवाली का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

# आरशी ने 96.2 फीसदी अंक लेकर झटका पहला स्थान



सीबीएसई परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह व अन्य अध्यापक।

**अनंत ज्ञान, जवाली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 12वीं तथा 10वीं का परीक्षा परिणाम मंगलवार को को घोषित हुआ। इसमें स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूली जवाली का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इससे पूरे स्कूल में खुशी की लहर है। दसवीं कक्षा की छात्रा आरशी पुत्री कुशल कुमार ने 96.2 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया।

रिया पुत्री दिनेश चौधरी ने 93 फीसदी अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा वंशिका पुत्री फतेह सिंह ने 90.4 फीसदी अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। दसवीं के सभी छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। इसमें तीन बच्चों ने 90 फीसदी अंक, 6 बच्चों ने 80 फीसदी, 8 बच्चों ने 70 फीसदी और अन्य बच्चो ने 60 अंक हासिल किए हैं।

### 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी सराहनीय

**12वीं** का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा के सभी छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। छात्रा सृजन पुत्री गुरमीत सिंह ने मेडिकल स्ट्रीम में 77 फीसदी अंक हासिल कर प्रथम स्थान, आदर्श कोंडल पुत्र राजकुमार ने नॉन मेडिकल स्ट्रीम में 73 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया और कशिश पुत्री प्रवीण कुमार ने कॉमर्स स्ट्रीम में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा अध्यापकों को दिया। प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल, अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सर, एमडी पवन चौधरी तथा अन्य कमेटी मेंबर ने बच्चों को इस सफलता पर बधाई दी और मिठाई खिलाकर बच्चों का हर्षोल्लास बढ़ाया।

# भारत ने पाक को दिया मुंहतोड़ जवाब : शिवा

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**



**भारतीय** जनता युवा मोर्चा जयसिंहपुर के अध्यक्ष शिवा कटोच ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने केंद्र सरकार और भारतीय सेना की निर्णायक कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना की है।

उन्होंने कहा कि निर्दोष नागरिकों की हत्या के पीछे पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों का हाथ स्पष्ट है। ऐसे कायराना हमलों के जवाब में भारत ने आतंकवाद के खिलाफ बड़ा कदम उठाते हुए ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान की सीमा के भीतर घुसकर 9 प्रमुख आतंकी प्रशिक्षण शिविरों को नष्ट किया है। भारत ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

यह कार्रवाई भारतीय सेना की रणनीतिक क्षमता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ नेतृत्व का प्रत्यक्ष प्रमाण है। शिवा कटोच ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने 12 मई को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में पाकिस्तान को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि भारत अब किसी भी प्रकार के न्यूक्लियर ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सेना, वायुसेना, नौसेना, बीएसएफ और अर्धसैनिक बल पूरी तरह सतर्क हैं। उन्होंने जानकारी दी कि भाजपा की ओर से 23 मई तक 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन देशभर में किया जाएगा। इन यात्राओं का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति का संदेश फैलाना तथा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारत की सुरक्षा प्रतिबद्धता को जन-जन तक पहुंचाना है। ये यात्राएं न्यूट्रल बैनर के अंतर्गत आयोजित की जाएंगी, जिनमें सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# विजय मेमोरियल स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

**सुकृत ने 94 और अंशुमन ने हासिल किए 93.2 फीसदी अंक**

**सीबीएसई** ने दसवीं तथा 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया। इसमें विजय मेमोरियल स्कूल इंदौरा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्रों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव है। परीक्षा परिणाम 100 फीसदी रहा है। विद्यालय के सभी विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन में उत्तीर्ण हुए हैं।

स्कूल की प्रिंसिपल सोनिया शर्मा ने बताया कि 12वीं की परीक्षा में सुकृत ने 94 फीसदी, अंशुमन ने 93.2 फीसदी, वरुण ने 92. 6 फीसदी, रितिका ने 92 फीसदी, रुचिका ने 91.6 फीसदी ,आरुषि ने 90.6 फीसदी, जानवी ने 90.2 फीसदी, मोहित ने 90 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। दसवीं की कक्षा में दिया कटोच ने 96.2 फीसदी और नंदिनी ने 91 फीसदी अंक प्राप्त किए। वही, 10वीं और 12वीं में 28 बच्चों ने 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को बधाई दी है। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर इंजीनियर सचिन शर्मा ने कहा कि विजय मेमोरियल स्कूल बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए हमेशा प्रयासरत है। यह परिणाम विजय मेमोरियल स्कूल के प्रति छात्रों व शिक्षकों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी इसकी उपलब्धि के लिए स्कूल प्रशासन को शुभकामनाएं दीं।

# शहीद सूबेदार मेजर पवन कुमार को दी श्रद्धांजलि



शहीद पवन को श्रद्धांजलि देते पूर्व सैनिक सतर्कता एवं समाज कल्याण संगठन।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**पूर्व** सैनिक सतर्कता एवं समाज कल्याण संगठन हटवास (नगरोटा बगवां) की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान शहीद हुए शाहपुर निवासी पंजाब रेजिमेंट के सूबेदार मेजर पवन कुमार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े हैं। बहादुर सपूत ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है, यह देश के लिए बड़े ही गर्व की बात है।

इस ऑपरेशन में हमारे सैन्य बलों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा को पार किए बिना ही पाकिस्तान में स्थित बड़े-बड़े आतंकवादी ठिकानों और कई फौजी ठिकानों को ध्वस्त करके दुश्मन को घुटनों के बल टिका दिया है और कई आतंकवादियों को मारा है। पूर्व कैप्टन कर्म सिंह धीमान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कह दिया है कि उस पार से अगर एक गोली भी हमारी तरफ आएगी, तो जवाब में हम बड़ा गोला मारेंगे। हमारा लक्ष्य और हमारी लड़ाई केवल आतंकवाद से है, न किसी देश की सेना से।

# बालूग्लोआ में खेत में दिखी संदिग्ध वस्तु, मचा हड़कंप

**अनंत ज्ञान, देहरा**

**देहरा** की रानीताल चौकी के तहत आने वाले बालूग्लोआ गांव में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के लोगों ने एक खेत में संदिग्ध वस्तु देखी। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

रानीताल पुलिस मौके पर पहुंची और उस संदिग्ध वस्तु को कब्जे में लेकर एहतियातन क्षेत्र को सील कर दिया। इसकी जानकारी योल कैंट स्थित आर्मी को दी। पुलिस अधीक्षक देहरा मयंक चौधरी ने बताया कि यह वस्तु देखने में किसी एयरक्राफ्ट के हिस्से जैसी प्रतीत हो रही है। योल कैंट से आर्मी की टीम आकर जांच करेगी और वस्तु को अपने साथ ले जाएगी। फिलहाल, पुलिस ने पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में रखा है और आम लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में भारत-पाक के बीच तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं और पंजाब समेत सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियों में इजाफा देखा है। ऐसे में बालूग्लोआ में संदिग्ध वस्तु का मिलना चिंता का विषय बना हुआ है।

# शिक्षा बोर्ड 15 तक घोषित करेगा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं का परिणाम जल्द घोषित कर सकता है। शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि दोनों कक्षाओं के परिणामों की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और संकलन तेजी से किया जा रहा है। सभी कार्य समय पर पूरे हो जाते हैं, तो परिणाम 15 मई तक जारी कर दिए जाएंगे। इस वर्ष करीब 2.5 लाख छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षाओं में शामिल हुए थे। कक्षा 12 की परीक्षाएं मार्च में हुई थीं, जबकि 10वीं की परीक्षाएं उसके कुछ दिन बाद समाप्त हुईं।

उत्तर पुस्तिकाओं की जांच पूरी हो चुकी है और अब डिजिटल संकलन व सत्यापन का कार्य चल रहा है। इसके बाद अंतिम समीक्षा और गुणवत्ता नियंत्रण होगा, ताकि त्रुटिहीन परिणाम जारी किए जा सकें। डॉ. शर्मा ने बताया कि परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। छात्र अपने रोल नंबर के माध्यम से ऑनलाइन परिणाम देख सकेंगे। बता दें कि कक्षा 10 की परीक्षाएं 4 मार्च से 22 मार्च 2025 तक आयोजित की गई थीं, जबकि कक्षा 12 की परीक्षाएं 28 मार्च 2025 तक चली थीं। पिछले वर्ष शिक्षा बोर्ड




की ओर से 12वीं कक्षा का परिणाम 29 अप्रैल, 2024 और 10वीं कक्षा का परिणाम 7 मई, 2024 को जारी किया था। पिछले साल शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में कुल 91,130 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इनमें से 67,988 विद्यार्थी परीक्षा में सफल घोषित किए गए थे। शिक्षा बोर्ड ने छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की है, जिसमें बताया कि छात्र अपना रिजल्ट और मार्कशीट डिजिलॉकर के माध्यम से भी प्राप्त कर सकेंगे। पिछले साल बोर्ड की 12वीं परीक्षा में विज्ञान, कला और वाणिज्य सभी संकायों में लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस बार भी दोनों कक्षा के परीक्षा परिणामों में छात्र-छात्राओं के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। सरकारी व निजी दोनों दायरों के स्कूल अभी से अपना दबदबा मान कर चले हुए हैं।

# पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब : तुलसी राम

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पहलगाम में आतंकवादियों की ओर से 22 अप्रैल को किए गए कायराना हमले को लेकर भारत की तीनों सेनाओं की ओर से की गई कार्रवाई के चलते पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवादियों को अपनी जमीन खिसकती नजर आई है। इस कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चेहरा भी बेनकाब हो गया। यह बता हिमाचल लोकहित कल्याण संस्था के केंद्रीय महामंत्री तुलसी राम डोगरा ने प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की सेना ने आतंकवादियों के लांच पैड बुरी तरह से तबाह कर दिए, अपितु 100 से अधिक आतंकवादियों को भी मार गिराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से राष्ट्र के नाम संदेश में पाकिस्तान को साफ कह दिया है कि जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया है, हमने उन्हें और उनके हेडक्वार्टर्स को धराशायी कर दिया है। डोगरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से लिया गए निर्णय से डरे हुए पाकिस्तान ने युद्ध रोकने कि गुहार लगाकर अपनी जान बचाई और प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि संघर्ष को स्थगित किया है। पीएम मोदी ने पाकिस्तान को दो टूक चेतावनी देकर कहा कि भारत का मत एकदम स्पष्ट है कि आतंक और बातचीत एक साथ नहीं हो सकते। आतंक और व्यापार एक साथ नहीं हो सकत। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकता है। पाकिस्तान इतनी मार खाने के उपरांत भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ सकता, क्योंकि उसकी कथनी और करनी में काफी अंतर है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बैरघाट
विकास खण्ड सुलह (स्थित भेडू महादेव) तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बैरघाट विकास खण्ड सुलह जिला कांगड़ा (हि.प्र.) पंचायती राज (वित्त, बजट लेखे संपरीक्षा सकर्मकराधान और भते ) नियम 2002 के नियम 67(5) क तथा ख के अंतर्गत वित वर्ष 2025-26 के लिए 15वां वितायोग, मनरेगा व अन्य समस्त मदों के विकास कायों की सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित करती है अतः फार्मा / विक्रेताओं से अनुरोध है कि वह निम्नलिखित अनुसार अपनी निविदा भरकर दिनांक 20-05-2025 को सायं 3 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत बैरघाट में जमा करवाएं। निविदा डाक द्वारा भी दी जा सकती है। निविदा दिनांक 21-05-2025 को समय 12 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत बैरघाट में समिति के समक्ष खोली जाएगी, अतः निविदा धारक को निर्धारित समय व स्थान पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। अतः यह भी सूचित किया जाता है कि फर्म विक्रेता का G.S.T नंबर होना अनिवार्य है, सभी विक्रेता अपने आधार नम्बर पैन टेन की प्रति साथ में संलग्न करें, क्रय की जानी वाली सामग्री का ब्यौरा निम्न प्रकार से है- **सामग्री का विवरणः-** 1 रेता क्रशर (धुला हुआ) प्रति घन मीटर। 2.बजरी क्रशर (धुली हुई 10.20,40 प्रति घन मीटर । 3.बजरा सोलिंग क्रशर (प्रति घन मीटर ) 4. पत्थर सोलिंग (प्रति फुट ) 5. सटरिंग (स्टील टिम्बर। (प्रति वर्ग फुट) 6. ईट (अब्बल, दोयम) प्रति हजार । 7. इन्टरलोकिंग टाइल (40,60,80) प्रति टाइल फिटिंग सहित वर्ग मीटर । 8. पानी का टैंक (प्रति एक दिन रेट सहित) 9. लोकल रेता, लोकल बजरी (प्रति घन मीटर ) 10. टूटा पत्थर (प्रति हजार/प्रति सौ दर) 11. सीमेंट ढुलाई (प्रति बैग ) **शर्ते**- निविदाएं निम्न नियमों एवं शर्तों के आधार पर ही मान्य होंगी -1. फर्म विक्रेता का GST नंबर होना अनिवार्य है। 2. ओवर राइटिंग Cutting बाली निविदा मान्य नहीं होगी कम दर वाली निविदा को ही स्वीकृति दी जाएगी। 3. समय पर सामग्री उपलब्ध न होने की दशा में व् सामग्री की गुणवत्ता न होने की स्थिति में निविदा रद्द करने की शक्ति पंचायत के पास होगी उसके लिए कोई नोटिस जारी नहीं किया जाएगा। 4. निविदा धारक को बिल के साथ एम् फार्म स्लग करना होगा उसके उपरांत अदायगी की जाएगी। 5 . निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार्य होगी। जिस सप्लायर बैंडर की निविदा स्वीकार होगी उसे मुस 25000/ (पचीस हजार रूपये) धरोहर राशी पंचायत कार्यालय में जमा करवानी होगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बैरघाट**
**विकास खण्ड सुलह (स्थित भेडू महादेव) तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पटड़ीघाट विकास खण्ड गोपालपुर जिला मण्डी (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत पटड़ीघाट विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से है- **सामग्री वस्तु का नामः-** 1. क्रैशर रेत (प्रति घनमीटर) 2. क्रैशर बजरी 10,20,40एमएम (प्रति घनमीटर) 3. गोला पत्थर सोलिंग (प्रति घनमीटर) 4. तुड़वा पत्थर (प्रति घनमीटर) 5. सीमेंट किराया प्रति बैग की दर से कार्यस्थल तक/सीमेंट चढ़ाई उतराई (प्रति बैग) 6. जेसीबी कटिंग (प्रति घनमीटर) 7. शटरिंग (प्रति वर्गमीटर) 8. शटरिंग (प्रति रनिंग मीटर) 9. ईंटे- (प्रति नं.) 10. सरिया(प्रति किलो) 11. साईन बोर्ड (3x4 लिखाई सहित) 12. डस्टवीन । **नियम व शर्तेंः- 1.** अतः इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा दिनांक 14.05.2025 से 21.05.2025 तक शाम 5 बजे रजिस्टर्ड डाक द्वारा ग्राम पंचायत पटड़ीघाट में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 26.05.2025 को सुबह 11 बजे निविदा कमेटी के सामने ग्राम पंचायत पटड़ीघाट में खोली जाएंगी निविदा देने वाले के पास अपना जीएसटी नं. होना चाहिए 2. सामग्री गाड़ी में जहां तक जा सकती हैं पहुंचानी होगी। 3. पंचायत के सप्लाई आदेश पर ही सामग्री दी जाएगी। 4. यदि सामग्री में सही गुणवत्ता नहीं पाई जाती है या समय पर सप्लाई नहीं दी जाती है जिसके कारण यदि कार्य में बाधा उत्पन्न होती है जो आपूर्ति कर्ता को पंचायत द्वारा एक माह का नोटिस देने पर किसी भी समय निविदा रद्द की जा सकती है। 5. निविदा स्वीकृत या रद्द करने का अधिकार निविदा कमेटी को होगा। 6. यदि निविदा किसी व्यक्ति या फर्म को स्वीकृत होती है तो उस फर्म को निविदा मु. 50,000/-रू. धरोहर राशि के रूप में पंचायत में जमा करवाने होंगे। 7. निविदा खुलने वाली तिथि को जिस व्यक्ति या फर्म अपने दस्तावेज जैसे जीएसटी नं., टिन नं., आधार, पासबुक, की फोटो कॉपी जमा करवानी होगी। 8. सामग्री की अदायगी सरकार की राशि आने पर दी जाएगी पंचायत को बाध्य नहीं किया जाएगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत पटड़ीघाट विकास खण्ड गोपालपुर जिला मण्डी (हि.प्र.)**

## अनंत Classifieds

**व अदालत अधिशाषी दण्डाधिकारी एवम नायब तहसीलदार नगरोटा वगवां जिला कांगड़ा हि. प्र.।**
मिसल न./ना./2025 ता. दा. 28-04-2025
तारीख पेशी 08-06-2025
**मुकदमा-इनद्राज जन्म**
प्रार्थना पत्र प्रार्थीया सुदर्शना देवी पुत्री किहरु राम निवासी गांव व डाकघर मस्सल तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र. ...प्रार्थी पक्ष
**बनाम** **आम जनता**
**विषयः-** प्रार्थना पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत प्रमाण पत्र लेने बारे प्रार्थना पत्र।
**अखवारी इश्तहार बनाम आम जनता -** उपरोक्त मुकद्मा बारे प्रार्थीया सुदर्शना देवी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 गुजारा है, जिसके अनुसार प्रार्थीया सुदर्शना देवी का जन्म दिनांक 15-05-1957 को पंचायत मस्सल में हुआ था। लेकिन अज्ञानतावश प्रार्थीया सुदर्शना देवी अपनी जन्म तिथि को ग्राम पंचायत मस्सल में दर्ज नहीं करवा सकी। प्रार्थीया सुदर्शना देवी पुत्री किहरू राम अपनी जन्म तिथि को ग्राम पंचायत मस्सल में दर्ज करवाना चाहती है।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र के सन्दर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथि को ग्राम पंचायत मस्सल के रिकार्ड में दर्ज करवाने बारे कोई एतराज हो तो बह असालतन या बकालतन इस अदालत में दिनांक 08-06-2025 को दोपहर बाद 2.00 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिति मे एकतरफा कार्यावाही अमल में लाई जाकर नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद् मे कोई भी उजर या एतराज काबिल-ए समायत न होगा।
आज दिनांक 02-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय मोहर से जारी हुआ
**अधिशाषी दण्डाधिकारी एवम नायब तहसीलदार नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि. प्र.।**

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा।**
मिसल न. तह /2025(RMS)
ता. दा. 22-04-2025, ता. पेशी 9-06-2025
**अनुमान मुकदमा -** प्रार्थीया श्री मति विन्ता देवी पत्नी श्री सुभाष चन्द निवासी गांव वन्डी तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा। .....प्रार्थी पक्ष
**बनाम** **आम जनता**
....प्रत्यार्थी पक्ष
**विषयः-** प्रार्थना पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13(3) अन्तर्गत श्री मति वीना देवी की मृत्यु तिथि 22-02-1992 नगर ग्राम पंचायत पटियालकड के रिकार्ड में दर्ज करने वारे।
**अखवारी ईस्तहार-** प्रार्थीया श्री मति विन्ता देवी पत्नी श्री सुभाष चन्द निवासी गांव वन्डी तहसील धर्मशाला ने मृत्यु तिथि पंजीकरण वारे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरी नन्द की मृत्यु दिनांक 22-02-1992 को ग्राम पंचायत पटियालकड में हुई थी परन्तु किसी कारणवस सम्वधित ग्राम पंचायत के रिकार्ड में दर्ज करवा न सके। दर्ज करने का आग्रह किया है। अतः इस अदालती नोटिस अखवारी ईस्तहार द्वारा आम जनता व सगे सम्बन्धियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी को भी इस मृत्यु तिथि पंजीकरण करने बारे कोई एतराज हो तो वह स्वयं बजरिया कौंसल एतराज दिनांक 9-06-2025 अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। और नियमानुसार मृत्यु तिथि पंजीकरण के आदेश पारित कर दिए जाएगें।
आज दिनांक 7-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए ।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र.**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ।**
जसबीर सिंह पुत्र जोगिन्दर सिंह निवासी महाल व डा. कोपडा तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ...वादी
वनाम आम जनता
...प्रतिवादी (जन्म पंजीकरण )
ईश्तहार अखबार वावत आवेदन जन्म तिथी पंजीकरण ग्राम पंचायत कोपडा तहसील नूरपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.
ईश्तेहार अखवार द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी जसबीर सिंह पुत्र जोगिन्दर सिंह निवासी महाल व डा. कोपडा तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने एक प्रार्थना पत्र गुजारा है, जिसमें निवेदन किया है कि उसके पुत्र की जन्म तिथि 28-09-2019 ग्राम पंचायत कोपडा के रिकार्ड में अज्ञानतावश दर्ज न हो सकी है। अतः उसकी जन्म तिथी को ग्राम पंचायत कोपडा में दर्ज करने के आदेश पारित किये जावे ।
प्रतिवादी आम व खास जनता को इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रार्थी के आवेदन पर अपना कोई एतराज पेश करना चाहता हो, तो वह असालतना या वकालतन इस अदालत में दिनांक 28-05-2025 को पेश कर सकता हैं। एतराज पेश न होने की सूरत में आदेश जन्म तिथी पंजीकरण जारी कर दिए जाएंगे।
आज दिनांक 13-5-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ।**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगडा हि. प्र. ।**
जगदेव सिंह पुत्र मेहर सिंह निवासी महाल लगोड डा. गहीं लगोड तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ....वादी
वनाम आम जनता
....प्रतिवादी (जन्म पंजीकरण )
ईश्तहार अखवार वावत आवेदन जन्म तिथि पंजीकरण ग्राम पंचायत गहीं लगोड तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा
ईश्तेहार अखवार द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी जगदेव सिंह पुत्र मेहर सिंह निवासी महाल लगोड डा. गहीं लगोड तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने एक प्रार्थना पत्र गुजारा है, जिसमें निवेदन किया है कि उसकी जन्म तिथी 15-01-1951 ग्राम पंचायत गहीं लगोड के रिकार्ड में अज्ञानतावश दर्ज न हो सकी है। अतः उसकी जन्म तिथि को ग्राम पंचायत गहीं लगोड में दर्ज करने के आदेश पारित किये जावे ।
प्रतिवादी आम व खास जनता को इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रार्थी के आवेदन पर अपना कोई एतराज पेश करना चाहता हो, तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 28-05-2025 को पेश कर सकता हैं। एतराज पेश न होने की सूरत में आदेश जन्म तिथी पंजीकरण जारी कर दिए जाएंगे।
आज दिनांक 13-5-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ।**

# धर्मशाला में भाजपा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कल निकालेगी तिरंगा यात्रा

## लोगों को बताएंगे सेना का शौर्य व पराक्रम : विपिन परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**ऑपरेशन** सिंदूर की सफलता व पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना के शौर्य को लेकर 15 मई को धर्मशाला में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा का आयोजन सिटिजन फार नेशनल सिक्योरिटी के बैनर तले किया जाएगा, जिसमें समाज का हर वर्ग, विभिन्न एनजीओ, पूर्व सैनिक, युवा वर्ग आदि हिस्सा लेंगे।

धर्मशाला में मंगलवार को तिरंगा यात्रा को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व विधानसभा के अध्यक्ष व सुलह के विधायक विपिन परमार, विधायक पवन काजल, विधायक ठाकुर रणवीर सिंह निक्का, पूर्व विधायक अरुण कुमार मेहरा कूका, जिला कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा, प्रदेश भाजपा के मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु, मंडल अध्यक्ष बड़ोह


बैठक में उपस्थित पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक विपिन परमार व अन्य नेता।

अजीत राणा मौजूद रहे। बैठक में तय किया गया कि तिरंगा यात्रा धर्मशाला के कोतवाली पेट्रोल पंप से कचहरी चौक तक निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल भी मौजूर रहेंगे। विपिन परमार ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जो लोग घटिया मानसिकता दिखा रहे हैं, उसकी काट के लिए तिरंगा यात्रा आयोजित की जा रही है। इस यात्रा से सेना के शौर्य ओर पराक्रम के बारे में लोगों को बताया जाएगा। जनता को बताएंगे कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने कैसे अपने नागरिकों को संकट से सुरक्षित निकाला और राष्ट्रीय स्वाभिमान को मजबूत किया।

### भारतीय सेना ने अदम्य साहस दिखाया

**विपिन** ने कहा कि भारतीय सेना ने अदम्य साहस दिखाया है और प्रधानमंत्री मोदी के निर्णय के साथ मिलकर इस ऑपरेशन के परिणामस्वरूप उन आतंकवादियों का सफाया हो गया, जो भारतीय धरती और उनके ठिकानों पर हमलों के पीछे थे। भारतीय सैन्य ने सीमा पार आतंक के 9 अड्डों को ध्वस्त करने के बाद पाकिस्तान के 11 एयरबेस को तबाह कर यह बता दिया कि पाकिस्तान का हर इंच भारत की पहुंच में है। पहली बार किसी देश ने एक परमाणु शक्ति संपन्न देश के एयरफील्ड के परखच्चे उड़ा दिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अलग-थलग करने को लेकर पीएम मोदी ने 20 देशों के प्रमुखों से सीधी बात की और तमाम देशों ने भारत का समर्थन किया।

## गर्मियों में जल और बिजली आपूर्ति करें सुनिश्चित : चंद्र

**अनंत ज्ञान, जवाली।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने पीडब्लूडी विश्राम गृह जवाली में जलशक्ति विभाग एवं बिजली बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक की। गर्मियों के मौसम में जल एवं बिजली आपूर्ति की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने, निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने और चालू वित्तीय वर्ष में विकास कार्यों की प्राथमिकताओं को तय करने पर चर्चा की गई।



कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपमंडल के जवाली, नगरोटा सूरियां व कोटला क्षेत्रों में जनता को बिजली व पानी की कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल में बढ़ती मांग को देखते हुए जल व बिजली सेवाओं की नियमित निगरानी की जाए और शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए। लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए, जो टुल्लू पंप लगाकर सरकारी जल लाइनों से अवैध रूप से पानी खींचते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बिजली आपूर्ति की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों से चालू वित्त वर्ष की प्राथमिकताओं के अनुसार विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने को कहा।

## स्प्रिंग डेल भेड़ू महादेव स्कूल की अक्षरा और कनिका प्रथम

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सीबीएसई की ओर से मंगलवार को दसवीं और बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। स्प्रिंग डेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल भेड़ू महादेव के छात्रों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। दसवीं कक्षा में अक्षरा राणा ने 93.2 प्रतिशत, अभिनव ने 92.8 प्रतिशत, ज्योति राणा ने 91.2 प्रतिशत, कनिका जम्वाल ने 90 प्रतिशत प्रयुश राणा ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जमा दो कक्षा में कनिका राणा ने 90.2 प्रतिशत, शानवी राणा ने 83.2 प्रतिशत व मुस्कान ने 79.6 प्रतिशत अंक हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल की चेयरपर्सन राज राणा और प्रिंसिपल प्रिया राणा ने छात्रों को इस अभूतपूर्व सफलता के लिए बधाई दी और अच्छे भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## विवेका फाउंडेशन्ज मनसिंबल की छात्रा शिवांशी ने झटके 97 फीसदी अंक

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विवेका फाउंडेशन्ज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के स्टूडेंट्स ने सीबीएसई के 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया है। शिवांशी ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उदय कटोच ने 85 प्रतिशत व सोनल, निहारिका और अरमान ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। शिवांशी ने अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान और कंप्यूटर विज्ञान में 98 प्रतिशत अंक, भूगोल में 95 प्रतिशत और मनोविज्ञान में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। निहारिका ने अंग्रेजी में 94 और मनोविज्ञान में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। नंदिनी ने अंग्रेजी में 93 प्रतिशत और राजनीति विज्ञान में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि युवल ने अंग्रेजी में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए एवं सूर्योश कटोच ने अंग्रेजी में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आर्यन वालिया ने संगीत गायन में 97 प्रतिशत और कंप्यूटर विज्ञान में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। केशव ने संगीत गायन में 93 प्रतिशत अंक और सोनल ने जीव विज्ञान में 99 प्रतिशत अंकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन कमेटी ने सभी विद्यार्थियों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी।

### हैप्पी बर्थडे


सिहोटू की वृत्ति को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


गगल के श्रेयांश को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएवी स्कूल नगरोटा सूरियां के होनहार छाए

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** डीएवी स्कूल नगरोटा सूरियां के बाहरवीं कक्षा का सीबीएसई का परीक्षा परिणाम में बेहतर रहा। आदित्य धीमान ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर के प्रथम स्थान प्राप्त किया। वंशिका परमार ने 92.2 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान, सक्षम सिंह गुलेरिया व अनन्या गुलेरिया ने 86-86 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान व मृदुल भूरिया ने 83.2 प्रतिशत अंक लेकर चौथा स्थान हासिल किया। इसके अलावा सात बच्चों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक लेकर व आठ बच्चों ने 70 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। अन्य बच्चों ने 60 प्रतिशत से ज्यादा अंक लेकर पास हुए हैं। प्रधानाचार्य शेखर मोदगिल ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

### सुरक्षा स्वयंसेवकों के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपनिदेशक माई भारत कार्यालय ध्रुव डोगरा ने बताया कि माई भारत, युवा मामले और खेल मंत्रालय देशभर के युवाओं को माई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन के लिए सक्रिय रूप से प्रेरित कर रहा है। यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवा नागरिकों को राष्ट्रीय हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के एक ठोस प्रयास का हिस्सा है, खासकर आपात स्थितियों और संकट के दौरान। इस पहल का उद्देश्य एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित, उत्तरदायी और लचीला स्वयंसेवी बल तैयार करना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित स्थितियों के समय नागरिक प्रशासन की सहायता कर सके। उन्होंने युवा नागरिकों से अपील की कि वे आगे आएं और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण करें।

### गैलेक्सी स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत



**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां का दसवीं और बारहवीं की सीबीएसई परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा में नितिन ने पहला, अंजली ने दूसरा और अनु वाला तृतीय स्थान हासिल किया। दसवीं में तृतीय स्थान पर इप्शिता, द्वितीय स्थान पर समृद्धि और प्रथम स्थान भारती ने हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक निदेशक, निर्देशिका और प्रधानाचार्य ने छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों को उनके अथक परिश्रम और प्रयासों के लिए बधाई तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### परमार्थ स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** परमार्थ विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड के 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन किया। 12वीं कक्षा नॉन मेडिकल के छात्रों निखिल कुमार एवं मानस भट्टनागर ने 93 फीसदी, मेडिकल की अन्नया ने 87 फीसदी, नॉन मेडिकल के आदित्य ने 83 फीसदी, मेडिकल की प्रकृति आचार्य ने 83 फीसदी तथा कॉमर्स की श्रुति पराशर ने 83 फीसदी अंक हासिल किए। वहीं, दसवीं कक्षा के 10 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। केशव कुमार ने 95 फीसदी प्राप्त करके प्रथम , शुभम यादव ने 94 फीसदी अंकर लेकर द्वितीय तथा खुशी त्यागी और मयंक ने 92 फीसदी अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। निदेशिका एवं राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने बच्चों को बधाई दी।

## टांडा में मरीजों से डिस्पेंसरी कर्मी कर रहे अभद्र व्यवहार

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

**टांडा** मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी व डिस्पेंसरी में मरीजों व तमीरदारों को कर्मचारियों की बदसलूकी का शिकार होना पड़ रहा है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से लाइनें लगने को लेकर खबर छापी थी, जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए टांडा प्रशासन ने व्यवस्था तो कर दी, लेकिन कर्मचारिगों को निर्देश देना अस्पताल प्रशासन भूल गया।



मरीज जब दवाई लेने व समझने के लिए डिस्पेंसरी में कर्मचारियों से पूछते हैं, तो वे अभद्र व्यवहार करते हैं। वहीं, रोगियों को दवाई उपलब्ध न होने के बारे में कहा जाता है। एक तरफ तो प्रदेश सरकार उचित स्वास्थ्य सुविधाएं देने की बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर रही है, लेकिन टांडा अस्पताल में फैली अव्यवस्था को देखकर हर कोई सरकार को कोसता है। ऐसे में यहां आने मरीजों को थक हारकर मायूस वापस लौटना पड़ता हैं। (अनंत ज्ञान)

### अभद्र व्यवहार करने पर होगी कार्रवाई : डॉ. विवेक

**टांडा** अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विवेक बनियाल ने कहा कि अस्पताल में आने वाले किसी भी रोगी विशेष तौर पर वरिष्ठ नागरिकों के साथ किसी भी कर्मचारी को अभद्र व्यवहार करने की अनुमति नही हैं। किसी भी कर्मचारी ने अभद्र व्यवहार किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगा। दवाइयों के न उपलब्ध होने को लेकर संबंधित स्टाफ को बुलाकर पूछताछ की जाएगी। भविष्य में रोगियों के साथ ऐसा न हो, उसके लिए समस्त स्टाफ को निर्देश जारी कर दिए जाएंगे।

## धर्मशाला जेल में बंद ड्रग पेडलर के माता-पिता गिरफ्तार

### कांगड़ा पुलिस ने घर में छापेमारी कर बरामद किया 5.65 ग्राम चिट्टा


कांगड़ा पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार ड्रग पेडलर रोली के माता-पिता।

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**कांगड़ा** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर धर्मशाला जेल में बंद ड्रग पेडलर रोली के घर पर छापेमारी कर 5.65 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने रोली के पिता विक्रम और माता काबू देवी को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी अंकित शर्मा ने बताया कि रोली पहले से ही धर्मशाला केंद्रीय जेल में जेल की सजा काट रहा है, लेकिन सूचना मिली थी कि उसके माता-पिता अभी भी अवैध पदार्थों की बिक्री में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कांगड़ा पुलिस स्टेशन की टीम ने मंगलवार को रोली के घर पर छापा मारा और चिट्टा बरामद किया। उन्होंने बताया कि रोली पिछले पांच महीनों से जेल में है और अब उसके माता-पिता भी जेल की सजा का सामना करेंगे। आरोपी दंपती को जल्द ही अदालत में पेश किया जाएगा। कांगड़ा पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के प्रयासों को बल मिला है। पुलिस आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रखेगी।

### कांगड़ा मंदिर बाजार में चोरी मामले में दूसरा आरोपी किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



कांगड़ा पुलिस ने मंदिर बाजार चोरी मामले में दूसरे आरोपी नितेश बेहाल को गिरफ्तार कर लिया है, जो लंबे समय से फरार था। पुलिस ने इससे पहले आरोपी अब्बु को अमृतसर से गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला कि नितेश बेहाल और अब्बु ने मिलकर इस चोरी की योजना बनाई थी और अपने ही घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। नितेश बेहाल एक नशेड़ी है और जमानत पर बाहर आया था। जेल से बाहर आने के बाद चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया था। कांगड़ा पुलिस टीम ने उसकी तलाश शुरू की और उसे कांगड़ा से ही गिरफ्तार कर लिया, जब वह अपने एक दोस्त से मिलने आया था। डीएसपी ने बताया कि 30 वर्षीय नितेश बेहाल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## न्यायाधीश संजय करोल ने चामुंडा मंदिर में टेका माथा


चामुंडा श्री नंदिकेश्वर धाम में विधिवत पूजा करते सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीश संजय करोल।

**अनंत ज्ञान, चामुंडा**

**सर्वोच्च** न्यायालय के न्यायाधीश संजय करोल ने मंगलवार को चामुंडा नंदिकेश्वर धाम मंदिर में पूजा-अर्चना की और नंदिकेश्वर का आशीर्वाद लिया। पुजारी ओम प्रकाश ने उन्हें सिरोपा भेंट किया। इस अवसर पर मंदिर अधिकारी राकेश कुमार, पुलिस चौकी प्रभारी भागमल मौजूद रहे। श्री नंदिकेश्वर में पुजारी वावी गोस्वामी ने पूजा करवाई।

## जंगलों को आग से बचाने के लिए पंचायत प्रतिनिधि करें सहयोग : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बेरवा ने गर्मी में वनों को आग से बचाने के लिए पंचायत प्रधानों को अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने आगजनी से जंगलों को बचाने में अपना सहयोग सुनिश्चित करने के लिए कहा है, ताकि बहुमूल्य जान-माल की सुरक्षा की जा सके। उन्होंने वन क्षेत्र के आसपास लगते ग्रामीणों से आग्रह किया कि आग लगने की सूचना तुरंत वन विभाग व अग्निशमन विभाग को दें, ताकि समय रहते आग पर काबू पाया जा सके। उन्होंने कहा कि वनों की आग से केवल पेड़ों को ही नहीं, बल्कि वन्य जीवों को भी भारी नुकसान होता है। आग लगने से अनेक छोटे-बड़े जीव-जंतुओं की अकाल मृत्यु हो जाती है और उनका प्राकृतिक आवास नष्ट हो जाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे फील्ड स्तर पर सजग रहें और आग लगने व अन्य अप्रिय घटना की सूचना मिलते ही तुरंत प्रभावी कदम उठाएं।

## रासायनिक खेती से भूमि और पर्यावरण प्रभावित: डॉ. नवीन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**चौधरी** सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के जैविक कृषि एवं प्राकृतिक खेती विभाग में मंगलवार को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण में कांगड़ा जिले के बैजनाथ, भेड़ू महादेव, धर्मशाला, लंबा गांव, बड़ोह, भवारना और अन्य ब्लॉकों से 32 कृषि सखियां एवं कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन (सीआरपी) भाग ले रही हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. नवीन कुमार ने की। उन्होंने बताया कि रासायनिक कृषि पद्धतियों के अनियंत्रित उपयोग से न केवल कृषि भूमि और पर्यावरण प्रभावित हुआ है, बल्कि खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ा है। उन्होंने 'कैंसर ट्रेन' का उदाहरण देते हुए लोगों को रसायनयुक्त खाद्य पदार्थों और जंक फूड से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ स्थानीय किसानों को वैज्ञानिक परामर्श देने के लिए ग्राम स्तर पर प्रशिक्षित कृषि सलाहकार तैयार करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।

### प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियां प्राकृतिक खेती के लिए अनुकूल

**प्रसार** शिक्षा निदेशक डॉ. विनोद शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों को प्राकृतिक खेती के लिए अनुकूल बताया और कहा कि राज्य की अधिकांश पंचायतें अब इस अभियान से जुड़ चुकी हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को प्राकृतिक खेती से संबंधित परियोजनाएं, प्रमाणीकरण और बाजारीकरण प्रक्रियाएं समझने और अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम निदेशक एवं नोडल अधिकारी डॉ. जनार्दन सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय देश के 14 अग्रणी प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण केंद्रों में से एक है।

**कवायद** प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में कमी, होटल व्यापारियों को शुरुआती दौर में लगा करारा झटका

# पर्यटन उद्योग प्रभावित, आकर्षक पैकेज देने की तैयारी में निगम

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान खास खबर

**हिमाचल** प्रदेश में इस बार पर्यटकों की संख्या में कमी के कारण पर्यटन उद्योग प्रभावित होना शुरू हो गया है। वहीं, पर्यटन निगम ने पर्यटकों का रुख हिमाचल की तरफ करने के लिए आकर्षक पैकेज जारी करने की तैयारी कर ली है। जानकारी के अनुसार, पर्यटन निगम की ओर से इस माह हिमाचल में आने वाले सैलानियों के लिए आकर्षक पैकेज की घोषणा की जा सकती है, ताकि हिमाचल में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा दिया जा सके।

मौसम के बदलते मिजाज के कारण इस पर्यटन सीजन में पर्यटन उद्योग प्रभावित हुआ है। वहीं, इस बार धर्मशाला में आईपीएल मैचों की कड़ी बीच में टूटने के कारण भी पर्यटन उद्योग से जुड़े व्यापारियों को पहले ही सीजन के शुरुआती दौर में करारा झटका लगा है। हिमाचल के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में गिरावट आने की वजह से पर्यटन उद्योग भी खासा प्रभावित हुआ है। गत वर्ष हिमाचल में पर्यटन उद्योग को कायम रखने के लिए पर्यटन निगम की ओर से सैलानियों के लिए दो आकर्षक पैकेज जारी किए गए थे। पहले पैकेज में होटलों में ठहरने पर सैलानियों को 50 फीसदी डिस्काउंट तथा तय टैरिफ के मुकाबले सैलानियों को आधी कीमत पर कमरे देने की बात कही थी। टूरिस्ट सीजन शुरू होने से पहले निगम ने सैलानियों को सौगात दी गई थी।

हालांकि, यह पैकेज चुनिंदा होटलों के लिए ही जारी किया गया था। निगम के नालदेहरा, चंडी, नारकंडा, सराहन, रामपुर, रोहड़ू, खड़ापत्थर, चायल, राजगढ़, रेणुकाजी, कुल्लू, हिडिंबा, रोहतांग, मनाली, जोगिंद्रनगर, पालमपुर, डलहौजी, खजियार, चंबा, कल्पा, फागू तथा धर्मशाला स्थित होटलों में छूट दी गई थी। (अनंत ज्ञान)

### धर्मशाला होटल एसोसिएशन ने की है 50 फीसदी डिस्काउंट की घोषणा

**निगम** की ओर से दूसरा पैकेज भी जारी किया था, जिसमें निगम के सभी होटलों में दो दिन के किराये में तीन दिन ठहरने की छूट दी गई थी। निगम के होटल में अतिथितय टैरिफ पर दो दिन ठहरने के बाद तीसरे दिन मुफ्त रहने की बात कही गई थी। इसके साथ ही निगम की ओर से पचास फीसदी डिस्काउंट का स्पेशल पैकेज लांच किया था। पर्यटन विभाग ने इस वर्ष भी सैलानियों के लिए इसी प्रकार के आकर्षक पैकेज जारी करने की तैयारी कर ली है, ताकि पर्यटन सीजन से पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिल सके। निगम की ओर से आकर्षक पैकेज की घोषणा अगले बरसात से पूर्व की जा सकती है। वहीं, दूसरी ओर होटल व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों की ओर से भी पर्यटकों को अपने होटलों में आकर्षित करने के लिए कम कीमतों पर कमरों की बुकिंग शुरू कर दी है। धर्मशाला होटल एसोसिएशन ने पहले ही पर्यटकों के लिए होटलों, गेस्ट हाउस व होमस्टे में 50 प्रतिशत डिस्काउंट की घोषणा कर रखी हैं।



**पर्यटकों** को आकर्षित करने के लिए अगले माह आकर्षक पैकेज की घोषणा की जा सकती है।



पर्यटन क्षेत्रों में पर्यटकों की सुविधाओं के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि इस वर्ष प्रदेश में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा दिया जा सके। दूसरे राज्यों की तुलना में प्रदेश का मौसम पर्यटकों को आकर्षित करने वाला बना हुआ है, जिसका लाभ आने वाले दिनों में पर्यटन उद्योग से जुड़े व्यापारियों को मिल सकता है।

**-विनय धीमान, उपनिदेशक, पर्यटन निगम।**

## लेखन प्रतियोगिता के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला स्तरीय विचार अभिव्यक्ति प्रतियोगिता (लेखन) का 18 से 20 मई तक आयोजन करवाया जाएगा। इस प्रतियोगिता में थीम वर्ष 2048 के लिए स्पोर्ट्स विजन फॉर हिमाचल प्रदेश है।

प्रतियोगिता के विषय 18 मई को ही साझा किए जाएंगे। जिला युवाएं खेल सेवा अधिकारी सन्नी कुमार ने कहा कि सभी प्रतिभागियों को अपना विषय हिंदी, अंग्रेजी में लिखना होगा और पीडीएफ फाइल बनाकर कार्यालय को ई-मेल के माध्यम से भेजना होगा। इन निबंधों में से कुल 5 प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता स्टेज-2 के लिए चयनित किया जाएगा। तदोपरांत राज्य स्तर स्टेज-2 प्रतियोगिता में कुल 60 प्रतिभागियों को अवसर मिलेगा, जिसमें प्रथम, दूसरे व तृतीय स्थान पर रहने वालों को क्रमशः 8000, 5000, 3000 और चौथे से 10वें प्रतिभागी को प्रति 1000 रुपए देकर सम्मानित किया जाएगा। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कांगड़ा जिले के 15 से 25 वर्ष के युवाओं को आमंत्रित किया है।

## सीयू में जल्द होगी देवर्षि नारद पीठ की स्थापना : प्रो. बंसल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता, जनसंचार एवं नव मीडिया स्कूल तथा विश्व संवाद केंद्र शिमला के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के सभागार में देवर्षि नारद जयंती का आयोजन किया गया।

नव मिडिया स्कूल की अधिष्ठाता व अध्यक्ष डॉ. अर्चना कटोच ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र कुमार रहे और मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल मौजूद रहे। बंसल ने कहा कि शीघ्र ही विश्वविद्यालय में देवर्षि नारद पीठ की स्थापना की जाएगी, ताकि संचार की दृष्टि से नारद साहित्य पर और अधिक शोध व अध्ययन हो सके। वहीं, मुख्य वक्ता नरेंद्र कुमार ने विश्व संवाद केंद्र तथा देवर्षि नारद जयंती समारोह प्रारंभ करने की यात्रा का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि शुरू में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन समय के साथ अब यह कार्य आसान हो गया है। अब देवर्षि नारद जयंती मनाने का कार्य विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के मीडिया विभागों व विभिन्न मीडिया संगठन भी स्वतः ही करने लगे हैं, जो संतोष का विषय है। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल की ओर से विश्वविद्यालय में देवर्षि नारद पीठ स्थापित करने की घोषणा को सराहा। वहीं, विश्व संवाद केंद्र शिमला के अध्यक्ष राजेश बंसल ने विश्व संवाद केंद्र का परिचय, स्थापना का उद्देश्य, अब तक की यात्रा व देवर्षि नारद जयंती मनाए जाने के औचित्य के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार, परिसर निदेशक प्रो. रोशन लाल शर्मा, विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय विषयों के प्रभारी प्रो संदीप कुलश्रेष्ठ, समाज सेवक भूषण रैना, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रद्धा वर्मा ने हासिल किया प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** सीबीएसई के बारहवीं के नतीजे मंगलवार को घोषित किए गए। नतीजों में आर्यन पब्लिक स्कूल सुन्नी के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। बारहवीं के विज्ञान संकाय में श्रद्धा वर्मा ने 500 में से 470 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि विजय कुमार ने 466 अंक प्राप्त कर द्वितीय व मन्नत ने 422 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रशांत पंवर ने बताया कि 33 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें 26 विद्यार्थी विज्ञान संकाय व 7 विद्यार्थी वाणिज्य संकाय में उत्तीर्ण हुए और विद्यालय के बारहवीं कक्षा का परिणाम सौ फीसदी रहा। उन्होंने परीक्षा में उत्तीर्ण हुए समस्त विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई भी दी।

### सुन्नी में स्कूल से गैस सिलेंडर चोरी

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** सुन्नी में चोरों ने स्कूल में सेंध लगाकर गैस सिलेंडर उड़ा लिए। शिक्षा खंड सुन्नी के अंतर्गत प्राथमिक पाठशाला नड्डखर एवं डडेवग में सिलेंडर चोरी होने का मामला सामने आया है। प्राथमिक पाठशाला नड्डखर के मुख्य शिक्षक ओम प्रकाश ने बताया कि मंगवार सुबह जब वह स्कूल पंहुचा तो मेन गेट सहित स्कूल की पाकशाला के कमरे का भी ताला टूटा पाया गया। इसकी सूचना उप प्रधान एवं स्थानीय निवासी राजीव कंवर व सीएचटी बसंतपुर को दी गई। मौके पर पुलिस को बुलाया गया। उन्होंने बताया कि उक्त स्कूल में पहले भी कई बार सिलेंडर चोरी हो चुका है। हर बार चोरों के निशाने पर सिलेंडर ही होता है। वहीं उक्त स्कूल से लगभग दो किमी की दूरी पर एक अन्य विद्यालय डडेवग में भी अध्यापकों ने सिलेंडर चोरी पाया गया। जानकारों के अनुसार बेरोजगारी एवं गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमतें सिलेंडर चोरी होने का कारण हो सकता है। बहरहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। फिलवक्त अभी एफआईआर इस मामले में होनी शेष है।

### संजीवनी सहारा समिति ने की आर्थिक मदद

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय संजीवनी सहारा समिति ने एक सराहनीय पहल करते हुए रोहड़ू की एक जरूरतमंद महिला की बेटी की शिक्षा के लिए 10 हजार रुपये से आर्थिक मदद की है। महिला ने बताया कि उसकी बेटी रोहड़ू के निजी स्कूल में दसवीं कक्षा में पढ़ती थी और परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अब उसका दाखिला एक सरकारी स्कूल में करवाना चाहती है। महिला ने बताया कि घर की आर्थिक हालत ठीक नंही होने के कारण वह स्कूल में फीस जमा नहीं करवा पाई! जिसके कारण स्कूल के अध्यक्ष ने विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र देने से इंकार कर लिया। यह धन राशि छात्रा की स्कूल फीस जमा करने के लिए दी गई है। समिति के अध्यक्ष गोपाल चौहान ने बताया कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और आर्थिक तंगी के कारण किसी भी बच्चे की पढ़ाई बाधित न हो! जिसके लिए समिति हरसंभव मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी समिति ऐसे जरूरतमंद परिवारों की आर्थिक मदद करती रहेगी। स्थानीय लोंगों ने समिति की इस पहल की सराहना की है और इसे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष हरविंदर वालिया, प्रेस सचिव रविंदर शर्मा, कार्यकारी राजेश चौहान, प्रीतम ब्राक्टा, रामेश्वर कश्यप व बिट्टू सुमन मौजूद रहे।

### सुन्नी में डांसिंग व सिंगिंग ऑडिशन 18 को

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** ग्रोवर प्रोडक्शन हाउस शिमला द्वारा सुन्नी में रिदम एंड फ्लो कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रोडक्शन हाउस की कॉर्डिनेटर सीमा सोनी ने बताया कि 18 मई को सुन्नी स्थित रैन बसेरा में डांसिंग, सिंगिंग, योगा और ड्राइंग ऑडिशन करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रोडक्शन हाउस का मकसद बच्चों को प्रदेश और अन्य राज्यों में मंच दिलाना भी मंच दिलाना है। उन्होंने बताया कि प्रोडक्ट हाउस पिछले कई वर्षो से बच्चों को नेशनल और इंटरनेशनल स्तर का मंच प्रदान करवाया है और साथ ही प्रोडक्शन हाउस के चयनित बच्चों द्वारा टीवी रियलिटी शो में भी अपना हुनर दिखाया है। उन्होंने कहा कि ऑडिशन के दिन प्रोडक्शन हाउस की एमडी मीतू ग्रोवर भी मौजूद रहेगी व करसोग के जाने माने मेहर डांस फिटनेस जोन के मेहर ऋतिक बतौर निर्णायक की भूमिका निभाएंगे।

# शराब ठेके के विरोध में खोला मोर्चा

## पीरन पंचायत के वार्ड धाली बागड़ा की महिलाओं ने नारे लगाकर निकाली रोष रैली

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

**मशोबरा** ब्लॉक की अंतिम छोर की पंचायत पीरन के वार्ड धाली बागड़ा की महिलाओं ने अवैध रूप से शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पीरन पंचायत में अवैध शराब के ठेके बंद करने बारे हाथ में बैनर उठा कर महिलाओं ने नारे लगाकर रोष प्रकट किया और सरकार से पंचायत में अवैध रूप से चल रहे शराब ठेकों को बंद करने की मांग की।

महिला मंडल और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने बताया कि पीरन पंचायत में अवैध शराब का धंधा काफी फल-फूल रहा है, जिससे विशेषकर युवाओं का भविष्य अंधकारमय बन गया है। इसके अतिरिक्त मदिरा के कारण अनेक घर बर्बाद होने की कागार पर पहुंच गए हैं और महिलाओं को सांय काल के उपरांत अकेले चलने में भय महसूस हो रहा है। इस मौके पर पीरन पंचायत की प्रधान किरण शर्मा ने बताया कि अनेक बार पुलिस चौकी जुन्गा में उनके द्वारा शिकायत की गई थी, परंतु पुलिस द्वारा आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्रधान ने महिलाओं को आश्वासन देते हुए कहा कि इस गंभीर समस्या बारे पुलिस के उच्चाधिकारियों के साथ मामला उठाया जाएगा ताकि शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लग सके। इससे पहले महिलाओं ने बीते दिनों पहलगाम पर हुए आतंकी हमलों बारे पाकिस्तान के इस कृत्य बारे कड़ी भर्त्सना की और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

महिलाओं ने भारतीय सेना के जवानों की बहादुरी, शौर्य व साहस की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने तीन दिन में ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाक सेना व आतंकवादियों के छक्के छुड़ा दिए थे।



### इन्होंने लिया भाग

**इस** कार्यक्रम में महिला मंडल धाली बागड़ा की कांता देवी, सुनिता राणा, पूनम ठाकुर, प्रिया देवी, अनु, आशा, शीतला, सुंनिता, गीता, सरजू देवी, कांता देवी, संतोष, प्रेमलता सहित अन्य महिला मंडलों व स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लिया।

# दुर्गा माता और नरसिंह देवता मंदिर खरशाली में चोरी करते पकड़ा युवक

**दशमी रावत, रोहड़ू**

**दुर्गा** माता मंदिर व नरसिंह देवता मंदिर (खोपटूवाडी) खरशाली में मंदिर कमेटी एवं स्थानीय लोगों ने सिरमौर के राजगढ़ निवासी एक युवक को चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। उसके बाद उसे पुलिस के हवाले किया गया। पुलिस के सामने युवक ने चोरी की वारदात के कई राज खोले है।

महेंद्र सिंह निवासी गांव जडकोट तहसील चिडगांव की शिकायत पर पुलिस थाना चिडगांव में मामला दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार दुर्गा माता मंदिर समिति खरशाली के अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि दुर्गा माता मंदिर खरशाली में करीब 17-18 मार्च व 13-14 अप्रैल व 21-22 अप्रैल को मंदिर के दानपात्र को तोड़कर करीब 60 हजार रुपए चोरी कर लिए गए हैं।

वहीं 3 मई को भी गांव खोपटूवाड़ी स्थित दुर्गा माता मंदिर एवं नरसिंह मंदिर से किसी व्यक्ति द्वारा दानपात्र से करीब 10 हजार रुपए चोरी कर लिए गए हैं। 3 मई को लंगर के

**मंदिर समिति व स्थानीय लोगों ने किया पुलिस के हवाले**

लिए रखे 25 हजार रुपए नकद, पीतल व तांबे के बने दो बर्तन और नरसिंह देवता की एक अष्टधातु की मूर्ति मंदिर से चोरी हो गई। 11 व 12 मई को उन्होंने एक व्यक्ति रविंद्र कुमार (24) गांव नेरबाग तहसील राजगढ़ को दुर्गा माता मंदिर खरशाली के गर्भगृह में प्रवेश करते हुए पाया। जिसे मंदिर समिति के सदस्यों व स्थानीय लोगों की मदद से मंदिर के अंदर से पकड़ लिया। पुलिस को पूछताछ में उसने कबूल किया है कि उसने मार्च, अप्रैल और मई के महीने में दुर्गा माता मंदिर व नर सिंह देवता मंदिर खरशाली में रखे दानपात्रों को तोड़कर नकदी चोरी की थी। वहीं मंदिर से तांबे व पीतल के बर्तन चुराए हैं। नर सिंह देवता की अष्टधातु की मूर्ति को गुम्मा स्कूल के ऊपर फोर वे प्रोजेक्ट के पास जंगल में छिपाया था। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की। (अनंत ज्ञान)

# परीक्षा देने जा रहे कार्यकर्ता पर किया जानलेवा हमला : एबीवीपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई मंत्री आशीष शर्मा ने बताया कि आज जब विद्यार्थी परिषद का एक कार्यकर्ता अपनी परीक्षा देने के लिए गया तब वहां एसएफआई के दो गुंडों द्वारा बैट व रोड से उस पर जानलेवा हमला किया गया, जिसमें विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता को भारी चोट आई है। जख्मी छात्र का इलाज़ दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल रिपन में चल रहा है।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थी परिषद हमेशा से विश्वविद्यालय में पढ़ाई के माहौल को बनाए रखने के लिए काम करती आई है परंतु आए दिन एसएफआई के गुंडों विश्वविद्यालय में शिक्षा का माहौल खराब करने का काम करते हैं। वह कभी विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट तो कभी आम छात्र के साथ मारपीट करते दिखाई पड़ते हैं। जिसका विरोध करते हुए आज विद्यार्थी

**एसएफआई की गुंडागर्दी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन**

परिषद ने चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर एवं प्रति कुलपति को ज्ञापन सौंपा एवं ऐसे शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

इकाई मंत्री आशीष शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में सिक्योरिटी फोर्स न होने के कारण इन गुंडो के हौसले बुलंद हो गए हैं। इतिहास भी इस बात का गवाह है की इस संगठन द्वारा पहले भी खूनी हमले विश्वविद्यालय के अंदर किए गए हैं जिसमें तीन कत्ल भी इस संगठन के गुंडो द्वारा किए गए हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रशासन से मांग करती है की विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए सुरक्षा बल तैनात किया जाए। एवं ऐसे शिक्षा का माहौल खराब करने वाले संगठन के ऊपर प्रतिबंध लगाया जाए। ताकि विश्वविद्यालय में शिक्षा का माहौल बना रहे।

### धमवाड़ी में एचआरटीसी चालक के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** चिड़गांव से तांगनू रुट पर जा रहे एचआरटीसी चालक के साथ धमवाड़ी में स्थानीय व्यक्ति द्वारा मारपीट की गई व वर्दी के बटन तोड़ दिए गए। बस चालक कर्म चंद (33) निवासी गांव बानी पांडता तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर (एचपी 10ए-7931) रोहड़ू डिपो में चालक के रूप में सेवाएं दे रहा है। चालक की शिकायत पर पुलिस थाना चिड़गांव में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 12 मई को दोपहर करीब 2:30 बजे, जब वह चिड़गांव से तांगनू मार्ग पर ड्यूटी पर था, तो एक व्यक्ति धमवाड़ी में अपने वाहन को धोते हुए पाया गया। जिसने सड़क को बाधित कर दिया। जब उसे वाहन हटाने के लिए कहा तो उसने बस चालक के साथ बहस की और मारपीट की। उसकी वर्दी के बटन तोड़कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया और उसे धमकियां दी। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि मामले की जांच की जा रही है।

# पूरे प्रदेश में आज से चलेगी तिरंगा यात्रा : बिहारी

## प्रदेश भाजपा महामंत्री बोले- जिला स्तर पर 4 बड़े कार्यक्रम होंगे आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**भाजपा** प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने प्रदेश में होने जा रही तिरंगा यात्रा का शेड्यूल जारी किया यह यात्रा पूरे प्रदेश में होने का रही है। तिरंगा यात्रा एक सामाजिक कार्यक्रम रहेगा जिसमें समाज के सभी वर्ग बढ़-चढ़कर भाग लेने जा रहे हैं और इस यात्रा के माध्यम से भारत की सेवा, जिसने वीरता के साथ पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध लड़ा और पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया उस सेवा को सेल्यूट किया जाएगा। यह सभी कार्यक्रम सिटीजन फॉर नेशनल सिक्योरिटी संस्थान द्वारा चलाए जाएंगे।



बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि तिरंगा यात्रा 14 मई से 23 मई तक पूरे प्रदेश में चलेगी। 4 कार्यक्रम बड़े होंगे जो कि जिला स्तर पर आयोजित किए जाएंगे, इसके अंतर्गत 35 मंडल कार्य करेंगे और 33 मंडल अलग से तिरंगा यात्रा निकलेंगे।

### 33 मंडलों की तिरंगा यात्रा का शेड्यूल

**बिहारी** लाल शर्मा ने बताया कि 18 मई को अर्की, पांवटा साहिब, ऊना, डलहौजी और मनाली। 19 मई को सोलन, कुल्लू, कुटलैहड़, जसवां परागपुर, पच्छाद और चंबा। 20 मई को दून, नाहन, देहरा, बिलासपुर और बंजर। 21 मई को नालागढ़, हरोली, घुमारवीं, ज्वालामुखी, चुरहा और किन्नौर। 22 मई को कसौली, चिंतपूर्णी, नैनादेवी, आनी, भटियात और 23 मई को शिलाई, रेणुका जी, गगरेट, झंडूता, भरमौर और लाहौल स्पीति। इन मंडलों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

### भाजपा करेगी तिरंगा यात्रा में सहयोग

**भाजपा** प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि तिरंगा यात्रा में भाजपा सहयोग करेगी और यह कार्यक्रम सिटिजन फॉर नेशनल सिक्योरिटी संस्थान द्वारा आयोजित किए जाएंगे, इस कार्यक्रम में विशेष कर सभी सामाजिक संस्थान बढ़-चढ़कर भाग लेंगे जैसे कि व्यापार मंडल, एनजीओ, स्टूडेंट आर्गेनाइजेशन, वेलफेयर सोसायटी, महिला मंडल, युवक मंडल, विभिन्न प्रकार की सभाएं एवं धार्मिक संस्थान।

### तिरंगा यात्रा के 4 बड़े कार्यक्रम

**तिरंगा** यात्रा के 4 बड़े कार्यक्रम 14 मई को सीटीओ पर शिमला प्रशासनिक जिला, 15 मई धर्मशाला में प्रशासनिक जिला कांगड़ा, 16 मई को प्रशासनिक जिला मंडी और 17 को प्रशासनिक जिला हमीरपुर शामिल है

### लघट में दंगल 19 को बड़ी माली के विजेता को मिलेंगे 31 हजार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** महिला मंडल प्रांगण लघट में दंगल कमेटी लघट की बैठक प्रधान रमेश कुमार संध्यार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया कि 19 मई को लघट गांव में पारंपरिक दंगल का आयोजन किया जाएगा। इस साल सिर्फ हिमाचली पहलवान ही भाग लें पाएंगे। सभी पहलवानों को हिमाचली आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। बड़ी माली के विजेता को 31,000 रुपए नकद व गुर्ज व छोटी माली के विजेता को 20,000 रुपए और गुर्ज देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर कमेटी के महासचिव सुभाष चंद्र, उपप्रधान चंद्रमणि शर्मा, सचिन, राकेश कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, मास्टर रोशन लाल, ठेकेदार जगदीश कुमार, पूर्व उपप्रधान जगदीश कुमार, प्रकाश आजाद, श्यामलाल, किशोरी लाल धीमान, प्रेमलाल शर्मा, गोरखाराम, प्रवीण कुमार शर्मा, सुनील कुमार, सोनू कुमार, विपिन कुमार, प्रकाश चंद, बलविंदर कुमार आदि मौजूद रहे।

# घुमारवीं में दो साल से करोड़ों की पार्किंग का लोकार्पण नहीं

## 1.20 करोड़ से बनी पार्किंग का हो रहा कूड़ा रखने के लिए प्रयोग



नगर परिषद घुमारवीं में बनाई गई पार्किंग।

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

**नगर** परिषद घुमारवीं में एक तरफ लोग पार्किंग की व्यवस्था न होने के दिक्कतों का सामना कर रहे हैं।

वहीं, दूसरी तरफ करोड़ों रुपए से तैयार की गई पार्किंग पिछले दो वर्ष से लोकार्पण के इंतजार में है। एक तरफ जहां बजट के अभाव में कई सरकारी भवनों के निर्माण कार्य रुके पड़े हैं। वहीं, पूरी तरह से तैयार इस पार्किंग क्यों उद्घाटन के लिए इसके खंडहर होने का इंतजार किया जा रहा है। इस पार्किंग का प्रयोग ग्रीष्मोत्सव में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां लगाने, सफाई कर्मचारियों के ठहरने की व्यवस्था करने तथा शहरभर का कूड़ा इकट्ठा करने के लिए किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

> **पार्किंग** भवन का थोड़ा बहुत काम बाकी है, उसे पूरा करवाया जा रहा है। साथ ही रंग-रोगन भी करवा कर इसे तैयार करवाया जा रहा है। जल्द ही इसका उद्घाटन करवाकर पार्किंग लोगों को समर्पित कर दी जाएगी।
>
> **-खेमचंद वर्मा, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद घुमारवीं।**

### पार्किंग में गाड़ियां खड़ी करना मना

**पार्किंग** में गाड़ियां खड़ी करना मना है। नगर परिषद घुमारवीं के तहत एसडीएम कार्यालय के नजदीक बनाई गई पार्किंग करीब दो वर्ष पहले बनकर तैयार हो चुकी है, लेकिन नगर परिषद इसका उद्घाटन नहीं करवा पाई। एक तरफ शहर के लोग पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर एक करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से तैयार की गई इस पार्किंग का उपयोग शहर का कूड़ा रखने के लिए किया जा रहा है। एसडीएम कार्यालय व मेला मैदान के पास नवनिर्मित इस पार्किंग का शिलान्यास 6 नवंबर 2020 को तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने किया था। इसके बाद लोक निर्माण विभाग की ओर से ठेकेदार के माध्यम से इसका निर्माण कार्य शुरू किया गया। ठेकेदार की ओर से मई, 2023 में पार्किंग का निर्माण पूरा कर इस लोक निर्माण विभाग को सौंप दिया था। लोक निर्माण विभाग की ओर से सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मई 2023 में ही इस पार्किंग को नगर परिषद घुमारवीं को हस्तांतरित कर दिया था, लेकिन अभी तक पार्किंग को आम लोगों के लिए नहीं खोला जा सका है।

### झंडूता कॉलेज में कमाल का कैंप 2025 पर कार्यशाला

अनंत ज्ञान, झंडूता। राजकीय महाविद्यालय झंडूता में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सौजन्य से कमाल का कैंप 2025 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के 15 एनएसएस वालंटियर्स ने भाग लिया। प्रधानाचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 15 मई से 15 जून तक एनएसएस वालंटियर्स अपने आस-पड़ोस में बच्चों के साथ समर कैंप लगाएंगे, जहां वे बुनियादी पढ़ने, लिखने और गणित की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की शिक्षा में सहयोग करेंगे। गौरतलब है कि प्रथम एक प्रतिष्ठित गैर सरकारी संगठन है, जो 1995 से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत है। वर्तमान में यह संस्था हिमाचल सहित देश के 23 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सक्रिय है। प्रथम के कार्यक्रम देशभर में बच्चों और युवाओं तक सीधे या सहयोगी संगठनों के माध्यम से पहुंचते हैं। यह अभियान मई से जून तक 5 सप्ताह की अवधि में पूरे देश में चलाया जाएगा, ।

### बागी बिनौला में 23 को होगा दंगल : संधू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले की सदर विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले बागी बिनौला गांव में छिंज का आयोजन किया जाएगा। छिंज कमेटी बागी बिनौला के प्रधान बसंत राम संधू ने बताया कि 22 मई को सवाल होगा और 23 मई को कुश्तियों का आयोजन किया जाएगा। कुश्तियों में केवल हिमाचल के पहलवानों को ही आमंत्रित किया गया है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को मंच और पहचान मिल सके। दंगल का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखना और उन्हें खेलों के प्रति जागरूक करना है।

### बैरी गांव में श्रीमद्भागवत कथा संपूर्ण

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** गेहड़वीं के बैरी गांव में श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन प्रवचन करते हुए कथावाचक रसिक जी महाराज ने राजा परीक्षित की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जब भागवत कथा सुनाते हुए शुकदेव को छह दिन बीत गए और उनकी मृत्यु में बस एक दिन शेष रह गया, लेकिन राजा का शोक और मृत्यु का भय कम नहीं हुआ, तब शुकदेवजी ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक राजा जंगल में शिकार खेलने गया और रास्ता भटक गया। जंगल में उसे एक झोपड़ी दिखी, जिसमें एक बीमार बहेलिया रहता था, उसने झोपड़ी में ही एक ओर मलमूत्र त्यागने का स्थान बना रखा था और अपने खाने का सामान झोपड़ी की छत पर टांग रखा था। उसे देखकर राजा पहले तो ठिठका पर कोई और आश्रय न देख उसने बहेलिए से झोपड़ी में रातभर ठहरा लेने की प्रार्थना की। बहेलिया बोला कि मैं राहगीरों को अकसर ठहराता रहा हूं, लेकिन दूसरे दिन जाते समय वे झोपड़ी छोड़ना ही नहीं चाहते, इसलिए आपको नहीं ठहरा सकता। राजा ने उसे वचन दिया कि वह ऐसा नहीं करेगा। सुबह उठते-उठते उस झोपड़ी की गंध में राजा ऐसा रच बस गया कि वहीं रहने की बात सोचने लगा। इस पर उसकी बहेलिए से कलह भी हुई। वह झोपड़ी छोड़ने में भारी कष्ट और शोक का अनुभव करने लगा।

### घट्टीवाला में 8 लीटर कच्ची शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी।** श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के तहत पुलिस थाना कोट कहलूर की टीम ने 8 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। यह कार्रवाई उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह की अगुआई में की है। पुलिस गश्त कर रही थी और टीम गुरु का लाहौर-दबट सड़क से घट्टीवाला के पास पहुंची, तो एक व्यक्ति लाल रंग की प्लास्टिक कैनी लिए दबट की ओर आता दिखाई दिया। जब तलाशी ली तो कच्ची शराब बरामद की। आरोपी की पहचान 51 वर्षीय विजय कुमार निवासी दबट के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने पुष्टि की है।

**बैठक** बिलासपुर में डीसी की अध्यक्षता में हुई शिकायतों और योजनाओं की निगरानी के लिए मंडे रिव्यू मीटिंग

# ई-समाधान पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का करें निपटारा

**बोले - ई-गवर्नेंस और जनसुनवाई को बनाएंगे प्रभावशाली और जवाबदेह**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** के डीसी राहुल कुमार ने सोमवार को जिला स्तर पर 'मंडे रिव्यू मीटिंग' की औपचारिक शुरुआत की। बैठक का उद्देश्य प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ जिलावासियों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और उत्तरदायी समाधान सुनिश्चित करना है।

डीसी ने कहा कि यह बैठक अब प्रत्येक सोमवार नियमित रूप से आयोजित की जाएगी, ताकि विभागीय कार्यों की निरंतर निगरानी और जनसेवा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हो सके। डीसी ने ई-समाधान पोर्टल पर लंबित शिकायतों, ई-ऑफिस प्रणाली की प्रगति, मुख्यमंत्री सेवा संकल्प 1100 हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की स्थिति, आधार प्रमाणीकरण तथा राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की समीक्षा की।



बिलासपुर में मंगलवार को जिला स्तर पर 'मंडे रिव्यू मीटिंग' की औपचारिक शुरुआत करते डीसी राहुल कुमार।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग एक सप्ताह के भीतर ई-ऑफिस प्रणाली के तहत कार्य करना सुनिश्चित करें, ताकि कार्यों की निगरानी डिजिटल माध्यम से हो सके और समाधान समयबद्ध ढंग से किया जा सके। डीसी ने कहा कि जो भी नागरिक अपनी समस्या लेकर डीसी कार्यालय आता है, उसकी शिकायत को संबंधित अधिकारी को सौंपा जाएगा और उस अधिकारी को समस्या का समाधान होने तक नियमित रिपोर्टिंग करनी होगी। यदि समाधान में लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुड गवर्नेंस की दिशा में बिलासपुर को प्रदेश में एक आदर्श जिला के रूप में स्थापित करने के लिए सभी अधिकारियों को समयबद्ध लक्ष्य तय कर मिशन मोड में कार्य करना होगा। राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों के समाधान के लिए अधिक सक्रियता दिखाएं और नागरिकों को समय पर न्याय दिलाना सुनिश्चित करें।

### अधिकारी फील्ड में जाकर करें समस्याओं का समाधान

**डीसी** ने निर्देश दिए कि ई-समाधान पोर्टल पर पंजीकृत पुरानी शिकायतों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए और इनकी साप्ताहिक समीक्षा मंडे मीटिंग में की जाए। मुख्यमंत्री सेवा संकल्प 1100 हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों को भी प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। विशेषकर वे शिकायतें जो 100 दिन से अधिक समय से लंबित हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे केवल कार्यालयीन कार्यों तक सीमित न रहें, बल्कि फील्ड में जाकर योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की स्थिति का स्वयं आकलन करें। उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्रों में अधिकारियों को जनसुनवाई व त्वरित समस्या समाधान के लिए नियमित रूप से फील्ड में भेजें।

# मिनर्वा स्टडी सर्किल में आशीर्वाद समारोह



मिनर्वा स्टडी सर्किल के सभी शिक्षकों व गैर शिक्षक कर्मचारियों ने स्टूडेंट्स को तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**मिनर्वा** स्टडी सर्किल घुमारवीं में मंगलवार को जेईई एडवांस 2025 परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए एक विशेष आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जेईई एडवांस की परीक्षा देने वाले सभी 30 छात्रों ने भाग लिया।

यह परीक्षा 18 मई को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी कानपुर) की ओर से आयोजित की जाएगी। मिनर्वा संस्थान के संस्थापक परवेश चंदेल व मिनर्वा स्टडी सर्किल के मुख्य प्रबंध निदेशक राकेश चंदेल ने बताया कि इस आशीर्वाद समारोह का उद्देश्य प्रवेश परीक्षा से पहले बच्चों का उत्साह व संयम बनाए रखने में सहायता प्रदान करना है। समारोह के दौरान मिनर्वा स्टडी सर्किल के सभी शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों ने तिलक लगाकर अपना आशीर्वाद दिया व जेईई एडवांस परीक्षा में धैर्य बनाए रखने की सलाह दी।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को तनाव रहित रहने और अपनी परीक्षा को आत्मविश्वास से देने के लिए प्रेरित करना था। संस्थान के प्रबंधक निदेशक स्वदेश चंदेल ने बताया कि जेईई मेन 2025 में मिनर्वा स्टडी सर्किल के 37 छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त प्रवेश परीक्षा में चमकाया संस्थान का नाम, जिनमें से 30 छात्र जेईई एडवांस की परीक्षा देंगे। इनमें से 13 छात्रों ने 95 परसेंटाइल व 29 छात्रों ने 90 परसेंटाइल व उससे अधिक का उत्कृष्ट स्तर पार किया है। संस्थान के होनहार छात्र आरव ठाकुर ने 99.29 परसेंटाइल के साथ संस्थान में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना भी है और जेईई एडवांस 2026 के लिए ड्रॉपर बैच 12 अप्रैल से शुरू हो चुका है।

## न्यूज ब्रीफ

### लोअर घोलटी, सरोल में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विद्युत उपमंडल चंबा नंबर-2 के तहत आने वाले 11 केवीए सरोल फीडर में आवश्यक मरम्मत और रखरखाव कार्य के चलते दिनांक 14 मई को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता ई. अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस कार्य के चलते लोअर घोलटी, सरोल, भद्रम, राजपुरा, तडोली व अन्य आसपास के क्षेत्रों में दिनभर विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी।

### 27.94 ग्राम चिट्टा व नकदी सहित दबोचा युवक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा मुख्यालय के समीपवर्ती गांव भड़िया में एक दुकानदार को 27.94 ग्राम चिट्टा और 2 लाख 29 हजार रुपये की नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर सुल्तानपुर पुलिस चौकी की टीम ने चंबा-जोत मार्ग पर गश्त के दौरान तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी अरविंद कुमार की दुकान पर दबिश दी। तलाशी के दौरान दुकान से भारी मात्रा में नशे की खेप बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

### सुमन बिजलवान को मिली उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच जिला चंबा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मंगलवार को नगर स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया। इस आध्यात्मिक आयोजन में देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए विशेष रूप से प्रार्थना अर्पित की गई। इस अवसर पर मंच के जिला अध्यक्ष राकेश विज, नवनियुक्त उपाध्यक्ष सुमन बिजलवान और युवा सदस्य कर्ण सिंह ने देशहित, धर्म और संगठन की दिशा को लेकर अपने विचार साझा किए। बैठक के दौरान संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण को लेकर चर्चा की गई और सुमन बिजलवान को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई, साथ ही उन्हें सम्मानित भी किया गया। उपस्थित सदस्यों ने उनके अनुभव और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### बीपीएल सर्वे में जुटा तीसा प्रशासन, 17 तक जमा करें दस्तावेज: बीडीओ महेश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश सरकार द्वारा बीपीएल सूची को अपडेट करने की प्रक्रिया तीव्र गति से जारी है। इसी दिशा में तीसा ब्लॉक के विकास खंड अधिकारी महेश चंद ने बताया कि 30 अप्रैल से 17 मई तक यह विशेष सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। इसमें पात्र परिवारों को बीपीएल सूची में शामिल होने का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि जिन परिवारों की आर्थिक स्थिति बीपीएल मानकों के अनुरूप है, वे आवश्यक दस्तावेज निर्धारित तिथि से पहले अपनी संबंधित पंचायत कार्यालय में जमा करें। बीडीओ तीसा महेश चंद ने स्पष्ट किया कि अगर कोई भी परिवार समय पर अपने दस्तावेज जमा नहीं करता है, तो उसे बीपीएल सूची में शामिल नहीं किया जा सकेगा।

### विधायक और कर्नल के बीच जुबानी जंग पर कर्नल शाही ने जाहिर की नाराजगी

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** चौंतड़ा में आयोजित नशा विरोधी रैली के बाद जोगिंदरनगर के विधायक प्रकाश राणा और भारतीय सेना में कार्यरत कर्नल राहुल राणा के बीच चल रही जुबानी जंग पर पूर्व सैनिक लीग जोगिंदरनगर के अध्यक्ष कर्नल शाही ने गहरी नाराजगी जाहिर की है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए कर्नल शाही ने कहा कि एक छोटी सी बात को लेकर यह पूरा विवाद तूल पकड़ता जा रहा है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले तक दोनों व्यक्ति हर सामाजिक कार्यक्रम में एक साथ काम करते रहे हैं, ऐसे में इस प्रकार का टकराव सेना के लोगों की भावनाओं को आहत कर रहा है। कर्नल शाही ने बताया कि उन्होंने विधायक राणा से संपर्क करने की कई बार कोशिश की, लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। उन्होंने विधायक द्वारा दिए उस बयान पर कड़ा ऐतराज जताया जिसमें कहा गया था, 'यह कर्नल शरारत क्या करते हैं और ऐसे लोगों को कौन कर्नल बनाता है?' कर्नल शाही ने स्पष्ट किया कि यदि यह मामला आपसी बातचीत से सुलझ नहीं पाया, तो इसे मंडी में होने वाली भूतपूर्व जिला सैनिक लीग की बैठक और धर्मशाला में प्रस्तावित प्रदेश सैनिक लीग की बैठक में गंभीरता से उठाया जाएगा।

# महिलाओं ने शराब ठेके के विरोध में किया चक्का जाम

## बीआरओ सड़क पर वाहनों की आवाजाही घंटों तक रही बाधित

**अनंत ज्ञान, चंबा/पांगी**

**जनजातीय** क्षेत्र पांगी की फिंडरु पंचायत की महिलाओं ने मंगलवार को अपने लंबे समय से चल रहे संघर्ष को निर्णायक मोड़ पर पहुंचाते हुए बीआरओ द्वारा निर्मित कुल्लू-पांगी संसारी सड़क पर जोरदार चक्का जाम कर दिया। यह विरोध प्रदर्शन सेरी में स्थित शराब के ठेके को स्थानांतरित न किए जाने के खिलाफ था। महिलाओं के इस सशक्त कदम से पूरे मार्ग पर वाहनों की आवाजाही घंटों तक बाधित रही।

महिला मंडल फिंडरु पिछले तीन महीनों से इस शराब ठेके को हटाने की मांग कर रहा था, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता और एक्साइज विभाग की निष्क्रियता से नाराज़ होकर महिलाओं ने मंगलवार को अपने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया।



### शराब के ठेके से युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति

**प्रदर्शन** कर रही महिलाओं का कहना है कि गांव के समीप शराब का ठेका सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचा रहा है, जिससे युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है और महिलाओं को घरेलू हिंसा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### जल्द कर दिया जाएगा ठेके को स्थानांतरित: संगी

**आवासीय** आयुक्त पांगी रमन संगी ने बताया कि जैसे ही उन्हें इस बारे में जानकारी मिली तो उन्होंने आबकारी विभाग कुल्लू को इस बारे में जानकारी दे दी। आबकारी विभाग की ओर से एक टीम घाटी के लिए रवाना कर दी गई है। उम्मीद है कि जल्द ठेके को स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

# डीएवी हरदासपुरा के रयान ने झटके 98 .4 प्रतिशत अंक

**आरके सहगल, चंबा**

**डीएवी** पब्लिक स्कूल, चंबा मोहल्ला, हरदासपुरा के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की 10वीं कक्षा की परीक्षा 2024 में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रयान ठाकुर ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। अनमोल ने 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और अरनव ठाकुर ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा बाहरवीं कक्षा में छात्रा आस्था ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया, जबकि केया महाजन ने 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान और वंशिका ने 89.4 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों का प्रदर्शन भी प्रेरणादायक रहा।



स्कूल प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने छात्रों की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और अभिभावकों के सहयोग का सजीव उदाहरण है। ये होनहार विद्यार्थी देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। (अनंत ज्ञान)

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** सीबीएसई के परिणाम में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह की 12वीं एवं 10वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में शशांक थापा ने 88.4 प्रतिशत अंक, चंदन सिंह 86.6 प्रतिशत व नंदिनी गुरुंग ने 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस वर्ष कक्षा 12वीं में कुल 35 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 28 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं। वहीं कक्षा 10वीं की रागेश्वरी राणा ने 95.6 प्रतिशत, मंथन कुमार ने 91.4 प्रतिशत व सिद्धार्थ राणा ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा 10वीं के 17 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

# चमेरा पावर स्टेशन-1 और 2 में कल होगी मॉकड्रिल: डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में प्री-प्लानिंग बैठक आयोजित**

**उपायुक्त** एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चंबा के अध्यक्ष मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को मॉकड्रिल के पूर्वाभ्यास से जुड़ी प्री-प्लानिंग बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक राष्ट्रीय स्तर की आपदा प्रबंधन योजनाओं को व्यवहार में लाने के लिए आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि 15 मई को चमेरा पावर स्टेशन-1, चमेरा पावर स्टेशन-2 व 16 मई को चमेरा पावर स्टेशन-3 में मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, समन्वय और राहत-बचाव कार्यों की दक्षता को जांचना है।

उपायुक्त ने कहा कि यह मॉकड्रिल भारी वर्षा, जलस्तर में अचानक वृद्धि व संभावित बादल फटने की स्थिति जैसे परिदृश्यों पर आधारित होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अभ्यास का मकसद आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों की तैयारियों का मूल्यांकन, विभागों के बीच समन्वय को और मजबूत करना तथा संचार और संसाधन जुटाने में आने वाले समय के अंतराल की पहचान करना है। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा व कुलबीर सिंह राणा, एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती, जिला राजस्व अधिकारी विक्रमजीत सिंह, अधीशाषी अभियंता लोनिवि दिनेश कुमार, जल शक्ति विभाग के जितेंद्र शर्मा, आरटीओ राम प्रकाश, चमेरा पावर स्टेशन-3 के उप महा प्रबंधक पीके त्रिवेदी, चमेरा पावर स्टेशन-1 के प्रबंधक एलएस बिष्ट व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पंजसेई-सेरी-चमुंडा माता मंदिर सड़क को कांटेदार बाड़ लगाकर किया बंद

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**भरमौर** मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत घरेड़ के तहत पंजसेई-सेरी-चमुंडा माता मंदिर सड़क मार्ग को कांटेदार बाड़ लगाकर मार्ग को बंद कर दिया गया है, जिससे सेरी, धारकोता तथा खौलेड गांवों के लिए वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस व्यक्ति की भूमि में से ये निर्माणाधीन सड़क निकली है,उसी ने ये सड़क के बीच खंबा लगाकर बाड़ लगा दी है।

पिछले 4 वर्षों से पंजसेई, खौलेड, धरकौता, गोआ गांव के लगभग तीन हजार जनसंख्या के लिए इस सड़क के निर्माण के लिए लोगों ने अपनी इच्छानुसार भूमिदान करके सड़क बनाई है। इस सड़क के बनने से वर्षों से सड़क की आस लगाए इन गांवों के लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। लेकिन पिछले लगभग पांच दिन पहले प्रशोतम निवासी गांव पंजसेई डाकघर घरेड ने भरमौर-थल्ला सड़क मार्ग नालडा के पास जहा से इस सड़क का लिंक सेरी आदि गांवों को जाता है,ठीक उस के साथ ही खंबे तार (बाड) लगाकर बंद कर दिया है। इस संदर्भ में प्रशोतम ने बताया कि जब इस सड़क का कार्य शुरू हुआ था तो उस समय के विभागीय अधिकारियों से



सड़क को नीचे से बनाने की बात हुई थी। मगर विभाग द्वारा उनकी बात अभी तक नहीं मानी है। उन्होंने कहा कि उस समय वैकल्पिक तौर पर ये सड़क उनके खेत के बीचों बीच बनाई गई थी ताकि एक बार मशीन आगे निकल जाए और आगे का कार्य जल्दी हो सके, मगर विभाग उनकी बात को नजर अंदाज किया हुआ है। विभाग के कनिष्ठ अभियंता बृजेंद्र कपूर ने बताया कि मामला उनके ध्यान में आया है। उनकी बात भी इस संदर्भ में प्रशोतम कुमार से हुई है। उन्होंने बताया कि सड़क का कार्य उनके समय से पहले हुआ है। इस सड़क को जहां से वे बनाने की बात करते हैं, वहां महिला मंडल भवन है, जिसे असुरक्षित घोषित करने व गिराने की पूरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही सड़क नीचे से बनाई जा सकती है।

# डलहौजी पब्लिक स्कूल के 16 छात्रों ने झटके 90 प्रतिशत से अधिक अंक

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**डलहौजी** पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के अध्यक्ष एवं निदेशक डॉ. कैप्टन जीएस ढिल्लो ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्ट को सिद्ध करते हुए सीबीआई तथा 12वीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है।



उन्होंने कहा कि कुल 88 विद्यार्थियों में से 16 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं जबकि 53 छात्रों को छात्रों को डिस्टिंक्शन प्राप्त हुई है और 83 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की है। विद्यालय के टॉपर कनिष्क नॉन मेडिकल स्ट्रीम में 97.4 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि डोली नॉन मेडिकल व समायरा मानविकी दोनों ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विधि मेडिकल ने 96.4 प्रतिशत अंक हासिल किया गन सैंडल मानविकी ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किया। रोचिस्नू मालविकी ने 94.8 प्रतिशत अंक हासिल किया पूर्व मानविकी ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पेंटिंग में आठ छात्रों ने साइकोलॉजी में दो छात्रों ने और इनफॉर्मेटिक्स, प्रैक्टिसेज में कनिष्क ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जो स्कूल की बहु आयामी शिक्षक गुणवता का परिचायक है ।


## कार्यालय ग्राम पंचायत देहरा
### विकास खंड निरमण्ड, जिला कुल्लू (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत देहरा, विकास खण्ड निरमण्ड, जिला कुल्लू हि.प्र. के लिए वितिय वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों हेतू सामग्री खरीद व ढुलाई के लिए निविदाएं निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। रेत खदान (प्रति फीट), रेत कशर (प्रति फीट), बजरी 20MM (प्रति फीट), गटका, पत्थर, ईंटें, सरिया, जे0सी0बी0 मशीन (प्रति घंटा), विभिन्न प्रकार के पाईप, स्टील फेब्रिकेशन सामग्री, शटरिंग, साईन बोर्ड, पेंट इत्यादि सामग्री की आवश्यकता है। ढुलाई कार्य स्थान शनाह, आनस, शौहचा, पानीधार व निथर तक किया जाना है।
अतः इच्छुक व्यक्ति/वेंडर की निविदाएं सील बंद लिफाफे में दिनांक 22-05-2025 को 05:00 बजे तक कार्यालय पंचायत सामुदायिक केन्द्र देहरा में पंहुच जानी चाहिए। प्राप्त निविदाएं दिनांक 23-05-2025 को 12:00 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। **शर्तें**-1. निविदा-दाता के पास GST No. का होना अनिवार्य है। 2. निविदा-दाता को सामग्री ढुलाई हेतू पंचायत को शपथ पत्र देना होगा। 3. निविदा-दाता पंचायत का देनदार न हो। 4. सामग्री गुणवता रहित होने पर स्वीकार्य नहीं होगी। 5. निविदा-दाता को ढुलाई का भुगतान M-FORM या रायल्टी जमा करने के बाद किया जाएगा। 6. अधूरी निविदा व समान दर पर किसी निविदा को रद्द करने का अधिकार प्रधान के पास होगा।

**ग्राम पंचायत देहरा, विकास खंड निरमण्ड, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**


# भरमौर में कांग्रेस का सियासी सरदार कौन, जनता मौन

## पिछले कुछ समय से टुकड़ों में बंट चुकी कांग्रेस का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा नीचे

**ओपी शर्मा, भरमौर**

**विधानसभा** क्षेत्र भरमौर में कांग्रेस का सियासी अगला सरदार कौन होगा इसको लेकर जनता पूरी तरह से मौन है। पिछले कुछ समय से टुकड़ों में बंट चुकी कांग्रेस का यहां पर ग्राफ लगातार नीचे गिरता जा रहा है। यहां पर अलग-अलग कार्यकर्ताओं के अलग-अलग नेता सामने आ रहे हैं।

कांग्रेस की ओर से गैर जनजातीय क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले ललित ठाकुर को हालांकि सरकार द्वारा एपीएमसी का अध्यक्ष और स्टेट कोऑपरेटिव बैंक का निर्देशक बनाकर काफी हद तक कार्यकर्ताओं की मायूसी को दूर करने का प्रयास किया गया है। हालांकि कार्यकर्ताओं को एकजुट करने का वह भी भरपूर प्रयास कर रहे हैं। बावजूद इसके यहां पर कांग्रेस में गुटबाजी खत्म होने की बजाय और बढ़ गई है।

भरमौर के पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमोरी को भी सरकार द्वारा पूरी तरह से अनदेखी करने के आरोप कांग्रेस कार्यकर्ता लग रहे हैं। हालांकि जब कांग्रेस सरकार बनी थी तब वर्तमान सीएम सुक्खू के शपथ लेने का सबसे ज्यादा जशन भी भरमौर और होली में मनाया गया था। बावजूद इसकी यहां पर दोनों तहसील के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं व युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दरकिनार किए जाने का मलाल यहां पर कांग्रेसियों को खूब है।

गौर रहे कि भाजपा का केंद्रीय आलाकमान लगातार जिला चंबा का दौरा कर रहा है तो वहीं पर अभी तक भरमौर में कांग्रेस के कोई भी बड़ा नेता या मंत्री यहां पर कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने के लिए नहीं पहुंच पाए हैं। भाजपा की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन, पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर चंबा में भाजपा कार्यकर्ताओं के मनोबल को बूस्ट देकर गए हैं, लेकिन कांग्रेस की ओर से यहां पर अलग-अलग धड़ेबाजी में बंट चुकी कांग्रेसी कार्यकर्ता पूरी तरह से मायूस हैं। (अनंत ज्ञान)

### सीएम सुक्खू जल्द करेंगे भरमौर का दौरा



**सीएम** सुक्खू जल्द ही जनजातीय क्षेत्र भरमौर का दौरा करेंगे। उनका रात्रि ठहराव भरमौर के होली में हो सकता है। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री जनजातीय क्षेत्र भरमौर को कई सौगातें दे सकते हैं। जिसमें यहां के क्षेत्र वासियों की वर्षों पुरानी मांग होली उतराला सड़क का कार्य युद्ध स्तर पर चलाने की घोषणा भी मुख्यमंत्री कर सकते हैं। जानकारी देते हुए राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ब्रह्मानंद ठाकुर ने बताया है कि मुख्यमंत्री ने उन्हें शीघ्र अति शीघ्र भरमौर आने का आश्वासन दिया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कलोटी
### विकास खंड छौहारा, जिला शिमला (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कलोटी विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न मदों के अंतर्गत भिन्न-भिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता है अतः संबंधित फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। पंचायत का संबंधित निविदाताओं से निवेदन है कि दिनांक 14-05-2025 से 20-05-2025 को सांय 5 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं बंद लिफाफे के अंदर प्रत्यक्ष व डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में जमा करें, पंचायत द्वारा दिनांक 23-05-2025 को समय 11 बजे निविदाओं को पंचायत द्वारा गठित समिति के सामने खोला जाएगा।
**सामग्री का विवरणः-** 1 रेता क्रेशर/खान, रेता, बजरी 10,20,40 एमएम, 4 पत्थर, 5 पक्की ईंट, एमएम बीबीसी, 6 सामग्री ढुलान चड़गांव व रोहडू से ट्रैक्टर, कैंपर, पिकअप, आदि द्वारा, 7 चादरें/ सरिया 8 एमएम, 10 एमएम, 12 एमएम, 16 एमएम हर प्रकार का, 7 एंगल हर प्रकार के, 8 लकड़ी व लोहे के दरवाजे, खिड़की चौखट, कुंडे व कब्जे आदि , 9 पेंट व पुटी, 10 कंप्यूटर / लैप टॉप खरीद व मुरम्मत, 11 पीबीसी पाइप /पानी की पाइप आदि, 12 बिजली की फिटिंग सामग्री, फर्नीचर टेबल कुर्सी आदि।
**निविदाओं की अन्य शर्ते निम्र प्रकार से हैंः-** 1. निविदाएं सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए। 2. दरें 1 साल तक मान्य होगी। 3. प्रत्येक सामग्री को सूचिबद्ध कर वस्तु का मूल्य अंकित किया जाना आवश्यक है। 4. निविदा पत्र साफ-साफ शब्दों में लिखा होना चाहिए जिसे सरलता से पड़ा जा सके किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी निविदा में त्रुटी या समझ नहीं आने पर निविदा निरस्त की जाएगी। 5. निविदाकर्त्ता द्वारा तमाम औपचारिकताएं पूर्ण की जानी आवश्यक है जो सरकार/ विभाग द्वारा मांगी जाती है। 6.अन्य नियम व शर्तें दिनांक 23-05-2025 को बताई जाएगी। 7.पंचायत के सभी वार्डो को एक ही मूल्य मान्य होगा। 8. समस्त प्रकार की अदायगी का नकद भुगतान नही होगा सभी प्रकार की अदायगी RTGS/NEFT द्वारा की जाएगी। 9. ढुलान के अलावा अन्य सभी प्रकार की सामग्री के लिए जीएसटी नम्बर अनिवार्य होगा।

**हस्ता/- प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत कलोटी,**
**विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हि.प्र**



## कार्यालय ग्राम पंचायत लोट
### विकास खंड निरमण्ड, जिला कुल्लू (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लोट, विकास खण्ड निरमण्ड, जिला कुल्लू हि.प्र. के लिए वितिय वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों हेतू सामग्री खरीद व ढुलाई के लिए निविदाएं निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। रेत खदान (प्रति फीट), रेत कशर (प्रति फीट), बजरी 20MM (प्रति फीट), गटका, पत्थर, ईंटें, सरिया, जे0सी0बी0 मशीन (प्रति घंटा), विभिन्न प्रकार के पाईप, स्टील फेब्रिकेशन सामग्री, शटरिंग, साईन बोर्ड, पेंट इत्यादि सामग्री की आवश्यकता है। ढुलाई कार्य स्थान शेगनी, ध्वांश, शाह, सराह, गवाल तक किया जाना है।
अतः इच्छुक व्यक्ति/वेंडर की निविदाएं सील बंद लिफाफे में दिनांक 23-05-2025 को 05:00 बजे तक कार्यालय पंचायत सामुदायिक केन्द्र लोट में पंहुच जानी चाहिए। प्राप्त निविदाएं दिनांक 24-05-2025 को 12:00 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। **शर्तें**-1. निविदा-दाता के पास GST No. का होना अनिवार्य है। 2. निविदा-दाता को सामग्री ढुलाई हेतू पंचायत को शपथ पत्र देना होगा। 3. निविदा-दाता पंचायत का देनदार न हो। 4. सामग्री गुणवता रहित होने पर स्वीकार्य नहीं होगी। 5. निविदा-दाता को ढुलाई का भुगतान M-FORM या रायल्टी जमा करने के बाद किया जाएगा। 6. अधूरी निविदा व समान दर पर किसी निविदा को रद्द करने का अधिकार प्रधान के पास होगा।

**ग्राम पंचायत लोट, विकास खंड निरमण्ड, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**


### सूडोकु नवताल- 7429

★★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7428 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

# ट्रांसफार्मर की केबल में लगी आग बड़ा हादसा टला

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर के समीप मंगलवार शाम बिजली के ट्रांसफर की केबल में आग लगने की घटना सामने आई है। मौके के आसपास काफी रिहायशी मकान मौजूद हैं। गनीमत यह रही कि समय रहते पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम और स्थानीय लोगों की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। इस आग की घटना के कारण मौके पर अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया और मौके के साथ लगते घरों को खतरा पैदा हो गया। घटना की सूचना बीबीएमबी कॉलोनी के अग्निशमन विभाग को देने पर कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। बता दें कि मौके पर ट्रांसफार्मर के साथ कृषक प्रशिक्षण केंद्र का भवन और रिहायशी मकान मौजूद हैं। मौके पर साथ सब्जी मार्किट और किसान होस्टल तथा मिनी सचिवालय का भवन और अन्य दुकानें है। लोगों ने पानी और पुलिस टीम ने अग्निशमन यंत्रों से जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया। अगर आग फैलती तो बहुत बड़ा नुकसान हो जाता और बिजली के ट्रांसफर जलने से अन्य भवनों को भी आग लग जाने का खतरा था। मौके पर बिजली की केबल के साथ कबाड़ भी पड़ा था और उसने भी आग पकड़ ली थी। लेकिन पुलिस टीम ने अग्निशमन यंत्रों और पानी की मदद से आग को फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही बुझा दिया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत चवाई
### विकास खंड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत चवाई विकास खण्ड आनी, जिला कुल्लू के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबन्द निविदाएं आमत्रित की जाती है। निविदाएं दिनाँक 16/05/2025 को 3 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनाँक 17/03/2025 को 11 वजे के वाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। **सामग्री का नाम** 1. रेत, खान व क्रैशर-प्रति घनफुट, 2. बजरी 10,20,40एमएम -प्रति घनफुट, 3. मारवल -प्रति घनफुट , 4. ईंट-द्वितीय श्रेणी, 5. शटरिंग -घनमीटर 6. आर.सी.सी.पाईप- प्रति नं., 7. जी.आई. पाईप- प्रति नं., 8.पीवीसी पाईप- प्रति नं., 9. एल्काथिन पाईप- कि.ग्रा., 10. जेसीबी- प्रति घनीटर, 11. सीमेंट टाईल- प्रति नं., 12. ईंटरलॉक, पेवर, सीमेंट टाईल- प्रति वर्ग मीटर, 13. जी.आई. शीट- प्रति नं., 14. फर्नीचर-प्रति नं., 15. सीमेंट ब्लॉक- प्रति नं., 16. स्टील 8,10,12 एमएम-प्रति किग्रा., 17. सीआईबी बोर्ड- प्रति नं., 18. वाल राईटिंग- प्रति अक्षर, 19. वागवानी पौधे- प्रति नं., 20. जंगली पौधे- प्रति नं., 21. इमारती लकड़ी- प्रति घनफुट, 22. क्रेटवायर- प्रति वंडल, 23. एल्युमिनियम फिटिंग- प्रति घनफुट, 24. पत्थर तोडान-प्रति घनफुट, 25. पत्थर ढोलान- प्रति घनफुट, 26. दीवार तथा फ्लोर टाईल- प्रति वर्ग मीटर। **नियम व शर्तेः-** 1. निविदा केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जाएगी। 2. पंजीकृत सप्लायर अपना पंजीकरण नम्बर निविदा पर भरना सुनिशिचत करें तथा इसके साथ आर.सी. नम्वर जी.एस. टी. सी.एस.टी. नम्बर की छाया प्रति संलग्न करें। 3. सप्लाई की जाने वाली सामग्री की गुणवता सही होनी चाहिए। 4. कम दर वाली निविदा को ही मंजूरी दी जाएगी। 5. यदि सप्लायर द्वारा सही समय पर सामग्री नहीं दी जाती है अथवा अथवा सामग्री की गुणवता सही नही पाई जाती तो उस स्थिति में निविदा को रद करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेश प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। 6. सामग्री की दरें एक वर्ष के लिए वही रहेगी तथा सामग्री जहां तक वाहन योग्य सडक है वहां तक पीकप व टीप्पर से पंहुचा देनी होगी। 7. सप्लायर को खनन विभाग से हस्ताक्षरित X-Form या W-Form जमा करवाने होंगे। X-Form या W-Form उपलब्ध न करवाने की सूरत में निविदा को रद करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत गठित कमेटी का होगा तथा सप्लाई आदेश प्राथमिकता के आधार पर दूसरे सप्लायर को दिया जाएगा। 8. सामग्री सप्लायर पंचायत प्रतिनिधियों का करीवी रिशतेदार नहीं होना चाहिए। 9. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, GST होना आवश्यक है। 10. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 11. निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहां तक गाडी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी। 12. निविदादाता को 30000/-रू0 धरोहर / सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता उसकी अग्रिम सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी। 13. निविदादाता य समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 14. ग्राम पंचायत के स्पलाई आर्डर के अनुरूप ही स्पलाई स्वीकार की जाएगी। 15. दरों का उल्लेख करते समय TEX INCLUDED या EXCLUDED का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 16. ग्राम पंचायत के समस्त क्षत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 17. सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य / निर्णय विभाग की JUSTIFICATION पारित निविदादाता के साथ NEGOTIATION अनुसार उपरान्त किया जाएगा। 18. विविदा दाता अपना मोवाईन न0 लिफाफे के वाहर लिखना सुनिश्चित करें।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत चवाई विकास खंड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**



## कार्यालय ग्राम पंचायत बनोटी
### विकास खंड छौहारा, जिला शिमला (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बनोटी विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न मदों के अंतर्गत भिन्न-भिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता है अतः संबंधित फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। पंचायत का संबंधित निविदाताओं से निवेदन है कि दिनांक 14-05-2025 से 20-05-2025 को सांय 5 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं बंद लिफाफे के अंदर प्रत्यक्ष व डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में जमा करें, पंचायत द्वारा दिनांक 23-05-2025 को समय 11 बजे निविदाओं को पंचायत द्वारा गठित समिति के सामने खोला जाएगा।
**सामग्री का विवरणः-** 1 रेता क्रेशर/खान, रेता, बजरी 10,20,40 एमएम, 4 पत्थर, 5 पक्की ईंट, एमएम बीबीसी, 6 सामग्री ढुलान चड़गांव व रोहडू से ट्रैक्टर, कैंपर, पिकअप, आदि द्वारा, 7 चादरें/ सरिया 8 एमएम, 10 एमएम, 12 एमएम, 16 एमएम हर प्रकार का, 7 एंगल हर प्रकार के, 8 लकड़ी व लोहे के दरवाजे, खिड़की चौखट, कुंडे व कब्जे आदि , 9 पेंट व पुटी, 10 कंप्यूटर / लैप टॉप खरीद व मुरम्मत, 11 पीबीसी पाइप /पानी की पाइप आदि, 12 बिजली की फिटिंग सामग्री, फर्नीचर टेबल कुर्सी आदि।
**निविदाओं की अन्य शर्ते निम्र प्रकार से हैंः-** 1. निविदाएं सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए। 2. दरें 1 साल तक मान्य होगी। 3. प्रत्येक सामग्री को सूचिबद्ध कर वस्तु का मूल्य अंकित किया जाना आवश्यक है। 4. निविदा पत्र साफ-साफ शब्दों में लिखा होना चाहिए जिसे सरलता से पड़ा जा सके किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी निविदा में त्रुटी या समझ नहीं आने पर निविदा निरस्त की जाएगी। 5. निविदाकर्त्ता द्वारा तमाम औपचारिकताएं पूर्ण की जानी आवश्यक है जो सरकार/ विभाग द्वारा मांगी जाती है। 6.अन्य नियम व शर्तें दिनांक 23-05-2025 को बताई जाएगी। 7.पंचायत के सभी वार्डो को एक ही मूल्य मान्य होगा। 8. समस्त प्रकार की अदायगी का नकद भुगतान नही होगा सभी प्रकार की अदायगी RTGS/NEFT द्वारा की जाएगी। 9. ढुलान के अलावा अन्य सभी प्रकार की सामग्री के लिए जीएसटी नम्बर अनिवार्य होगा।

**हस्ता/- प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बनोटी,**
**विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हि.प्र**


अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

बुधवार, 14 मई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** द्वितीया (02:31): **नक्षत्र** अनुराधा (11:47), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** परिघ (06:32), अभीजित ( कोई नहीं)। **राहुकाल** (12:17-01:59)।

**विशेष दिन**

14 मई देवर्षि नारद जयंती आज।
14 मई 2025: वीणा दान आज।

**मेषः** दिन की शुरुआत शुभ संकल्पों से होगी। नए कारोबार में लाभ की आशंका कम है। माता-पिता के स्वास्थ्य में लाभ होगा। करियर में निराश न हो, समय जरूर बदलेगा।

**वृषः** आपके काम करने के तरीकों में सुधार की जरूरत है। आज धनागमन सहज होगा। लाभ होगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा। कारोबार में विवाद शांत होंगे। समय बदलेगा।

**मिथुनः** कार्यस्थल पर स्थिति आप के पक्ष में बनेगी। परिवार में बुजुर्गो को स्वास्थ्य समस्या बढ़ेगी। नौकरी में विवाद शांत होंगे। लाभ के अवसर मिलेंगे। घर पर शांति बनाए रखें।

**कर्कः** अपने पराये में फर्क समझें। बोलने से पहले विचार करें। किसी दूर के मित्र से मुलाकात फायदेमंद साबित होगी। दूसरों में निजी मामलों में बोलना बंद करें।

**सिंहः** कम बोलें पर अच्छा बोलें। शत्रु भी प्रशंसा करेंगे। बाहरी विवादों का असर परिवार पर न होने दें। वैवाहिक जीवन में शांति बनी रहेगी। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। न्यायपक्ष उत्तम रहेगा।

**कन्याः** सोच के परे कार्य होने से परेशानी बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यस्थल का वातावरण पक्ष में होगा। विवादों में मौन रहना ही लाभदायक होगा। अपने से बड़ों का आदर करें।

**तुलाः** नौकरी में अशांति का वातावरण बनने के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। फिजूल खर्च बढ़ेंगे। धोखा होने की आशंका है। पुराने रोग उभरने की संभावना है। संभल कर रहें।

**वृश्चिकः**दिन चिंताजनक व्यतीत हो रहे हैं। मानसिक पीड़ा हावी रहेगी पर इष्टबल पर मजबूत रखें। आर्थिक निवेश से लाभ के आसार हैं। संतान के स्वास्थ में सुधार होगा।

**धनुः** दिन की शुरुआत आनंददायक रहेगी। पुराने मित्र से मुलाकात से लाभ के योग हैं, जो शुभ रहेगा। शत्रु परास्त होंगे। यात्रा के योग हैं। स्वास से संबंधित रोग से ग्रसित रह सकते हैं।

**मकरः** समय के साथ अपने आचार-विचार में बदलाव करना पड़ेगा। सुख-शांति चाहते हैं, तो स्वयं के व्यवहार को बदलना पड़ेगा। मुश्किल है, पर नामुमकिन नहीं। लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**कुंभः** अपने आप पर विश्वास रखें, दूसरों के भरोसे न रहें। आलस्य से बड़ा कोई शत्रु नहीं है। सजग रहें सतर्क रहें। स्वास्थ्य ठीक होगा, व्यय बढ़ेंगे।

**मीनः** अपनी दिनचर्या में बदलाव लाएं। यश कीर्ति में वृद्धि होगी। कारोबार में लाभ बढ़ेगा। संतान पर ध्यान रखने की आवश्यकता है। अपने व्यवहार में नम्रता लाने की आवश्यकता है।

देश के लिए मरना मत समझो शहादत, यह तो जिंदगी का उसूल है, यह तो नई जिंदगी की शुरुआत। –चंद्रशेखर आजाद

## संपादकीय

# शैक्षणिक चुनौती

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं कक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है। इन नतीजों में एक बार फिर लड़कियों का दबदबा रहा। यह अच्छी बात है कि पिछले कई सालों से लड़कियां तकरीबन सारी ही परीक्षाओं में अव्वल आ रही हैं, लेकिन लड़कों का इस मामले में उनसे लगातार पिछड़ना चिंताजनक है। ऐसी क्या वजह है कि लड़के लड़कियों के मुकाबले अब फिसड्डी साबित हो रहे हैं, जबकि पूर्व में लड़कों की प्रतिशतता अच्छी खासी होती थी? क्या लड़कों का पढ़ाई की तरफ रुझान कम हो गया है या फिर वे दूसरी गतिविधियों में ज्यादा सम्मिलित रहते हैं? सवाल यह है कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? इससे भी महत्वपूर्ण है कि अगर यह लगातार हो रहा है तो लड़कों को अपनी शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए क्या करना चाहिए? लड़कियों के प्रदर्शन में निरंतर सुधार के पीछे कई सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और शैक्षणिक कारण हो सकते हैं। आमतौर पर यह देखा गया है कि लड़कियां पढ़ाई के प्रति अधिक गंभीर और अनुशासित होती हैं। वे समय प्रबंधन में दक्ष होती हैं और उन्हें ध्यान केंद्रित करने की क्षमता अधिक होती है। यह विशेषता उन्हें परीक्षा की तैयारी में अधिक सक्षम बनाती है। लड़कियों की तुलना में लड़कों में टेक्नोलॉजी, खेल, मोबाइल गेम्स और सोशल मीडिया की लत अधिक देखी जाती है। ये सभी चीजें उनकी पढ़ाई में बाधा उत्पन्न करती हैं।

शिक्षक भी लड़कियों को आमतौर पर अधिक उत्तरदायी मानते हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलता है। वहीं, यह धारणा भी आम है कि लड़कों को अक्सर लापरवाह मान लिया जाता है, जिससे वे नकारात्मक रूप से प्रभावित होते हैं। अब यह समझना जरूरी है कि लड़के शिक्षा में लड़कियों से पीछे क्यों रह जा रहे हैं? इसके कई संभावित कारण हैं–लड़कों में छोटे उम्र से ही ऊर्जा अधिक होती है, जो यदि सही दिशा में न लगे, तो वे पढ़ाई से विचलित हो जाते हैं। अधिकतर लड़के लंबे समय तक एक ही स्थान पर बैठकर पढ़ाई नहीं कर पाते। खेल, टेक्नोलॉजी, वीडियो गेम्स, सोशल मीडिया जैसे क्षेत्र लड़कों को ज्यादा आकर्षित करते हैं। इससे उनकी पढ़ाई की आदत में गिरावट आती है। हमारे समाज में अभी भी लड़कों को कुछ मामलों में अधिक छूट दी जाती है। उनसे यह अपेक्षा नहीं की जाती कि वे शिक्षा में बहुत अव्वल आएं, क्योंकि माना जाता है कि वे बाद में भी कुछ कर लेंगे। कुछ लड़कों को लगता है कि पढ़ाई में अधिक रुचि लेना कमजोरी की निशानी है।

यह मानसिकता उन्हें मेहनत से दूर कर देती है। कई लड़के भावनात्मक रूप से अपने तनाव और असफलता को साझा नहीं करते। इससे उनकी मानसिक स्थिति प्रभावित होती है और उनका प्रदर्शन गिरता है। अब सवाल उठता है कि लड़कों को अपनी स्थिति सुधारने के लिए क्या करना चाहिए। इस समस्या का समाधान न केवल लड़कों, बल्कि उनके माता-पिता, शिक्षकों और समाज को मिलकर निकालना होगा। लड़कों को पढ़ाई में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। लड़कों को यह समझना होगा कि शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं है, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। यदि वे इस सोच को अपनाएं, तो पढ़ाई के प्रति उनका दृष्टिकोण सकारात्मक हो सकता है। लड़कों को अपनी दिनचर्या को संतुलित बनाना चाहिए, जिसमें पढ़ाई, खेल, मनोरंजन और विश्राम का उचित स्थान हो। समय पर पढ़ाई की आदत उन्हें परीक्षा के समय तनाव से बचाएगी। मोबाइल, गेमिंग और सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बचना जरूरी है। पढ़ाई के समय मोबाइल फोन को दूर रखना और सोशल मीडिया का सीमित प्रयोग फायदेमंद होगा। पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करना और नियमित पुनरावृत्ति करना सफलता की कुंजी है। नोट्स बनाकर पढ़ाई करना समझ को गहरा करता है। खेलकूद से मन और शरीर दोनों को ऊर्जा मिलती है, परंतु इसका संतुलन बनाए रखना जरूरी है। यदि कोई लड़का पढ़ाई में पिछड़ रहा है, तो उसे दंडित करने के बजाय मार्गदर्शन देना चाहिए।

अभिभावकों और शिक्षकों को उसके साथ संवाद स्थापित करना चाहिए। प्रतिस्पर्धा हो, परंतु सकारात्मक हो। लड़कों को दूसरों से तुलना करने की बजाय स्वयं के पिछले प्रदर्शन से तुलना करनी चाहिए। लड़कियों का शिक्षा में बढ़त बनाना एक सराहनीय परिवर्तन है, लेकिन लड़कों का पिछड़ना चिंता का विषय है। यह केवल एक लिंग आधारित तुलना नहीं है, बल्कि एक सामाजिक और शैक्षणिक चुनौती है, जिसका हल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। लड़कों को न केवल पढ़ाई में ध्यान देना होगा, बल्कि स्वयं में अनुशासन, आत्म-प्रेरणा और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करनी होगी। यदि सही दिशा में प्रयास किए जाएं, तो लड़के भी उतना ही अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं जितना लड़कियां कर रही हैं। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती


### प्रसिद्ध न्यायविद, अधिवक्ता और शिक्षा शास्त्री

**अल्लादि** कृष्णास्वामी अय्यर प्रसिद्ध न्यायविद, अधिवक्ता और शिक्षाशास्त्री थे। वे उदारवादी दृष्टिकोण के व्यक्ति थे। देश की आजादी के बाद वे संविधान सभा के सदस्य भी चुने गए थे। अय्यर का जन्म मद्रास (वर्तमान चेन्नई) के नेल्लौर ज़िले में एक गरीब परिवार में हुआ था। उनके पिता मंदिर के पुजारी थे और उन्होंने अपने पुत्र की शिक्षा का उचित प्रबंध किया था। वकालत की डिग्री लेने के बाद अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर ने कुछ दिन मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज में अध्यापन कार्य किया। फिर इंग्लैंड से शिक्षा लेकर 1907 से मद्रास में वकालत करने लगे। अल्लादि का मद्रास विश्वविद्यालय तथा काशी हिंदू विश्वविद्यालय आदि संस्थाओं से निकट का संबंध था। 1942 के बाद उन्होंने सक्रिय राजनीति में भाग नहीं लिया। 15 वर्षों तक उन्होंने मद्रास के एडवोकेट जनरल के पद पर काम किया था। स्वतंत्रता के बाद अय्यर देश की संविधान सभा के सदस्य चुने गए। वे संविधान का प्रारूप तैयार करने वाली समिति के प्रमुख सदस्य थे। उनका दृष्टिकोण उदारवादी था। परंपरागत परिवार से संबंध होने के बाद भी उनका कहना था कि हिंदुओं से संबंधित कानूनों में सुधार होना चाहिए। अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर का देहांत चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। ■



अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर
जन्म : 14 मई, 1883
मृत्यु : 3 अक्तूबर, 1953

## कविता



### अभी हुआ शुरू सिर्फ सिंदूर है

प्रीति शर्मा मधु, लद्दा, घुमारवीं

*नाम तुम्हारा पाकिस्तान, काम है दुष्टों वाला।*
*शुद्ध पवित्रता को तुमने, बदनाम है कर डाला।*
*कितने गुनाहों को तुम्हारे, गलती का नाम दें।*
*लातों के तुम भूत हो सारे, क्यों तुमपे बातों को बर्बाद करें।*
*बहुत हुआ अब तुम्हारा, निर्दोषों पर अत्याचार।*
*भूल तुम्हारी है बहुत बड़ी,*
*हल्के में न लो तुम, मेरा भारत महान।*
*कर्जदार हो तुम यहां के, यहां ही आंख दिखाते हो*
*हिम्मत अभी देखी ही कहां है तुमने,*
*तभी तो चुपके से वार करते हो।*
*दिमाग है गंदगी से भरा तुम्हारा,*
*खून में ही धोखा, फरेबी चेहरा।*
*मौका है अभी संभल सको, तो संभलो,*
*नहीं तो मिट जाएगी हस्ती तुम्हारी।*
*चाहे फिर कितना जोर लगा लो,*
*अभी हुआ शुरू सिर्फ सिंदूर है।*
*औकात में रहो नहीं तो,*
*हल्दी, मेंहदी और डोली उठने का रिवाज जारी है।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हम सब मिलकर इन वीर सेनाओं को नमन करें

जब-जब तिरंगा लहराता है या जब भी राष्ट्रगान की धुन कानों में गूंजती है, तब-तब हर भारतीय के हृदय में गर्व का एक स्पंदन उठता है। इस गौरव के मूल में जो सबसे बड़ा बल है, वह है हमारी भारतीय सेनाएं-हमारी सीमाओं के रक्षक, राष्ट्र की अस्मिता के प्रहरी और करोड़ों देशवासियों की नि:स्वार्थ सुरक्षा में जीवन समर्पित करने वाले योद्धा। ऐसे वीरों को साष्टांग प्रणाम, वंदन और अभिनंदन अर्पित करना केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारा कर्तव्य है। भारत की रक्षा केवल एक शक्ति पर नहीं टिकी है, बल्कि यह तीन महान सेनाओं-थल सेना, वायु सेना और नौसेना की संयुक्त शक्ति का परिणाम है। इन तीनों सेनाओं की भागीदारी भारत की सुरक्षा, संप्रभुता और वैश्विक प्रतिष्ठा को सुनिश्चित करती है।



लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

हर एक बल अपनी-अपनी सीमाओं में राष्ट्र के लिए समर्पित है और साथ मिलकर एक अभेद्य सुरक्षा कवच का निर्माण करते हैं। भारतीय थल सेना भारत की भूमि सीमाओं की रक्षा करती है। युद्ध काल में दुश्मन से सीधी टक्कर लेना हो या शांति काल में आपदाओं में राहत पहुंचाना हो, थल सेना सदैव तत्पर रहती है।

भारतीय वायु सेना देश की हवाई सीमाओं की रक्षा करती है और दुश्मन के विमानों, मिसाइलों या ड्रोन की हमले से राष्ट्र को सुरक्षित रखती है। यह सबसे आधुनिक तकनीकों से लैस है। भारतीय नौ सेना देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा करती है। भारत के पास लगभग 7516 किलोमीटर लंबा समुद्री तट है और नौ सेना इसे सुरक्षित रखने का दायित्व निभाती है। सभी सेनाओं का प्रत्येक जवान अपने जीवन का हर क्षण देश को समर्पित करता है। वे कठिन पर्वतीय इलाकों में, बर्फीले तूफानों में, तपती रेत में, घने जंगलों में, समुद्र की लहरों में, आकाश की ऊंचाइयों पर, हर जगह पर डटे रहते हैं। उनकी दिनचर्या में परिवार से दूर रहना, मृत्यु की संभावनाओं से रोज दो-चार होना और फिर भी मुस्कुराते हुए सेवा देना शामिल है। जल, थल और नभ की सेनाएं मिलकर भारत को केवल बाहरी दुश्मनों से नहीं, बल्कि आंतरिक और वैश्विक खतरों से भी सुरक्षित रखती हैं। इनकी एकजुटता, अनुशासन और साहस देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें गर्व है कि हमारे पास ऐसी त्रि-शक्ति है, जो न केवल युद्ध के समय, बल्कि शांति और आपदा के समय भी राष्ट्र के साथ खड़ी रहती है। कारगिल युद्ध हो या उरी हमला, गलवान घाटी की मुठभेड़ हो या पुलवामा का बलिदान, हर बार भारतीय सेना ने अपनी वीरता से इतिहास रच दिया और अभी आतंकवाद के विरुद्ध पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में हमारे जवानों ने यह सिद्ध किया है कि भारत की तरफ उठने वाली हर नजर को भी झुका सकते हैं और जरूरत पड़ने पर मिटा भी सकते हैं।



सैनिकों को वंदन करना केवल एक भाषण या कविता पढ़ना नहीं है, बल्कि इसका वास्तविक अर्थ है देश प्रेम को अपने जीवन में उतारना, सरकारी संपत्ति की रक्षा करना, झूठ, भ्रष्टाचार और देश विरोधी गतिविधियों का विरोध करना। सेना के लिए दान, सेवा और सम्मान में भागीदारी करना। हमारे सैनिक अपने कर्तव्य का पालन कर रहे हैं। हमें भी नागरिक होने के नाते अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करना चाहिए। यही उनका सच्चा सम्मान होगा। भारतीय सैनिक हमारे राष्ट्र की सुरक्षा की पहली और सबसे मजबूत दीवार है।

जब हम चैन से सोते हैं, तब सीमाओं पर जवान जागते हैं। जब देश पर संकट आता है तो सबसे पहले हमारी सेना डटकर खड़ी होती है। ऐसे वीर सैनिकों के प्रति हमारा केवल आभार व्यक्त करना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि हर नागरिक का यह नैतिक और राष्ट्रीय कर्तव्य है कि वह सेना के सम्मान और समर्थन में अपनी भूमिका निभाए। हर भारतीय को सेना और उसके जवानों के प्रति श्रद्धा रखनी चाहिए। शहीदों की कुर्बानियों को याद रखना, राष्ट्रीय पर्वों पर उन्हें सम्मान देना और उनके लिए गर्व से बोलना एक सशक्त कर्तव्य है। जवानों के परिवारों ने भी राष्ट्र के लिए बहुत कुछ खोया है। शहीदों के परिवारों को सहायता, सम्मान और सामाजिक सहयोग देना नागरिकों की जिम्मेदारी है। सच्ची देशभक्ति केवल नारों में नहीं होती, बल्कि यह हमारे व्यवहार में होनी चाहिए। जब हम सुबह की पहली किरण में सुकून की सांस लेते हैं, बच्चों को स्कूल भेजते हैं और दफ्तर की ओर निकलते हैं-तब कहीं दूर देश की सीमा पर एक सैनिक अपने जीवन का हर पल हमारे लिए समर्पित कर चुका होता है। उसका जीवन किसी आम नागरिक की तरह नहीं होता, जहां अपने सपनों, परिवार और इच्छाओं की स्वतंत्रता हो। उसके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता सिर्फ एक चीज होती है, वह है--'राष्ट्र'। 'शहीद' शब्द अपने आप में पवित्र है। आइए,,, हम सब मिलकर इन वीर सेनाओं को नमन करें, इनका वंदन करें और अभिनंदन करें और अपने कर्तव्यों के माध्यम से इनकी ताकत बनें।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# भारत को सराय नहीं, देश बनाने की जरूरत

पहलगाम की आतंकी घटना से पता तो चला भारत में कितने पाकिस्तानी नागरिक बांग्लादेशी रोहगिया छिपे हैं। सरकार जो नींद में थी जाग तो गई, सरकार के इस कदम की सराहना तो करना होगा। सबको चुन-चुन कर खोजकर वापस भेजने का जो बीड़ा उठाया है।

भारत कितना सहनशील है कि अपने नागरिकों से हर जगह पहचान मांगता है। हम कितने सुंदर पड़ोसी भी है कि कोई कहीं से आकर किरायेदार या मकान फ्लैट खरीदकर रहने लगता है। हम सब पूछते नहीं कि कौन है कहां से आए है। कारण कि खुद की बनाई गई एक बहुत संकीर्ण सी दुनिया में अब रहने लगे हैं। मेरे अगल-बगल कौन है पता नहीं। यह स्थितियां हर शहरों के फ्लैटों-मकानों में है। कोई पता पूछता है। हम कहते हैं मुझे नहीं पता दरवाजा बंद कर लेते हैं। यह मेरे अंदर का डर ही दरवाजा बंद करा देता कि कौन क्यों बात करें। हम अपने दायरे में हो गए हैं। तभी पड़ोस के मकान में चोरी हत्या हो जाती है या कोई अपने कमरे में मर जाता है। किसी अगल-बगल आस पड़ोस को पता नहीं चल पाता है। कारण सामाजिक दूरी अपने में रहने की आदत ही समाज को अलग-थलग कर रहा है किसी का किसी से कोई संवाद नहीं हो रहा है संवादहीनता भी समाज के लिए घातक है। हम कहेंगे आधुनिक समाज की समझ यही है और है भी नहीं ।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक

जो पड़ोस में आया है वह कौन है। कोई पता करने जानने की जहमत नहीं उठाना चाहता सबको यह भय है कि अगर बात करेंगे तो शायद मदद करना पड़ेगा। मदद न करना हो अपने घर में न बैठाना हो बस कोई पूछताछ और बात मत करो देखो मत दरवाजा बंद करो का नया समाज बन रहा है। एकाकी समाज क्यों पता करे। अब तो जो यह नया फैशन चला आन लाइन खरीददारी का यह एक और तरह की समस्या है। डिलिवरी वाला अगर पहले फ्लोर पर है तो घंटी बजा देगा पता पूछेगा नाम से पर हमको कहा पता की कौन मेरे बगल में कौन उपर है। जब यह नहीं जानते हैं कि पड़ोसी का क्या नाम है। तो भला हम कैसे देश में रह रहे पाकिस्तानी और बांग्लादेशी या किसी विदेशी को जानेंगे विशेषतौर पर जब वेशभूषा अपनी तरह का रंग और चेहरा तो फिर और मुश्किल है। पहचान पर हम तो पहचानान चाहते नहीं है। अपनी ही दुनिया में रहना सीख रहे हैं। तभी तो बहुत सी परेशानियां से हमारे बुजुर्ग लड़ रहे हैं। अकेलेपन से स्वयं से न पड़ोस है न रिश्तेदार है।



सवाल तो यह भी उठेगा कि अगर पहलगाम में आतंकी गतिविधियां नहीं होती, तो शायद जो इतनी बड़ी संख्या में एक झटके में पाकिस्तान के नागरिक मिल गए, तो क्यों कैसे। यह भी तो सवाल है कि बीस साल से रह रहे थे। सरकारों को पता नहीं चला कि भारत भूमि पर पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं और क्यों रह रहे हैं क्या कर रहे थे। पहलगाम का आतंकी घटना इतना दर्दनाक रहा, देश के लिए कि देश का हर कोना जैसे किसी भयंकर भूकंप ने हिला दिया हो और हर कोने से चित्कार उठने लगी इस भूकंप को अब रोकना होगा, जो हमारे लिए ही खतरा बन रहा है। हर तरह का समाज हर धर्म के लोग सड़क पर आ गए कि कैसे भी हो यह नर पिचाश जो देश की अस्मिता अखंडता धार्मिकता मानवता पर कहर बरपाया है ।

इसके साथ इसको पालने पोसने वालों को भी सबक सिखाया जाए कि इसकी सात पीढ़िया याद रखेगी। हम सहनशील भारतीय नागरिक है। पर यदि हमारे नागरिकों पर कोई हमला करेगा तो उसे विनाश के आखिरी दरवाजे पर जाकर दफन कर दिया जाएगा। यह भारत जब मौन है तो समझो पड़ोसी सुरक्षित जिस दिन भारत मौन तोड़ता है तो फिर पड़ोसी को टुकड़ों में बांट देता है खंड-खंड कर देता है।

शायद पड़ोसी यह भूल जाता है कि 1971 में भारत ने कैसा सबक सीखाया है। कारगिल में गिराया पर यह एक ऐसा देश है जो हर बार हरकत करता है मरता है फिर माफी मांगता है। खैर माफी नहीं सजा ही श्रेयष्कर होगा। अब सही समय आ गया है देश की सरकार को व्यापक तरीके से हर तरह के अवैध नागरिकों की सही पहचान करके देश से बाहर करें महानगरों से झोपड़ियां हटाई जाएं, वह वोट बैंक की राजनीति से परे होकर काम हो 1971 के बाद जो भी भारत में रह रहा है। किसी भी प्रदेश में, शहर में, गांव में सबकी पहचान करके हटाया जाए, भारत को सराय नहीं बल्कि भारत देश बनाया जाए। अगर ऐसा नहीं होगा तो एक दिन हर शहर, हर गांव, हर गली भारत का नया पहलगाम बनता जाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भारत** और पाक के बीच युद्धविराम घोषित कर दिया गया, परंतु उसे पूरी तरह लागू करने का सच अभी सामने आना है। भारतीय सेनाओं के घातक प्रहारों से जब पाक के 6 महत्वपूर्ण एयरबेस और एयर डिफेंस और करीब 35 फीसदी वायुसेना का बुनियादी ढांचा तबाह हो गया, 'मिट्टी-मलबा' हो गया, तब पाक को घुटनों पर आना पड़ा। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की पोस्ट सार्वजनिक होने से पहले ही शनिवार सुबह पाक के डीजीएमओ मेजर जनरल कशीफ अब्दुल्ला ने भारत के समकक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को फोन कर युद्धविराम की गुहार लगाई थी। दोनों अधिकारियों ने 'हॉटलाइन' पर एक बार फिर बातचीत की और युद्धविराम की शुरुआती सहमति बनी। बेशक ट्रंप इस युद्धविराम में मध्यस्थता का श्रेय लेते रहें, परंतु न तो भारत सरकार यह मध्यस्थता मानती है और न ही देश का आम नागरिक यकीन करता है। भारत-पाक में सीधे ही बात हुई। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने पहले युद्धविराम की घोषणा की। यही सत्य है। **कमल कुमार, गगल**

# पहलगाम से सिंदूर तक : जब भारत ने आतंक के विरुद्ध उठाई निर्णायक तलवार

पहलगाम की वादियों में 22 अप्रैल की वह दोपहर हरियाली नहीं, लहू की लाली बनकर उतरी। जहां कुछ ही पल पहले पर्यटकों की हंसी-ठिठोली गूंज रही थी, वहां अचानक बारूद की गंध और गोलियों की गूंज ने सब कुछ बदल दिया। यह हमला किसी सैन्य चौकी पर नहीं, बल्कि निहत्थे, निर्दोष नागरिकों पर किया गया था। वे लोग जो केवल सुकून और सौंदर्य की तलाश में आए थे, 26 मासूमों की निर्मम हत्या और दर्जनों घायल, ये मात्र आंकड़े नहीं थे, बल्कि भारत की आत्मा पर गहराई से किया गया हमला था। बरसों से शांति, संवाद और संयम की राह अपनाने वाले राष्ट्र के भीतर अब एक नई ज्वाला भड़क उठी, यह आक्रोश था, चेतना थी और यह प्रण था कि अब चुप्पी नहीं, निर्णायक उत्तर होगा।



लेखक : हितेंद्र शर्मा
चिंतक एवं साहित्यकार

भारत सरकार ने जो निर्णय लिए, वे स्पष्ट संकेत थे कि यह घटना अब केवल 'निंदा' का विषय नहीं रहने वाली। सिंधु जल संधि को निलंबित करना और वाघा-अटारी सीमा को बंद करना सिर्फ कूटनीतिक चालें नहीं थीं, यह भारत की बदली हुई मानसिकता का परिचय था। देशभर में लोग सड़कों पर उतरे, विदेशों में बसे प्रवासी भारतीयों ने भी विरोध-प्रदर्शन किए। न्यूयॉर्क से लेकर लंदन तक भारतीय समुदाय की एकजुटता ने यह जताया कि यह संकट केवल एक सीमित भूभाग का नहीं, पूरे भारत का है। 'ऑपरेशन सिंदूर' की शुरुआत हुई। यह कोई आवेश में लिया गया कदम नहीं था, बल्कि एक सुनियोजित और सटीक प्रतिघात था।

भारतीय वायुसेना और थलसेना ने मिलकर आतंक के उन अड्डों को निशाना बनाया, जो वर्षों से सीमा पार सुरक्षित माने जाते थे। भारत ने सौ से अधिक आतंकियों के मारे जाने का दावा किया। पाकिस्तान के प्रतिवादों को भारत ने न केवल खारिज किया, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई आत्मरक्षा में की गई है। इस सैन्य पहल ने यह संदेश दिया कि भारत अब केवल एक पीड़ित राष्ट्र नहीं, बल्कि न्याय की खातिर आक्रोश को स्वर देने वाला सशक्त राष्ट्र है। विश्व समुदाय की प्रतिक्रिया भी अब बदलती दिखाई दी।



संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भले ही संयम की अपील की, लेकिन अमेरिका, रूस और ब्रिटेन जैसे देशों ने अप्रत्यक्ष रूप से भारत की स्थिति को समर्थन दिया। भारत ने केवल सैन्य तैयारी नहीं की, बल्कि नागरिक स्तर पर भी जागरूकता और सुरक्षा को लेकर कदम उठाए। 'ऑपरेशन अभ्यास' के तहत देश के 244 जिलों में युद्धकालीन सुरक्षा ड्रिल आयोजित की गई। इसमें ब्लैकआउट, हवाई हमले की चेतावनियां, आपात निकासी जैसी गतिविधियां शामिल थीं। यह पहल बताती थी कि भारत अब केवल युद्ध के मोर्चे पर नहीं, बल्कि सामाजिक और नागरिक मोर्चे पर भी तैयार रहना चाहता है। इस संघर्ष का एक और पक्ष सांस्कृतिक था। भारतीय मंचों से पाकिस्तानी कलाकारों, फिल्मों और कार्यक्रमों को हटाना एक भावनात्मक, लेकिन आवश्यक कदम था।

कला, व्यापार, वीजा – हर स्तर पर भारत ने यह स्पष्ट किया कि अब कोई समझौता नहीं होगा। 12 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्र को संबोधन एक ऐतिहासिक क्षण बन गया। यह भाषण केवल एक सरकार का वक्तव्य नहीं था, यह भारत की आत्मा की पुकार थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान के साथ भविष्य में कोई भी वार्ता केवल आतंकवाद और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर केंद्रित होगी। यह एक ठोस चेतावनी थी – नर्म नहीं, निर्णायक। 22 अप्रैल से 12 मई 2025 तक का यह कालखंड भारत के लिए केवल एक सुरक्षा संकट नहीं था।

यह भारत की आत्मचेतना का पुनर्जागरण था। यह वह समय था जब भारत ने अपने पुराने घावों को केवल सहने की बजाय उनका उत्तर देना सीखा। उसने संयम को ताकत में बदला, पीड़ा को प्रतिकार में रूपांतरित किया और एक ऐसे भविष्य की ओर कदम बढ़ाया जो आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी था। यह संघर्षविराम नहीं था, यह उस भारत का उदय था जो घायल होने पर करुणा नहीं, साहस से जवाब देता है। जो अब केवल शब्द नहीं, निर्णयों की भाषा में बात करता है। जो अपनी सीमाओं की रक्षा केवल सीमा पर नहीं, बल्कि संस्कृति, कूटनीति और जनचेतना के माध्यम से करता है। यह वही भारत है-अडिग, अटल और आत्मसम्मान से भरपूर।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में जिम्मेदार राष्ट्र की भूमिका में भारत

ऑपरेशन सिंदूर के बीच पाकिस्तान के तमाम हवाई हमलों को विफल बनाकर अपनी अचूक मारक क्षमता का परिचय देते हुए भारत ने अघोषित युद्ध में एकतरफा सैन्य सामर्थ्य की अभिव्यक्ति के बावजूद अमेरिकी मध्यस्थता में संघर्ष विराम पर सहमति जताई जो इस बात का प्रमाण है कि भारत अंतरराष्ट्रीय शांति एवं समृद्धि का पक्षधर रहा है एवं वैश्विक शांति के लिए वह जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में युद्ध के सभी विकल्पों को खुले रखे हुए है।



लेखक : अजय श्याम
स्वतंत्र लेखक

नरेंद्र मोदी भारत की गौरवमयी परंपराओं के संरक्षक के रूप में सदैव उच्च मानवीय मूल्यों पर आधारित वैश्विक व्यवस्था के निर्माण के पक्षधर रहे हैं जिससे उनकी वैश्विक स्वीकार्यता बनी है।

ऐसे में पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकी अड्डों को ध्वस्त करने के लिए जहां उनकी अदम्य साहस भरी कार्रवाई ने पाकिस्तान के भीतर घुसकर नौ आतंकी अड्डों को ध्वस्त करके यह संदेश दिया है कि भारत अपनी संप्रभुता एवं नागरिक सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है वहीं पाकिस्तान को घुटने पर लाने के बावजूद अमेरिकी मध्यस्थता के बीच संघर्ष विराम पर सहमति देकर विश्व समुदाय को ये संदेश दिया है कि भारत की मंशा कभी लंका पर शासन की नहीं रही है, परंतु भारत यह भी सुनिश्चित करता रहा है कि लंका में रावण का वध तो अवश्यमेव होना ही है अर्थात भारत पाकिस्तान की संप्रभुता का सम्मान तब तक ही करेगा जब तक वह आतंकी आसुरी ताकतों को अकुंश में रखेगा।



भारत की भूमि सदा शक्ति संचय के साथ-साथ शांति की पक्षधर रही है महाभारत में भगवान कृष्ण ने स्वयं युद्ध टालने के अनेक प्रयत्न किए इंद्रप्रस्थ पर पांडवों के सिद्ध अधिकार को तिलांजलि देकर भी केवल पांच गांव में पांडवों की संतुष्टि के पैरोकार कृष्ण कभी नहीं चाहते थे कि तात्कालिक समाज को युद्ध की विभीषिका में धकेला जाए, परंतु दुर्योधन की हट के आगे उन्हें युद्ध को अंतिम विकल्प के रूप में ही चुनना पड़ा। भारत एवं पाकिस्तान दो न्यूक्लियर ताकते हैं जिनका बढ़ता संघर्ष क्षेत्रीय ही नहीं अपितु वैश्विक शांति के लिए खतरा है, नाभिकीय हथियारों का प्रयोग समस्त मानवजाति के लिए खतरा है। ऐसे में दोनों देशों के बीच संघर्ष की स्थिति पर पूरा विश्व समुदाय नजरें गड़ाए बैठा है जिसके चलते पाकिस्तान के गिड़गिड़ाने के बीच अमेरिकी नेतृत्व ने संघर्ष विराम के लिए भारत से आग्रह किया एवं भारत ने अपनी शर्तों पर युद्ध को अंतिम विकल्प के रूप में रखते हुए आतंक से बिना समझौता किए बृहद वैश्विक शांति एवं अंतरराष्ट्रीय स्थिरता के लिए एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में अपनी भूमिका अदा की है।

वहीं इजरायल हमास संघर्ष ने भी इस्लामिक एवं नॉन इस्लामिक ध्रुवीकरण के विमर्श से वैश्विक संघर्ष की भूमिका बनानी आरम्भ कर दी है, पाकिस्तान भी अब इस्लामिक विक्टिम कार्ड खेलकर इसी ध्रुवीकरण की आड़ में फिलिस्तीन के नक्शे कदमों पर इस्लामिक राष्ट्रों को भारत-पाक संघर्ष में अपने पक्ष में झुकाना चाहेगा, परंतु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में टर्की एवं अजरबेजान के अलावा मोदी की सफल कूटनीति के चलते कोई इस्लामिक राष्ट्र अभी तक पाकिस्तान के पक्ष में नहीं उतरा, परंतु यह भी सत्य है कि जैसे ही भारत पाक संघर्ष वैश्विक स्वरूप धारण करेगा। जहां तक प्रश्न भारत का है भारत ने अपने सैन्य पराक्रम एवं कूटनीतिक निर्णयों के दम पर रामधारी सिंह दिनकर की उन पंक्तियों को चरितार्थ कर ही दिया है जिसमें वे कहते हैं 'सच पूछो तो शर में ही बस्ती है दीप्ति विनय की, संधि वचन संपूज्य उसी का जिसमें शक्ति विजय की।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सीबीएसई परीक्षा में एसपीएस स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

## 12वीं के रिजल्ट में अनन्या ठाकुर ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल में झटका प्रथम स्थान

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल सरकाघाट ने एक बार फिर अपनी गुणवत्ता और समर्पण का प्रमाण देते हुए कक्षा 10वीं और 12वीं के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणामों में 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। इस उल्लेखनीय सफलता पर स्कूल में हर्ष और गर्व का माहौल है।

विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र कुमार राणा, निदेशक पीसी ठाकुर, प्राचार्य नरेंद्र कुमार गौतम, नेकराम स्कूल अधीक्षक ने सभी विद्यार्थियों को उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने इस सफलता के लिए समस्त शिक्षकगणों, गैर-शिक्षण स्टाफ और अभिभावकों का भी विशेष आभार व्यक्त किया, जिनकी सतत मेहनत, प्रेरणा और समर्थन से यह गौरवपूर्ण उपलब्धि संभव हो सकी। कक्षा 12वीं के परिणामों में अनन्या ठाकुर ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनके बाद समालिका ठाकुर ने 76.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और केशव कौशल ने 75.2 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों ने अपने अनुशासन, परिश्रम और समर्पण से यह सफलता अर्जित की है, जो अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

कक्षा 10वीं के परिणाम भी समान रूप से शानदार रहे। अक्षरा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शालिनी ने 80 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान अर्जित किया, जबकि अक्षित और सागरिका ने 79.6 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इन विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है।




# द फीनिक्स स्कूल की 12वीं की छात्रा मनरूप ने 92 प्रतिशत अंक लेकर झटका पहला स्थान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित जमा दो और दसवीं कक्षा में जिला मंडी (बैहना) स्थित द फीनिक्स स्कूल ऑफ इंटीग्रेटेड लर्निंग का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। पाठशाला की प्रधानाचार्या गीता शर्मा ने बताया कि सभी विद्यार्थी बहुत अच्छे अंक प्राप्त करके उत्तीर्ण हुए।

पाठशाला की कक्षा 12वीं की मेधावी छात्रा मनरूप ने 92 प्रतिशत अंक लेकर के प्रथम स्थान प्राप्त किया। देवांगी 89 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रही। दिया महाजन और ट्विंकल ने 88 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया और पियुष और सनल शर्मा ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

कक्षा 10वीं की छात्रा संस्कृति शर्मा ने 96 प्रतिशत, अपूर्वा 93, साक्षी 92, दिव्या गौतम 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 9 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया, जबकि आठ छात्र 70 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण हुए और अन्य छात्र प्रथम श्रेणी में 60 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण हुए। पाठशाला के चेयरमैन सुरेंद्र चौधरी, प्रबंधक विजय चौधरी, प्रधानाचार्या व सभी अध्यापकों ने बच्चों की इस महान उपलब्धि पर उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की और छात्रों व उनके अभिभावकों को सहृदय बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की।




# महिमा ने 94.83 और मौलिका ने झटके 94.17 प्रतिशत अंक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। सीबीएसई द्वारा घोषित हुए कक्षा 10वीं के परिणामों में सभी छात्रों ने शानदार सफलता हासिल की, जिसमें महिमा ने 94.83 प्रतिशत ,मौलिका ने 94.17 प्रतिशत और ज्ञान ने 91.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल प्रशासन ने इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी है।



# डीएवी स्कूल मंडी के छात्र भव्य ने नॉन मेडिकल में झटके 95 प्रतिशत अंक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसमें डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल मंडी ने एक बार फिर उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन की परंपरा को कायम रखते हुए दोनों कक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने बताया कि सत्र 2024-25 में कक्षा बारहवीं के 95 व कक्षा दसवीं के 165 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया और सभी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए परीक्षा उत्तीर्ण की।

बारहवीं कक्षा के संकायवार श्रेष्ठ प्रदर्शन में नॉन मेडिकल में भव्य-95 प्रतिशत (प्रथम), मेडिकल में ईशान ठाकुर 93 प्रतिशत (प्रथम), वाणिज्य संकाय में शिवेन शर्मा ने 95.4 प्रतिशत (प्रथम), कला संकाय में प्रथम ठाकुर 96 प्रतिशत (प्रथम) स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त कक्षा दसवीं में श्रेष्ठ प्रदर्शन में रिधिमा शर्मा 97.8 प्रतिशत (प्रथम) तथा, विशाक्षी ठाकुर- 97.6 प्रतिशत (द्वितीय) तथा स्वधा शर्मा- 96.8 प्रतिशत (तृतीय) स्थान पर रहे। इस वर्ष विद्यालय से कक्षा बारहवीं के 25 विद्यार्थियों और कक्षा दसवीं के 44 छात्रों ने 90 व 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।




# इंडस ग्लोबल की छात्रा ईशिता ने अर्थशास्त्र में प्राप्त किए 100 अंक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। इंडस ग्लोबल स्कूल का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ईशिता सैनी ने 95.4 प्रतिशत, आदित्या राज ने 92.6 प्रतिशत, वंशिका ने 92 प्रतिशत, अंक हासिल किए । विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता के लिए प्रधानाचार्या तथा विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए, उनके प्रयासों की सराहना की। विद्यालय की यह सफलता छात्रों की मेहनत के साथ-साथ शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का भी प्रतिफल है। 1



# कार से 1.146 किलो चरस बरामद

## सुंदरनगर पुलिस को मिली सफलता, हरियाणा के दो तस्करों ने 2 लाख में खरीदी थी

उमेश, सुंदरनगर

सुंदरनगर पुलिस ने हरियाणा के दो तस्करों की कार की डिक्की से 1.146 किलोग्राम चरस की बड़ी खेप के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई मंगलवार को की गई, जब पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने पुंघ के पास नाकाबंदी के दौरान जांच अभियान चलाया था। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल दीनानाथ, कांस्टेबल रमेश कुमार, एचएचजी विजय सेन और चालक राजेश सेन शामिल थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम किरतपुर-मनाली फोरलेन पर मनाली की ओर से आ रहे वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कार नंबर एचआर-26-बीडी-9980 की तलाशी ली गई, जिस दौरान डिक्की से चरस बरामद की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 और 29 के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मनोज कुमार (45) पुत्र श्रीकृष्ण निवासी गांव कटवाल, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत, हरियाणा और दीपक (34) पुत्र रघुवीर निवासी गांव तिहाड़ मलिक, तहसील गोहाना जिला सोनीपत, हरियाणा के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने यह चरस मनाली की सोलंग वैली से लगभग 2 लाख रुपए में खरीदी थी और इसे हरियाणा ले जाया जा रहा था। पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना सुंदरनगर ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों में एफआईआर दर्ज की है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच की जा रही है।


चरस के साथ पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ।

## न्यूज ब्रीफ

### किराना दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। उपमंडल सुंदरनगर के महादेव धनोटू में मंगलवार को किराना की दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया है। अग्निकांड का पता चलते पर बीएसएल परियोजना की फायर ब्रिगेड मौका पर पहुंची, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया सब कुछ जल कर राख हो गया था। अग्निकांड का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार धनोटू में मंगलवार तड़के दया राम पुत्र नरुराम निवासी गांव धनोटू डाकघर महादेव की टीनपोश किराना दुकान में आग लग गई। जब रात को वहां से निकले लोगों ने आग लगी देखी तो शोर मचाया और पुलिस व फायर ब्रिगेड को इस बारे सूचित किया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड ने जब तक मौका पर पहुंच कर आग पर काबू पाया सब कुछ जल चुका था। दया राम ने पुलिस को दिये बयान में अग्निकांड में लाखों का नुकसान होने की बात कही है और इसको लेकर किसी पर कोई शक शुबा नहीं बताया है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया पुलिस आगजनी के कारण की जांच कर रही है।

### युवती को ब्लैकमेल करने पर मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। थाना सरकाघाट के अंतर्गत सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। यह मामला एक युवती की शिकायत पर पंजीकृत किया गया है, जिसने सोशल नेटवर्किंग के लिए 'टैंगो' नामक एक एप्लिकेशन का उपयोग करना शुरू किया था। शिकायत के अनुसार, एक युवक ने उससे दोस्ती कर फेस मॉर्फिंग और एआई तकनीक का दुरुपयोग करते हुए उसकी एक वीडियो रिकॉर्डिंग बनाई। इस वीडियो को बाद में टेलीग्राम पर विभिन्न समूहों और चैनलों में प्रसारित किया गया। इतना ही नहीं, आरोपी ने कथित रूप से युवती का असली नाम उपयोग कर उसे बदनाम करने की कोशिश की और वीडियो व तस्वीरें इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट कीं।इसके साथ ही, युवती को धमकी भरे और ब्लैकमेलिंग संदेश भेजे जाने का भी आरोप है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि करते हुए यह मामला सही पाया गया तो आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नरेश चौहान करेंगे मांहूनाग मेले का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, करसोग। पांच दिवसीय जिला स्तरीय दानवीर कर्ण श्री मूल मांहूनाग मेले का आयोजन 14 से 18 मई तक किया जाएगा। मेले का शुभारंभ 14 मई को मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान करेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार नरेश चौहान प्रातः 11 बजे शिमला से मांहूनाग करसोग के लिए प्रस्थान करेंगे और दोपहर एक बजे जिला स्तरीय श्री मूल मांहूनाग मेले का विधिवत शुभारंभ करेंगे।

### एसएमसी प्रधान बने अंकुश मोहन

अनंत ज्ञान, मंडी। जीसीपीएस बाल में स्कूल प्रबंधन कमेटी के चुनाव करवाए गए। अंकुश मोहन को प्रधान दूसरी बार अध्यक्ष और सुषमा शर्मा को सचिव, बंसी लाल (पूर्व पार्षद), डॉली देवी, लता देवी, स्वाति शर्मा व टिकम देवी को सदस्य चुना गया। अंकुश मोहन ने कहा कि वे स्कूल की हर समस्या का निवारण करने में तत्पर रहेंगे।

### मंदिर प्रांगण का किया जाए विस्तारीकरण

अनंत ज्ञान, बरोटा। छोटाभंगाल घाटी गांव नल्होता में स्थित देव अजियापाल के मंदिर के भवन को स्थानीय लोगों के सहयोग से बेशक भव्य रूप दे दिया गया है। इस कारण स्थानीय लोग अति प्रसन्न भी हैं, मगर इस मंदिर का प्रांगण इतना कम है कि यहां पर आयोजित देव जातर के दौरान देव खेल देखने के लिए दर्शकों को आसपास के लोगों के घरों तथा छतों का सहारा लेना पड़ता। जिस कारण दर्शकों को देव खेल देखने के लिए भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उस दौरान देव खेल को देखने के लिए उचित स्थान न मिलने के कारण कई वंचित भी रहना पड़ता है। बड़ा ग्रां पंचायत के उपप्रधान राज कुमार ठाकुर ने बताया कि इस मंदिर के प्रांगण की बढ़ौतरी करना बेहद आवश्यक हो गया है। देवता के मुख्य गूर पहाड़ चंद व सहयोगी गूर संतोष कुमार, पुजारी मेघ राज, कोक सिंह सहित बड़ा ग्रां पंचायत के लोगों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि देव अजियापाल के मंदिर के प्रांगण की बढ़ोतरी के लिए धनराशि प्रदान की जाए, ताकि देव खेल के दौरान वहां पर उपस्थित होने वाले सभी दर्शक देव खेल का भरपूर आनंद उठा सकें।

### बसों के रूट बंद होने से लोग परेशान

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। क्षेत्र के सरकाघाट बस डिपो से सजाओपिलू, पिपली, डरवाड़, घरवासड़ा, गरली, अंसवाई, भड्डू, चरच्याल गांवों के लिए चलने वाली दो बसें बंद होने व कमलाह-धर्मपुर-गरली और सरकाघाट बस के कभी कभार चलने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सुबह पौने आठ बजे सरकाघाट से अंसवाई और दिन में अढ़ाई बजे गरली और फिर वापस सरकाघाट चलने वाली बसें बंद कर दी गई हैं जिससे सवारियों को भारी समस्या हो रही। वहीं कमलाह गरली सरकाघाट बस कभी कभार आती है। पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह किसान सभा के रूप चंद, सोहन सिंह, जीत सिंह रूप लाल बिष्ट, सुरेंद्र पठानिया, मेहर सिंह, अशोक कुमार, मोन सिंह, बालकृष्ण, पृथ्वी सिंह, देवराज, रतन चंद, महाजन सिंह, हेमचन्द, बलदेव, मिलाप चंदेल, सूरत सिंह, राजू राम,जीत सिंह, रणताज राणा, मोहनलाल, हजारी लाल, नानक चंद, बालम राम, देश राज इत्यादि ने बंद बस रूटों पर जल्दी बसें लगाने की मांग की है और यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो सड़क पर उतर कर विरोध किया जाएगा। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि धर्मपुर और सरकाघाट डिपो की कार्यप्रणाली पूरी तरह चरमरा गई है।

# केएस जम्वाल को वरिष्ठ उपप्रधान व जेपी गुप्ता को मिली महासचिव की जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**असहाय सेवा समिति सुंदरनगर की कार्यकारिणी गठित**

हाल ही में संपन्न हुए असहाय सेवा समिति के द्विवार्षिक साधारण अधिवेशन में सर्वसम्मति से प्रेम लाल सैनी की अध्यक्षता वाली पुरानी कार्यकारणी को एक बार फिर दो वर्षों के लिए सेवा विस्तार दिया गया था। इसमें कार्यकारिणी में नए पदाधिकारियों व सदस्यों को शामिल किया गया। बैठक समिति के संरक्षक जनक राज सेन की अध्यक्षता में हुई, जिसमें वरिष्ठ उप प्रधान ई. केएस जम्वाल, महासचिव ई. जेपी गुप्ता, कोषाध्यक्ष मस्त राम वर्मा, ई. सीएल गुप्ता सलाहकार, डॉ. केशवा नंद, सोहन लाल गौतम उपप्रधान, रोमा चौहान, नेक सिंह सेन सह सचिव, अश्वनी सैनी प्रेस सचिव, मीना शर्मा, डॉक्टर परस राम चौहान, ई. गोपाल गुप्ता, नीना सुद देविंद्र कुमार, मनोहर लाल को कार्यकारी सदस्य, राज कुंदल सेन को अतिरिक्त कार्यकारी सदस्य, दर्शन कालिया, दौलत राम चौहान, नरेश बेदी, बिमला सेन, खजान सिंह राधवा, यादविंद्र शर्मा व सरदार गोविंद सिंह को विशिष्ट आमंत्रित सदस्य चुना गया।

प्रधान प्रेम लाल सैनी ने बताया कि संस्था में कार्यरत चार उप समितियां हैं। इनमें शिक्षा के प्रभारी डॉक्टर केशवा नंद, समाजिक सुरक्षा के प्रभारी सोहनलाल गौतम, स्वास्थ्य के प्रभारी ई. केएस जम्वाल, मुफ्त शव वाहन के प्रभारी प्रधान प्रेम लाल सैनी को बनाया गया। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने कर ध्वनि से इसका स्वागत किया। प्रधान प्रेम लाल सैनी ने समस्त जनता से अनुरोध किया की इस संस्था से सुन्दरनगर व आसपास के लोग ज्यादा से ज्यादा जुड़ें जिससे सहयोग से समाज के ज्यादा असहाय लोगों की संस्था द्वारा सहायता हो सकें।

# चौहार घाटी की बरोट व लपास सहित कई पंचायतें सड़क सुविधा से वंचित

रूपी ठाकुर, बरोट। आजादी के लगभग सात दशक बाद भी चौहार घाटी की बरोट, लपास, बरधान, धमच्याण, लटराण, तरस्वाण पंचायतें सड़क सुविधा से वंचित हैं। इस कारण लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है साथ ही नगदी उत्पाद मंडियों तक पहुंचाने के साथ-साथ बीमार लोगों को पीठ पर उठाकर मुख्य सड़क तक पहुंचा कर अस्पताल पहुंचाने पड़ते हैं। इन सभी ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार पर क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाया है। ग्रामीण सुभाष, प्रेम सिंह, जयसिंह, भागमल, राजकुमार, बलदेव राज, सोहन सिंह, कृष्ण कुमार, रोशन लाल, छिज्जू राम, खेम सिंह ने बताया कि ये सभी गांव विकास की दौड़ से पीछे हैं। उनका कहना है कि चौहार घाटी के तहत आने वाले कहोग, कथयाड़ु, तरवाण, नमाण, पालागांठी, काव, कल्होग, जमटेहड़, लुशकूटला, शिड़ी रा फाट, घरवाण पद्धर, सचाण गहर आदि गांवों में सड़क सुविधा न होने के कारण आम लोगों खासकर स्कूली व कॉलेज के बच्चों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। गांववासियों ने प्रदेश सरकार से इन गांवों को सड़क से जोड़ने की जोरदार मांग की है। इस बारे में द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर का कहना है कि गांववासियों की मांग पर सीएम सुक्खू से बातचीत की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# मजबूत स्थिति में बिना शर्तों के युद्ध को रोकना देश के साथ धोखा: एनके पंडित

अनंत ज्ञान, मंडी

मंडी सदर कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एनके पंडित ने मोदी के देश के नाम संदेश पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। एनके पंडित ने कहा कि यह तो वही बात हो गई कि खोदा पहाड़ निकली चुहिया। प्रधानमंत्री को इस समय पाकिस्तान को सबक सिखा देना चाहिए था, पाक अधिकृत कश्मीर को वापस ले लेना चाहिए था और पाकिस्तान के दो टुकड़े करके बलूचिस्तान बना देना चाहिए था।

एनके पंडित ने कहा कि अचानक संघर्ष विराम करना समस्या का समाधान नहीं, वह भी तब जब हमारी सेना की स्थिति बेहतर थी। ऐसे में पाकिस्तान का न्यूक्लियर सेंटर ही ध्वस्त कर देना चाहिए था, ताकि भविष्य में पाकिस्तान भारत को परमाणु बम के नाम पर ब्लैकमेल न कर पाता। पूरा देश जानता है कि बिना पाक अधिकृत कश्मीर को खाली करवा कर संघर्ष बिना शर्तों पर कर देना देश के साथ धोखा है। आज हमारी स्थिति बहुत बेहतर है, जबकि हमने इंदिरा गांधी के समय पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे।



**कहा- पीएम मोदी को पीओके को लेना चाहिए था वापस**

# अवैध मछली पकड़ने की रोकथाम के लिए टीम की गठित: नीतू सिंह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**वित्तीय वर्ष में 221 मामलों में वसूला डेढ़ लाख जुर्माना**

सहायक निदेशक, मत्स्य, मंडी नीतू सिंह ने बताया कि मंडी जिला में अवैध मछली पकड़ने की गतिविधियों की प्रभावी रोकथाम के लिए विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम गठित की गई है।

उन्होंने बताया कि अवैध मछली शिकार एवं बिक्री का प्रकरण सामने आने पर संबंधित अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 221 मामले अवैध मत्स्य आखेट के पंजीकृत किए गए हैं, जिससे 1,57,155 रुपए का जुर्माना वसूल कर राजकीय कोष में जमा किया गया है। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में अब तक 27 मामले पंजीकृत किए गए हैं जिससे लगभग 15500 रुपये का जुर्माना प्राप्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला मंडी में सामान्य जल में जाल से मछली पकड़ने के लिए लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 531 लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि कोई भी इच्छुक व्यक्ति अपने आधार कार्ड तथा बैंक खाते की प्रति सहित अपने समीप के मत्स्य अधिकारी से संपर्क कर लाइसेंस बनवा सकता है। इसके अतिरिक्त लोक मित्र केंद्र में जाकर भी ऑनलाइन लाइसेंस बनाए जा सकते हैं। नीतू ने बताया कि अवैध रूप से मछली पकड़ने का कोई मामला आता है तो वे उनके कार्यालय को सूचित करें।

# अभिलाषी ग्रुप मंडी के 11 छात्रों का टोरेंट फार्मा में चयन

## कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से हुए चयनित, संस्थान के चेयरमैन ने उपलब्धि पर जताई खुशी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

अभिलाषी एजुकेशनल ग्रुप मंडी के लिए यह गर्व का क्षण है कि 11 छात्रों का चयन भारत की दवा कंपनी टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड में हुआ है। इस नियुक्ति प्रक्रिया में अभिलाषी विवि, अभिलाषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी व अभिलाषी पीजी इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेज के अंतिम वर्ष के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा एवं उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल का प्रदर्शन किया।

इस प्लेसमेंट ड्राइव में टेक्निकल असेसमेंट व साक्षात्कार सहित विभिन्न चयन चरणों के बाद ही छात्रों को चयनित किया गया। इस उपलब्धि पर अभिलाषी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरके अभिलाषी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि टोरेंट जैसी प्रतिष्ठित फार्मास्यूटिकल कंपनी में छात्रों का चयन हमारे लिए गर्व की बात है। वहीं अभिलाषी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. एलके अभिलाषी ने बताया कि चयनित छात्र अब टोरेंट के साथ अपने पेशेवर करियर की यात्रा शुरू करने के लिए तैयार हैं। विवि के कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने बताया कि कैंपस ड्राइव का आयोजन लगातार जारी है, जिसके अंतर्गत समस्त भारत की प्रतिष्ठित कंपनियों में छात्रों को रोजगार के अवसर मुहैया करवाए जा रहे हैं।

वहीं इस प्लेसमेंट ड्राइव के बारे में अधिक जानकारी देते हुए अभिलाषी ग्रुप के डायरेक्टर एडमिशन, ट्रेनिंग व प्लेसमेंट डॉ. शैम्पी दुग्गल ने बताया कि अभिलाषी विश्वविद्यालय के बी फार्मा कोर्स से तनिषा, ज्योति ठाकुर, कोमल शर्मा, गौरव कुमार, रोहित कुमार, तुपेंद्र ठाकुर, आशीष कुमार व अभिलाषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, नेरचौक के बी फार्मा से पायल, देवांशी सलवानी और अभिलाषी पीजी इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेज के एमएससी केमिस्ट्री विषय से राकेश कुमार व अजय कुमार जॉब के लिए चयनित हुए हैं। सभी चयनित छात्र क्वालिटी कंट्रोल के पद पर अपनी सेवाएं देंगे, वहीं चयनित छात्रों को सालाना 2 से 3 लाख तक के पैकेज ऑफर किए गए हैं।


टोरेंट फार्मा कंपनी में अभिलाषी ग्रुप मंडी के चयनित हुए विद्यार्थी स्टाफ के साथ।

# जोगिंद्रनगर बस स्टैंड पर अग्निशमन विभाग ने सिखाए आत्मरक्षा के गुर

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर बस स्टैंड के पास अग्निशमन विभाग की ओर से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें परिवहन निगम के कर्मचारियों, दुकानदारों और यात्रियों को आपदा के समय आत्मरक्षा के तौर-तरीकों की जानकारी दी गई। अग्निशमन विभाग की टीम ने आगजनी और भूकंप जैसी आपदाओं से निपटने के उपायों का डेमो प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को जागरूक किया। टीम ने बताया कि आपात स्थिति में घबराने की बजाय सूझबूझ से काम लेना चाहिए और प्राथमिक बचाव के तरीकों को अपनाकर जान-माल की हानि को कम किया जा सकता है। इस जागरूकता कार्यक्रम में वरिष्ठ कंपनी कमांडर नागेश्वर कुमार, कंपनी कमांडर लेखराम, फायरमैन लेख राम, गृह रक्षक रावत सिंह, वासुदेव और चालक प्रवीण कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में बस स्टैंड के दुकानदारों, परिवहन निगम के कर्मचारियों सहित आम जनता ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आत्मरक्षा की इस प्रशिक्षण पहल की सराहना की।


जोगिंद्रनगर में अग्निशमन विभाग के कर्मी आत्मरक्षा के गुर सिखाते हुए।

# कथौण में जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

अभिषेक, जोगिंद्रनगर। लडभड़ोल क्षेत्र के गांव कथौण में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां जहरीला पदार्थ गलती से निगलने से एक 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार को सनी कुमार (32) ने अपने घर में गलती से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उस समय सनी घर में अकेला था, जबकि उसकी पत्नी और बच्चे मायके गए हुए थे। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने 108 एंबुलेंस सेवा को सूचित किया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने सनी को सिविल अस्पताल लडभड़ोल पहुंचाया, जहां उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। हालत गंभीर देखते हुए उसे टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हालांकि, उपचार के दौरान सोमवार रात को सनी कुमार की मृत्यु हो गई। पुलिस चौकी लडभड़ोल के प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मामले की जांच की जा रही है। इस घटना ने क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है। (अनंत ज्ञान)

# अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर मोहा मन


अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित किया जा रहा है। इसका आयोजन भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते स्थगित किया गया था। जिसे मंगलवार से दोबारा शुरू कर दिया गया है। इसके अंतर्गत अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने सिविल अस्पताल सुंदरनगर में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें मैट्रन रमना ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कॉलेज की छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा अतिथियों का मन मोह लिया। वहीं मुख्यातिथि ने इस दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा कॉलेज की एडमिस्ट्रेटर नेहा ठाकुर, सह प्राचार्य प्रियंका ठाकुर, स्वाति शर्मा, होनीत शर्मा, दीक्षा ठाकुर, पूनम शर्मा और अन्य स्टाफ मौजूद रहा। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधन ने भी सभी को नर्सिंग दिवस की बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### उद्योग के कर्मचारी की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में स्थित एक उद्योग में कार्यरत एक कर्मचारी की सोमवार-मंगलवार मध्य रात्रि रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। वह रात को अपने कमरे में सो रहा था लेकिन जब किसी ने उसे उठाने का प्रयास किया तो अंदर से कोई जवाब नहीं आया। इस पर जब खिड़की से झांक कर देखा तो वह कमरे में ही अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही गगरेट पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मौत के कारणों को जानने के लिए पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेजा है। शिमला के संजौली का रहने वाला चमन लाल वर्मा (52 वर्ष) औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में स्थित एक उद्योग में पिछले काफी समय से कार्यरत था और गगरेट में किराए के कमरे में रह रहा था। गगरेट पुलिस ने जब दरवाजा तोड़कर देखा तो वह मृत पाया गया। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

### नीलकंठ महादेव में मूर्ति स्थापना समारोह 16 को

**विवेक शर्मा, अंब।** श्री नीलकंठ महादेव मंदिर बडूही में इस वर्ष 16 मई, 2025 को मूर्ति स्थापना दिवस के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस बार भी एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कमेटी प्रधान लंबरदार विजय ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रमे की शोभा बढ़ाने के लिए परम पूजनीय संत बाबा बाल जी महाराज स्वयं पधारेंगे और प्रातः 11 बजे अपने अमृतमय प्रवचनों से श्रद्धालुओं को लाभान्वित करेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी भक्तगणों को सादर आमंत्रित किया गया है। प्रधान ने बताया कि भक्तों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा और भोजन व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं क्योंकि उम्मीद है कि न केवल ऊना जिला, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)

### नगर निगम के संयुक्त आयुक्त ने संभाला कार्यभार



**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मनोज कुमार ने नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त पद का कार्यभार ग्रहण किया। मनोज कुमार 2020 बैच के एचएएस अधिकारी हैं। मूलतः मंडी जिले के जोगिंदरनगर क्षेत्र से संबंध रखने वाले कुमार इससे पूर्व उदयपुर में एसडीएम के पद पर सेवाएं दे रहे थे। इसके अतिरिक्त वे ज्वालाजी, शिमला, कुल्लू सहित राज्य के विभिन्न जिलों में अलग अलग पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने शहर के समग्र विकास को सुनिश्चित करने को लेकर अपनी प्राथमिकताएं साझा कीं। उन्होंने निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि सभी मिलकर जनहित में कार्य करते हुए नगर निगम ऊना को एक आदर्श नगरीय इकाई के रूप में विकसित करने के लिए काम करेंगे।

### सोहारी में निशुल्क नेत्र, स्वास्थ्य जांच शिविर 17 को

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** प्रेस क्लब जोल की ओर से सोहारी पंचायत भवन में निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 17 मई को किया जा रहा है। इस शिविर का उद्घाटन समाजसेवी, महालक्ष्मी इंडस्ट्री अम्बेहड़ा उद्योगपति एवं चिंतपूर्णी लोअर के भाजपा के उपाध्यक्ष योगराज जोगी करेंगे। इ शिविर में सभी का इलाज निशुल्क प्रेस क्लब जोल की ओर से कराया जाएगा। वहीं, इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रेस क्लब जोल के प्रधान नरेंद्र शर्मा एवं वाइस प्रेजिडेंट अश्वनी कुमार भाटिया ने बताया कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए समय-समय इनकी जांच करवाते रहना चाहिए। शिविर में बीपी, शुगर, ईसीजी जैसी सामान्य जांच शामिल होगी, साथ ही विशेषज्ञ द्वारा सलाह भी दी जाएगी। वहीं, उन्होंने प्रेस क्लब जोल के सभी मीडिया पत्रकार साथियों से अपील की है कि सुबह 9 बजे पहुंचकर अपना सहयोग दें।

### चौकीमन्यार कॉलेज ने अम्बेहड़ा स्कूल को लिया गोद

**अनंत ज्ञान, जोल।** हिमाचल प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं को गोद लेने की प्रक्रिया में आज मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार के प्रधानाचार्य डॉ. बलविंदर सिंह राणा एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अम्बेहड़ा के प्रधानाचार्य अमन देव के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का मुख्य उद्देश्य दोनों शैक्षणिक संस्थाओं के बीच वशिष्ठ ज्ञान, आधारभूत संरचना व अपने-अपने शैक्षणिक अनुभवों को एक दूसरे के साथ समय -समय पर मिल कर साझा करना है। राजकीय महाविद्यालय ने प्रोफेसर नवीन शर्मा को इसका सवन्वयक बनाया। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार के प्रधानाचार्य डॉ. बलविंदर सिंह राणा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अम्बेहड़ा के प्रधानाचार्य अमनदीप एवं अध्यापक मौजूद रहे।

# हाईवे के ऊपर लगा दिया गोबर का ढेर

## अवैध कब्जा : डंगोली में हाईवे किनारे लगाए गोबर के ढेर से हो रही दुर्घटनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



अवैध कब्जा : ऊना-हमीरपुर रोड पर मुंह चिढ़ा रहा डंगोली में हाईवे किनारे लगाया गोबर का ढेर।

ऊना-हमीरपुर रोड पर डंगोली गांव में हाईवे के किनारे जो पैदल चलने वालों के लिए रास्ता होता है और वह जमीन लोक निर्माण विभाग की होती है। सड़कों के किनारे बसी हुई आबादी के कुछ लोगों को सड़क के किनारे की सरकारी जमीन को अवैध इस्तेमाल करने मे होड़ लगी रहती है। ऐसा ही एक मामला ऊना से 4 किलोमीटर दूर डंगोली गांव में मुख्य रोड के किनारे लगे हुए पशुओं के गोबर के ढेर हैं जो कि आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। आसपास सड़क के किनारे राहगीरों और स्थानीय लोगों राजरानी, कृष्ण कुमार, सतपाल, बक्शी सिंह, विनोद कुमार, ममता देवी, मनोहर लाल, शशिपाल तथा देवेंदर कुमार ने बताया कि गोबर का ढेर ऊंचा होने के कारण आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। कुछ लोगों ने बताया कि ढेर लगाने वालों को कई बार कहा गया, लेकिन उनके ऊपर जूं तक भी नहीं रेंगी। अब कुछ दिन पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क के दोनों ओर जेसीबी मशीन लगाकर सफाई की गई परंतु उन्होंने भी गोबर के ढेर को जस का तस छोड़ दिया।

क्या लोक निर्माण विभाग का कर्तव्य नहीं था कि जेसीबी द्वारा उन ढेरों को एक तरफ फेंक सकते थे या जो ऐसा अवैध कब्जा करने वाला व्यक्ति है, उसे जुर्माना भी किया जा सकता है। इससे आस-पास के लोगों को भी सबक मिलता। न जाने लोक निर्माण विभाग भी सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों पर क्यों दयालु है। लोक निर्माण विभाग उना मंडल के अधिशाषी अभियंता अरविंद लखनपाल से जब इस संबंध में बात की गई तो उनका कहना था की जनता को भी अपने आसपास सफाई रखने के लिए जागरूक होना चाहिए।

लोक निर्माण विभाग हर स्थान पर नजर कैसे रखेगा जबकि सड़क के दोनों ओर उस ढेर को छोड़कर लोक निर्माण विभाग ने ही सफाई की है। उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आ गया है, शीघ्र इसका समाधान कर दिया जाएगा।

# झलेड़ा रायसरी में कबाड़ के भंडार में लगी आग, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, ऊना**



कबाड़ के भंडार में लगी आग बुझाते फायर ब्रिगेड कर्मी।

**दो दमकल गाड़ियों के दलबल ने पाया आग पर काबू**

जिला मुख्यालय के साथ लगते गांव झलेड़ा रायसरी में कबाड़ के भंडार में अचानक भीषण आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। बीती रात्रि जैसे ही वर्कर ने कबाड़ में आग देखी तो आग को बुझाने का प्रयास किया। आग की लपटें देखते ही लोगों में अफरा-तफरी मच गई और चंद मिनटों में ही आग कबाड़ के समान में फैल गई। आग से स्टोर में रखा सामान जलकर राख हो गया। आग की सूचना फायर ब्रिगेड ऊना को दी गई।

फायर टीम ऊना की दो गाड़ियों के दलबल में शामिल केंद्र अधिकारी अशोक राणा की कमांड में फायर ऑफिसर सुरेश कुमार, लीडिंग फायरमैन अशोक कुमार, मुकेश कुमार, अश्वनी, सतीश कुमार, चंद्रमोहन चालक अमित कुमार व राकेश कुमार पर आधारित टीमों ने मौका पर पहुंचकर आग पर खासी मशक्कत से काबू पाया। आग से स्टोर में रखा सामान धू-धू कर जल गया। नुकसान लाखों में बताया जा रहा है।

फायर ब्रिगेड ने त्वरित कार्रवाई कर साथ लगते उद्योग की संपत्ति को बचा लिया है। अग्निशमन विभाग ऊना के अधिकारी अशोक राणा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही फायर विभाग ऊना की दो टीमों ने मौका पर पहुंचकर कबाड़ भंडार में लगी आग को पूर्णत बुझा दिया गया है और साथ लगते क्षेत्र को सुरक्षित बचा लिया गया।

# एसएसआरवीएम ने बारहवीं कक्षा के परिणाम में पेश की उत्कृष्ट मिशाल

**अनंत ज्ञान, ऊना**





एसएसआरवीएम विद्यालय के कक्षा 12वीं के बोर्ड परिणाम ने इस वर्ष एक बार फिर से उत्कृष्टता की मिसाल पेश की है। छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण ने मिलकर गौरवशाली परिणाम दिए हैं। कुल मिलाकर विद्यालय का परिणाम 98 फीसदी रहा। विद्यालय के 90 फीसद छात्रों ने तो इस परीक्षा को प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करके सही मानकों को सिद्ध किया है। यह परिणाम विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अध्यापकों अभिभावकों और विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत का प्रत्यक्ष और साक्षात प्रमाण ही तो है।

आर्ट्स संकाय में तन्वी ने 94 फीसदी अंक प्राप्त कर टॉप किया है। उसे अंग्रेजी में 99 फीसदी और राजनीतिक विज्ञान में 95 फीसदी अंक प्राप्त हुए हैं, जो उसकी गहरी समझ मेहनत और निरंतर प्रयासों का ही प्रमाण है। प्रत्यक्ष शर्मा ने अंग्रेजी और कंप्यूटर दोनों विषयों में 97 फीसदी अंक हासिल किए हैं, जो तकनीकी और भाषाई दक्षता का अद्भुत संतुलन दर्शाते हैं।

वहीं, आस्था ने इतिहास में 93 फीसदी अंक अर्जित कर विषय में अपनी गहरी रुचि और परिश्रम को सिद्ध किया है। विद्यालय को अपने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व है। यह परिणाम न केवल छात्रों की मेहनत और लगन को दर्शाते हैं, बल्कि विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली और समर्पित शिक्षकों की प्रतिबद्धता को भी प्रमाणित करते हैं। विद्यालय मुख्य प्रबंधक सुमेश कुमार शर्मा ने सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को उनकी सफलता के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

# शान्वी 97.4 अंक लेकर 10वीं में रही स्कूल में टॉपर



**अनंत ज्ञान, ऊना।** एसएसआरवीएम स्कूल ऊना विद्यालय का कक्षा 10वीं का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा है। विद्यालय ने 100 फीसद सफलता प्राप्त कर एक बार फिर अपनी गुणवत्ता और अनुशासन का परिचय दिया है। इस वर्ष इशान्वी ने 97.4 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। द्वितीय स्थान श्रेयसी ने 94 फीसद अंकों के साथ प्राप्त किया, जबकि राधिका सैनी ने 92.6 फीसद अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। चौथे स्थान पर ईशिता रहीं, जिन्होंने 90 फीसद अंक प्राप्त किए।

वहीं, पांचवें स्थान पर शीतांश ने 88 फीसद अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने 90 फीसद से अधिक अंक प्राप्त कर शैक्षणिक उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह परिणाम विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विद्यालय परिवार इस अद्भुत सफलता पर सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम हमारी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता और छात्रों की प्रतिभा का प्रतीक है।

# स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल का परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, ऊना**



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र अध्यापकों के साथ।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को जारी किए गए 10वीं और 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरज शर्मा ने विद्यार्थियों के उम्दा प्रदर्शन पर उनकी पीठ थपथपाई और अभिभावकों को बधाई दी है।

उन्होंने बताया कि दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में रिया ने 94 फ़ीसदी अंक लेकर पहला स्थान हासिल किया, अहाना 93.8 फ़ीसदी के साथ दूसरे नंबर पर ही, अनिका जोशी ने 93 फ़ीसदी अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया।

स्कूल के प्लस टू के रिजल्ट में भी छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय की छात्रा अर्चिसा शर्मा ने 93 फ़ीसदी अंक हासिल करते हुए ओवरऑल टॉपर का खिताब अपने नाम किया। इप्शिता ने 92.8 फीसदी अंक हासिल कर दूसरा स्थान पाया। प्रभजोत कौर ने 90 फीसदी अंकों के साथ तीसरा और जसनूर ने 89 प्रतिशत अंक हासिल कर चौथा स्थान अर्जित किया। तारुषी शर्मा ने 88.4 फीसदी अंकों के साथ पांचवां, सुकृति और कशिश ने 87.4 अंकों के साथ छठा, स्मिता ने 85.4 अंकों के साथ सातवां, वृंदा ने 83.6 फीसदी अंकों के साथ आठवां, त्रिष्टि ने 82.4 अंक हासिल कर नौवां और सयंम ने 81.2 अंकों के साथ दसवां स्थान पाया। विषय विशेष में बायोलॉजी में तारुषि 99 फीसदी और अंग्रेजी में 98 फीसदी अंक हासिल किए, फिजिक्स में जसनूर ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित किए। अकाउंट्स में 92 फीसदी अंक हासिल किए, अर्चिसा ने इकनॉमिक्स में 95 फीसदी, पॉलिटिकल साइंस में 95 फीसदी अंक पाए, इतिहास में वृंदा ने 96 फीसदी अंक हासिल किए, शारीरिक शिक्षा में मान्या ने 96 फीसदी अंक पाए।

# उपमुख्यमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में घायल हरोली के वीर सपूतों का जाना कुशलक्षेम

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान घायल हुए हरोली विधानसभा क्षेत्र के दो वीर जवानों बाथू गांव निवासी बीएसएफ के उप निरीक्षक व्यास देव और छेत्रा गांव निवासी सिख रेजिमेंट के जवान गुरनाम सिंह उर्फ 'रोमी' के परिजनों से मंगलवार को भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। वर्तमान में दोनों वीर जवान आर्मी हॉस्पिटल जम्मू में उपचाराधीन हैं।

ड्रोन हमले में गंभीर रूप से घायल हुए उपनिरीक्षक व्यास देव के घर पर पहुंचकर उपमुख्यमंत्री ने उनकी पत्नी परमजीत कौर से मुलाकात की और पूरे प्रदेश की ओर से उनके साहस को नमन किया। उन्होंने कहा कि व्यास देव ने अद्वितीय पराक्रम और शौर्य का परिचय देते हुए देश की रक्षा में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है। हमले में एक टांग गंवाने के बावजूद उनका साहस पूरे राष्ट्र को गौरवान्वित करता है। इसके उपरांत उपमुख्यमंत्री छेत्रा गांव पहुंचे और सिख रेजिमेंट के घायल जवान गुरनाम सिंह के परिजनों पिता जोगिंदर सिंह, माता जगमोहन कौर व पत्नी गुरप्रीत कौर से भेंट कर गुरनाम सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गुरनाम सिंह सरीखे वीरों का समर्पण देश की असली ताकत है, जिसे प्रदेश सदैव नमन करता रहेगा।

उपमुख्यमंत्री ने ईश्वर से दोनों जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव सहायता की प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणजीत राणा, अशोक ठाकुर, प्रमोद कुमार, सतीश बिट्टू, विनोद बिट्टू, पवन ठाकुर और बाथू ग्राम पंचायत की प्रधान सुरेखा राणा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# देहरा लोनिवि अधिशाषी अभियंता पर जड़े आरोप

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कांगड़ा जिले के देहरा मंडल के लोक निर्माण विभाग पर ठेकेदार कर्णराज ने विभाग के अधिशाषी अभियंता पर सुक्खू सरकार की चमचागीरी, पक्षपात, भाजपा ठेकेदारों को जरूरत से ज्यादा तंग और राजनीतिक भेदभाव के गंभीर आरोप लगाए हैं।

ठेकेदार कर्णराज ने कहा कि पिछले एक वर्ष से मेरी पौने दो करोड़ रुपए की बकाया राशि जानबूझकर रोक कर रखी गई है। अब तो इतिफाक से मुख्यमंत्री की पत्नी देहरा से विधायक हैं। बंगाणा में पत्रकारों से बातचीत में कर्णराज ने भावुक होते हुए कहा कि मेरा सबसे बड़ा कसूर और गुनाह सिर्फ इतना है कि मैं कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो का बेटा हूं। इसी वजह से मुझे और मेरे परिवार को लगातार टारगेट किया जा रहा है।

# अद्वैता हार्ट इंस्टीट्यूट ने धूमधाम से मनाया नर्सेस दिवस





नर्सेस दिवस पर नर्स को सम्मानित करते स्टाफ और प्रबंधक।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस के उपलक्ष्य में देवभूमि अद्वैता हार्ट इंस्टीट्यूट एवं मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल ऊना में नर्सिंग स्टॉफ सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सोमवार शाम को अस्पताल परिसर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. हरजिंदर सिंह, निदेशक मोनिका सिंह तथा डॉ. ताहिर (हृदय रोग विशेषज्ञ) डॉ. तेजस्वी (पेट रोग विशेषज्ञ), डॉ. शीलेंद्र (इंटरनल मेडिसिन) तथा अस्पताल के सीईओ देश राज जरयाल और समस्त नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा।

इस मौके पर डॉ. हरजिंदर सिंह ने कहा कि नर्सेज एक अस्पताल की रीढ़ की हड्डी होती हैं एवं मरीज की देखभाल करने में उनका अत्याधिक योगदान रहता है। इस दिवस पर सभी नर्सेज को हार्दिक शुभकामनाएं। इस दिवस की सेलिब्रेशन में नर्सिंग कंपटीशन भी करवाया गया और सभी स्टाफ को गिफ्ट्स दिए गए, साथ ही सभी नर्सेज ने बेहतर सेवा प्रदान करने की प्रेरणा भी ली।

अस्पताल प्रबंधन द्वारा इस अवसर पर केक भी काटा गया। बेहतरीन स्टाफ को भी सम्मानित किया गया। इस अस्पताल में अत्याधुनिक तकनीक से हार्ट, पेट रोग, आपात सेवाएं और सामान्य रोग विशेषज्ञ की सेवाएं चौबीस घंटे उपलब्ध हैं।

इस अस्पताल की वर्ल्ड क्लास सेवाओं ने ऊना के अलावा, नंगल, भाखड़ा, बंगाणा, हमीरपुर, देहरा और माता नयना देवी क्षेत्र के सैकड़ों लोगों की जान बचाई है। कम खर्च पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने वाला यह हिमाचल का ही नहीं, उत्तरी भारत का प्रमुख संस्थान के रूप में उभर रहा है।

# वशिष्ट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणाम में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



वशिष्ट पब्लिक स्कूल बहडाला के जमा दो के टॉपर्ज छात्र।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सीबीएसई की ओर से घोषित 10वीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में वशिष्ट पब्लिक स्कूल बहडाला के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कक्षा बाहरवीं के विद्यार्थी अमृत्यांशु चड्ढा ने 96.6 फीसदी अंक प्राप्त करके प्रथम, स्निग्धा भारद्वाज ने 95.6 फीसदी अंक प्राप्त करके द्वितीय,अलीशा ने 95 फीसदी अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय के 23 छात्रों ने 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

वहीं, कक्षा दसवीं की सृष्टि अरोड़ा ने 96 फीसदी अंक प्राप्त करके प्रथम , अक्षिता राजपूत ने 95.6 फीसदी अंक प्राप्त करके द्वितीय तथा सिमरिता व इशमीत ने 94 फीसदी अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया हैं। विद्यालय के 32 छात्रों ने 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। ऐसे परिणाम से सभी में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। अभिभावकों ने इसका श्रेय स्कूल में पढ़ाई का बेहतर वातावरण, स्कूल मैनेजमेंट एवं स्टाफ को दिया।

स्कूल के अध्यक्ष सतपाल वशिष्ट ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने विद्यार्थियों से कहा कि यह सफलता आपके भविष्य की ओर ठोस कदम है। विद्यालय के निदेशक अनुज वशिष्ट जी ने इस खुशी के अवसर पर स्कूल के स्टाफ और अभिभावकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के परिणाम हम भविष्य में भी देते रहेंगे।

**निपटारा** बसाल में विधायक विवेक शर्मा ने सुनीं समस्याएं, मौके पर समाधान के दिए आदेश

# हर नागरिक का सतर्क रहना ही हमारी सुरक्षा की गारंटी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



विधायक विवेक शर्मा बसाल में स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के रेस्ट हाउस बसाल में स्थानीय विधायक विवेक शर्मा ने आम जनता से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर समाधान के लिए अधिकारियों को आदेश दिए। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ का समग्र विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है। जब तक हर गांव तक सुविधाएं नहीं पहुंचतीं, तब तक मेरा प्रयास जारी रहेगा।

बसाल में लोगों ने सड़कों की जर्जर स्थिति, पानी की समस्या, स्वास्थ्य केंद्रों की कमी और युवाओं के लिए खेल सुविधाओं की मांग रखी। इन मुद्दों पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और कुछ समस्याओं के त्वरित समाधान की प्रक्रिया शुरू करवाई। विवेक शर्मा ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मैं हर समय उपलब्ध हूं। यह मेरा दायित्व है कि मैं आपकी आवाज सरकार तक पहुंचाऊं और हर गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ूं। उन्होंने कहा कि केवल चुनावों के समय नहीं, बल्कि हर दिन जनसेवा ही उनका लक्ष्य है।

विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता को भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव पर सर्तक और सुरक्षित रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सीमा पर जो हालात हैं, उसमें हमें हर समय सतर्क रहने की जरूरत है। हमारी भारतीय सेना पूरी मजबूती से पाकिस्तान को जवाब दे रही है और पाकिस्तान को बर्बादी की ओर धकेल रही है। ऐसे समय में हर नागरिक का सतर्क रहना ही हमारी सुरक्षा की गारंटी है।

उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र के युवाओं को सेना और सुरक्षा बलों में सेवा का अवसर अधिक से अधिक लेना चाहिए, जिससे वे न केवल राष्ट्र सेवा में भागीदारी निभा सकें, बल्कि समाज में अनुशासन और नेतृत्व के गुण भी विकसित कर सकें। विवेक शर्मा ने इस अवसर पर लोगों से अपील की कि वे अफवाहों से दूर रहें और सरकार व सेना पर भरोसा रखें। उन्होंने कहा कि भारत आज आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र के रूप में खड़ा है। ऐसे में देश के भीतर एकता और शांति बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

विधायक विवेक शर्मा ने इस दौरान राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी। विधायक विवेक शर्मा का यह दौरा न केवल एक जनप्रतिनिधि की सक्रियता का प्रतीक बना, बल्कि इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया। शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ का विकास और भारत की सुरक्षा दोनों ही मेरी प्राथमिकताएं हैं। इस मौके पर अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# होटल संचालक ने व्यापार मंडल और पंचायत प्रधान से लगाई न्याय की गुहार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल के बंगाणा बाजार में रविवार को हुई एक सनसनीखेज घटना ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। स्थानीय होटल संचालक राजेश कुमार ने पंचायत को दिए शिकायत पत्र में भी आरोप लगाया है कि शराब ठेकेदार ने अपने करीब 15 बाउंसरों के साथ उनके होटल में जबरन घुस आया और उनके साथ मारपीट की, यहां तक कि उन पर जानलेवा हमला किया गया।

इस मामले में राजेश कुमार ने न्याय की गुहार लगाते हुए स्थानीय व्यापार मंडल एवं पंचायत प्रधान से हस्तक्षेप की मांग करके न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित राजेश कुमार ने इस संबंध में बंगाणा व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद कुमार सैंटी, पंचायत प्रधान विजय शर्मा एवं उपप्रधान अजय शर्मा को एक लिखित पत्र सौंपा है। उन्होंने पत्र में विस्तार से घटना का विवरण देते हुए कहा कि रविवार की दोपहर करीब 7 बजे बंगाणा शराब रेंज के ठेकेदार अपने 15 बाउंसरों के साथ होटल में घुसा और पहले तो गाली-गलौज की, फिर बिना किसी उकसावे के मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने न सिर्फ उन्हें घायल किया, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के सामने आते ही स्थानीय व्यापार मंडल हरकत में आ गया। बंगाणा व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद कुमार सैंटी ने कड़े शब्दों में घटना की निंदा की और कहा कि बंगाणा जैसे शांतिप्रिय बाजार में ऐसी घटनाएं अस्वीकार्य हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यापार मंडल पीड़ित राजेश कुमार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा और प्रशासन पर दबाव बनाएगा ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। स्थानीय पंचायत प्रधान विजय शर्मा और उपप्रधान अजय शर्मा ने भी इस घटना को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर उच्च प्रशासनिक अधिकारियों से इस विषय पर बात की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि क्षेत्र की शांति भंग न हो। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ित को पूरी सहायता प्रदान की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत समौड विकास खण्ड धर्मपुर जिला मण्डी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत समौड विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से है-1. क्रेशर रेत (प्रति घन मीटर) 2. केशर बजरी 20mm, 40mm, 10mm (प्रति घन मीटर) 3. गोला पत्थर सोलिंग (प्रति घन मीटर) 4. तुडवां पत्थर (प्रति घन मीटर) 5. सीमेंट किराया प्रति वैग धर्मपुर से कार्यस्थल तक (with loding/unloding) 6.J.C.B. Cutting (per hours) 7. सटरिंग (प्रति रनिंग मीटर/फुट) 8. इंटें (प्रति नंबर) 9. सरिया (Per/kg) 10. साईन बोर्ड With writing. **नियम व शर्ते**- निविदायें ग्राम पंचायत समौड के कार्यालय में डाक द्वारा मोहर बंद लिफाफे में दिनांक 23/05/2025 को सायं 5.00pm बजे तक पहुंच जानी चाहिए । इसके उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदाएँ मान्य नहीं होंगी। सामग्री की सप्लाई ग्राम पंचायत के समस्त वार्डों में कार्यस्थल तक करनी होंगी। खड्डु व नदी का रेत, बजरी मान्य नहीं होगा । सप्लायर का GST/Tin No होना अति आवश्यक है। निविदा में कोई कटिंग/त्रुटि न हो। ग्राम पंचायत को अधूरी निविदा को रद्द करने का अधिकार होगा । स्वीकृत होने बाली निविदादाता को पंचायत के नाम धरोहर सुरक्षित प्रतिभूति राशी के रूप में मु0 20000/-की राशी की FD/DD/Cash जमा करवाना होगा । निविदादाता अगर किसी कारणवश अगर सामग्री की सप्लाई देने में असमर्थ रहता है तो ठीक सप्लाई आर्डर के सात दिन बाद उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी। और दूसरे नं. के सप्लायर को मौका दिया जायेगा इसकी कोई भी अपील या दलील नहीं सुनी जाएगी और निविदादाता को बजरी व रेत के बिलों के साथ M Form देना होगा बिना M फॉर्म किसी भी बिल की अदायगी नहीं की जाएगी । निविदाएँ दिनांक 24/05/2025 को 11 बजे पंचायत बैठक में सबके समक्ष बोली जाएगी जिसमें की निविदादाता का उपस्थित होना अति आवश्यक होगा जो निविदादाता उपस्थित नहीं होगा उसकी निविदा नहीं खोली जाएगी व उसे रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा । **प्रधान/सचिव**

**ग्राम पंचायत समौड विकास खण्ड धर्मपुर जिला मण्डी (हि.प्र.)**

# आज से करें रोहतांग का दीदार

## रोहतांग से कोकसर के बीच भी जल्द शुरू होगी आवाजाही



पर्यटन स्थल रोहतांग में पहुंचे पर्यटक वाहन। (फाइल फोटो)

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पर्यटक बुधवार से रोहतांग का दीदार कर सकेंगे। प्रशासन ने सोमवार को ही दर्रे तक जाने की अनुमति दे दी थी, लेकिन मंगलवार को सड़क मरम्मत के चलते दर्रा पर्यटकों के लिए बंद रहा।

दर्रे के समीप कोकसर की ओर सड़क से कुछ एक क्षेत्र से बर्फ हटाना शेष रह गया है। इस क्षेत्र से बर्फ हटाते ही रोहतांग से कोकसर के बीच आवाजाही शुरू हो जाएगी। बुधवार को मनाली से रोहतांग जाने वाले वाहन वापस भी इसी रास्ते से लौटेंगे, लेकिन रोहतांग से कोसकर के बीच वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाने के बाद पर्यटक मनाली से रोहतांग में बर्फ का दीदार करने के बाद कोकसर होते हुए अटल टनल का दीदार कर वापस मनाली लौटेंगे। पर्यटन कारोबारी तुली, उर्मिला, कमलेश व दीपक ने बताया कि वह लंबे समय से मढ़ी में मंदी का सामना कर रहे थे, लेकिन रोहतांग दर्रा बहाल होने से पर्यटन कारोबार के गति पकड़ने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि पर्यटक भी लंबे समय से रोहतांग बहाली का इंतजार कर रहे थे।

एसडीएम मनाली रमण शर्मा ने बताया कि आज से पर्यटक रोहतांग दर्रे के समीप जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि रोहतांग से कोकसर की ओर सड़क बहाल होते ही पर्यटक जल्द ही दर्रे से कोकसर की ओर जा सकेंगे।

## लिंडूर गांव में भू-धंसाव की स्थिति पर प्रशासन की प्रभावी कार्रवाई

# आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त 12 मकानों को एक-एक लाख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



लाहौल-स्पीति जिले के लिंडूर गांव में वर्ष 2023 के मानसून के दौरान भू-धंसाव की गंभीर घटनाएं सामने आने के उपरांत जिला प्रशासन द्वारा त्वरित एवं समन्वित प्रयास किए गए हैं।

यह जानकारी देते हुए डीसी लाहौल- स्पीति किरण भड़ाना ने बताया कि प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत प्रदान करते हुए आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त 12 मकानों को 1 लाख रुपए प्रति परिवार तथा एक पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकान को 4.3 लाख रुपए की पहली किस्त प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, क्षतिग्रस्त 5 गोशालाओं को 50,000 प्रति इकाई तथा 8 किसानों को 89,000 की फसल क्षति सहायता दी गई। स्थिति के वैज्ञानिक मूल्यांकन के लिए एनएचपीसी, आईआईटी मंडी और भारत सरकार के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा प्रारंभिक अध्ययन किए गए। इन संस्थाओं ने पुष्टि की कि लिंडूर गांव अस्थिर मलबे पर बसा है और त्वरित पुनर्वास व संरचनात्मक उपायों की सिफारिश की। इन सुझावों के आधार पर प्रशासन द्वारा गोरमा में प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय, पंचायत भवन और महिला मंडल भवन को राहत शिविरों के रूप में अधिसूचित किया गया, जहां भोजन, पानी, स्वच्छता और चिकित्सा सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है।

पुनर्वास के लिए मुहाल कोठी में नोरजम गोट नामक स्थान चिन्हित किया गया है तथा पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया गया है, लेकिन कुछ ग्रामीणों की आपत्तियों को देखते हुए एसडीएम लाहौल को वैकल्पिक स्थान चिन्हित करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस बीच, लोक निर्माण विभाग द्वारा गांव में दरारों को जलरोधी सामग्री से भरने का कार्य आरंभ कर दिया गया है और एक निगरानी समिति का गठन भी कार्यान्वयन व नियमित रिपोर्टिंग के लिए किया गया है। जाहलमा नाला की चैनलाइजेशन व तटबंध निर्माण के लिए 23.70 करोड़ की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अंतर्गत भेजी गई है। जल रिसाव नियंत्रण के लिए 10.11 लाख मूल्य की पाइपलाइन व स्प्रिंकलर 14 परिवारों को प्रदान की गई हैं तथा कुफल/एफआईएस मरम्मत के लिए 20 लाख रुपए से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। महिला मंडल लिंडूर को अस्थायी मरम्मत कार्य के लिए 5 लाख रुपए की राशि भी जारी की गई है। लंबी अवधि के समाधान के लिए ग्लेशियर से होने वाले जल निकास की सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं तथा भारत मौसम विज्ञान विभाग को लिंडूर क्षेत्र में वर्षा मापक यंत्र स्थापित करने के लिए पत्राचार किया गया है।

इसके अलावा, विस्तृत वैज्ञानिक अध्ययन के लिए राष्ट्रीय स्तर की विशेषज्ञ एजेंसियों की सहायता के लिए और राजस्व विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है, जिसमें भू-वैज्ञानिक, भू-भौतिकीय, जल-वैज्ञानिक एवं रिमोट सेंसिंग अध्ययन सम्मिलित हैं।

# हॉलीवुड स्टार निक्की रीड ने अपनाई हिमालयी विरासत

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



हॉलीवुड अभिनेत्री और सस्टेनेबिलिटी की समर्थक निक्की रीड हालही में काउगर्ल मैगजीन के कवर पर जैजी एक्स कुल्लवी वहिम्स कलेक्शन की इंदिरा रोज केप पहने हुए नजर आईं। यह खूबसूरत हैंड-निट परिधान कुल्लवी व्हिम्स की अद्भुत महिला कारीगरों, गद्दी समुदाय और कुल्लू घाटी की समृद्ध कपड़ा परंपराओं को समर्पित है।

निक्की रीड ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया कि उन्होंने एट द रेट द वर्ल्ड ऑफ फजाजी का निटवियर पहना, जो हिमालय की अद्भुत महिलाओं के साथ मिलकर बनाया गया है। हर सिलाई जुड़ाव, विरासत और प्रेम की कहानी कहती है, जो पारंपरिक तकनीकों के जरिए उन हाथों से गढ़ी गई है, जो इन सांस्कृतिक, भौगोलिक और आत्मीय कहानियों को जीती हैं। यह क्षण हर उस कारीगर के लिए गर्व का विषय है, जो इस कार्य में जुड़ रहा है और यह इस बात का प्रमाण है कि स्थानीय कहानियां भी वैश्विक मंच पर अपनी जगह बना सकती हैं। कुल्लवी थ्रेड्स का यह हॉलीवुड सफर न केवल हिमालयी विरासत को प्रदर्शित करता है, बल्कि स्लो फैशन, महिला सशक्तिकरण और टिकाऊपन का भी उत्सव है।

# कुल्लू में एनडीपीएस एक्ट के तहत चार मामले दर्ज



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पुलिस थाना कुल्लू की टीमों द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल चार मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस थाना कुल्लू की टीमों द्वारा गश्त के दौरान मशेगड़ा, माशना एवं सनाई क्षेत्रों में अवैध रूप से उगाए गए कुल लगभग 4400 अफीम के पौधे बरामद कर नष्ट किए गए। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा-18 के तहत चार अलग-अलग मामले अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज किए गए हैं। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि इन सभी मामलों में आगामी जांच जारी है।

# पीपल मेले में तूफान ने डाला खलल अंधड़ में दुकानों को पहुंचा नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**दुकानदारों ने कहा, इस साल कारोबार नहीं रहा अच्छा**

जिला कुल्लू में पिछले कुछ दिनों से मौसम खराब चल रहा है। तूफान और अंधड़ के चलते किसानों और बागवानों को भी दिक्कत उठानी पड़ रही है। ऐसे में मंगलवार को जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में दोपहर बाद तेज तूफान और अंधड़ आया, जिसके चलते कुल्लू के ढालपुर में सजे पीपल मेले में आए दुकानदारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी।

तेज तूफान के चलते कई दुकानों की छत की चादर निकल कर गिर गई। वहीं, कई दुकानों में लगाए गए तिरपाल भी फट गए। ऐसे में दुकानदारों के साथ-साथ मेले में आए लोगों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ा। पीपल मेले में आए दुकानदार रंगारंग सिंह ने कहा, मौसम बार-बार खराब हो रहा है। खराब मौसम से यहां लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। हालांकि, सुबह के समय मौसम साफ रहा, लेकिन रोजाना दोपहर के बाद या तो बारिश हो रही है या फिर तेज तूफान के चलते उनके दुकानों के तिरपाल फट रहे हैं। ऐसे में अबकी बार पीपल मेले में उन्हें फायदे की जगह नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं, दुकानदार शीला नेगी और रमेश कुमार ने कहा कि बीते साल के मुकाबले इस साल उनका कारोबार भी अच्छा नहीं रहा, क्योंकि यहां पर कभी मौसम खराब हो रहा है या तो फिर कभी ग्राहक मेले में नहीं आ रहे हैं। तूफान के चलते ग्रामीण इलाकों में फलदार पेड़ों की टहनियों भी टूट कर गिर रही हैं। गड़सा घाटी के बागवान योगराज ठाकुर, नीरज ठाकुर का कहना है कि इन दोनों पलम और जापानी फल के पेड़ों में फल लगे हुए हैं। ऐसे में तूफान के चलते पेड़ों की टहनियां टूट रही हैं, जिससे उनके फलों को भी नुकसान पहुंच रहा है।



बैठक में सहायक आयुक्त शशिपाल नेगी अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिले में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग और बिक्री पर प्रभावी रोक के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता सहायक आयुक्त शशिपाल नेगी ने की। उन्होंने बचत भवन में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुल्लू जिले में सभी संबंधित अधिकारियों को प्रभावी निगरानी प्रणाली स्थापित करने और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपमंडल स्तर पर नियमित समीक्षा करने को कहा। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, नगर परिषद और नगर पंचायत के वरिष्ठ अधिकारियों को व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए कहा व निगरानी प्रणाली को और सशक्त बनाने पर जोर दिया और सभी संबंधित विभागों को विशेष प्राथमिकता देने को कहा।

उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जानी है, जिसमें चालान और जुर्माना शामिल हो सकते हैं।

# गांधीनगर में बालाजी किचन सर्विस शुरू

## एक फोन कॉल से आपके पास पहुंचेगा घर जैसा भोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

बड़े शहरों की तरह अब कुल्लू में भी आपको स्वादिष्ट और जायकेदार खाना घरद्वार पर उपलब्ध होगा।

कुल्लू शहर में टिफिन सर्विस शुरू हो गई है। अधिकारी, कर्मचारी व अपने काम धंधे में व्यस्त लोगों को खाना बनाने के झंझट से मुक्ति मिलेगी। स्वादिष्ट भोजन के लिए मशहूर अनीता देवी ने बालाजी किचन के माध्यम से कुल्लू तथा आसपास के क्षेत्रों के लिए टिफिन सर्विस शुरू कर दी है। बालाजी किचन का शुद्ध शाकाहारी खाना सीधे आपके दफ्तर, दुकान, वर्कशॉप और घर पहुंचेगा। नाश्ते से लेकर लंच, डिनर अब आपकी एक फोन कॉल की दूरी पर होगा। कुल्लू की मशहूर कुक अनीता देवी के हाथों का कमाल अब आप स्वाद के रूप में चखेंगे। स्वाद ऐसा की उंगलियां चाटते रह जाएंगे। जिला मुख्यालय से सटे गांधीनगर की रहने वाली अनीता देवी स्वादिष्ट खाना सस्ते दाम पर उपलब्ध करवा रही है। टिफिन में ग्राहकों को राजमाह चावल, कढ़ी, पनीर, चपाती, सलाद, दही परोसे जाते हैं। खाना बनाने में साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। अनीता देवी के आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत हैं। कुल्ल्जू शहर में पहली बार किसी ने इस तरह से टिफिन सर्विस शुरू कर कामकाजी लोगों को खाना बनाने की परेशानी से छुटकारा दिलाया है। बालाजी किचन से भोजन मंगवाने के लिए फोन नंबर 82787-66007 पर संपर्क करें।



गांधीनगर में बालाजी किचन सर्विस में तैयार खाना व सर्विस शुरू करने वाली अनिता देवी।

# डीएवी मनाली ने कराटे में 32 स्वर्ण सहित 45 पदक झटके

**अनंत ज्ञान, मनाली।** कराटे संघ जिला कुल्लू द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में डीएवी मनाली ने शानदार प्रदर्शन किया। 12 मई को राजकीय प्राथमिक पाठशाला लोअर विंग खोरी रोपा में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।।

प्रतियोगिता में विभिन्न क्लबों के लगभग 100 से अधिक कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में डीएवी मनाली के छात्रों द्वारा ट्रेनर रजनीश के मार्गदर्शन में भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रों द्वारा 32 स्वर्ण पदकों के साथ 45 पदक हासिल करते हुए प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया। डीएवी स्कूल मनाली के हिस्से में 32 स्वर्ण, 9 रजत और 4 कांस्य पदक आए। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिन खिलाड़ियों का चयन हुआ है, वे राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन इसी माह के अंत में बैजनाथ में होगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पदक लेकर लौटे सभी खिलाड़ियों को स्कूल की प्रधानाचार्या अनीता वर्मा ने उनकी इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए बधाई दी। प्रधानाचार्या ने कहा कि पढ़ाई के साथ डीएवी मनाली खेलों में भी मनाली उपमंडल में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया।

## रोपा पंचायत के शेहुल गांव में श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन

# श्रीमद्भागवत जीवन की अंतिम शिक्षा : आचार्य

**अनंत ज्ञान, निरमंड**

विकास खंड आनी की रोपा पंचायत के शेहुल गांव में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत रूप से समापन हुआ।

कथा के अंतिम दिन कथावाचक आचार्य डॉ. मनमोहन शर्मा ने कथावाचन करते हुए कहा कि मनुष्य के सत्कर्म तभी फलीभूत होते हैं, जब वह निष्काम भाव से भगवान के नाम का स्मरण करता है यदि कोई व्यक्ति अच्छे कर्म कर रहा है, लेकिन भगवान का नाम नहीं जप रहा, तो उसके सारे कर्म शून्य के समान हैं। आचार्य ने कहा कि श्रीमद्भागवत जीवन की अंतिम शिक्षा अर्थात मरण सिखाती है, जबकि रामायण हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। उन्होंने श्रोताओं को सांसारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए सत्कर्म और प्रभु कीर्तन का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि अपने सांसारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए सत्कर्म और प्रभु नाम का संकीर्तन निरंतर करते रहे, जिससे जीवन और मरण के बंधनों से मुक्ति मिल सके। यह कार्यक्रम 7 मई से शेऊल गांव में 13 मई तक चला। इसमें प्रतिदिन हवन, यज्ञ, पूजा-पाठ और श्रीमद्भागवत कथा का प्रवाह किया गया। मंगलवर को विधिवत पूर्णाहुति के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। क्षेत्र के लोगों ने श्रद्धा और आस्था के साथ बड़ी संख्या में भाग लिया और कथा अवरण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम आयोजक सतपाल शर्मा ने बताया कि आयोजन क्षेत्र की सुख-समृद्धि और पित्तरों के उद्धार के लिए किया गया था। इस मौके पर सतपाल शर्मा, विक्की शर्मा, श्याम शर्मा, आचार्य देव भारद्वाज, गुलाब शर्मा, भवानी शंकर, केसर चंद ठाकुर आदि उपस्थित थे।



# उचित मूल्य की दुकानों में एक साथ मिलेगा अप्रैल-मई का राशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले अरविंद शर्मा ने कहा कि माह अप्रैल के दौरान उचित मूल्य की दुकानों में स्थापित पॉस मशीनों में बिल/स्टॉक प्राप्त करने में तकनीकी समस्या उत्पन्न हो गई थी।

इस कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन की बिक्री प्रभावित हुई है। उक्त समस्या के कारण विकास खंड कुल्लू की 21, नग्गर की 8, बंजार की 11, आनी की 1 तथा निरमंड की 4 उचित मूल्य की दुकानों में माह अप्रैल का राशन समय पर वितरित नहीं हो सका। स्थिति को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा इन दुकानों की पॉस मशीनों में बैकलॉग सेल का विकल्प उपलब्ध कराया गया है, जिससे उपभोक्ता माह अप्रैल, का राशन वर्तमान माह मई के राशन कोटे के साथ प्राप्त कर सकते हैं। अरविंद शर्मा ने सभी पात्र उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि वे निर्धारित समयावधि में अपनी नजदीकी उचित मूल्य की दुकान से माह अप्रैल एवं मई के राशन का लाभ उठाएं।

# नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के लिए युवाओं से आमंत्रित किए नामांकन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

माई भारत, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की एक प्रमुख पहल के तहत देशभर के युवाओं को माई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकित होने के लिए आमंत्रित कर रही है।

यह अभियान युवाओं को राष्ट्रीय हित के लिए सशक्त बनाने और आपातकालीन परिस्थितियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का उद्देश्य एक प्रशिक्षित, उत्तरदायी एवं लचीला नागरिक स्वयंसेवी बल का निर्माण करना है, जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों तथा अन्य संकट के समय प्रशासन और समुदाय की सहायता कर सके।

वर्तमान में देश में सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में समुदाय आधारित उत्तरदायी तंत्र की आवश्यकता और अधिक बढ़ गई है। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बचाव एवं निकासी कार्य, प्राथमिक चिकित्सा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा और पुनर्वास प्रयासों में स्थानीय प्रशासन को सहयोग प्रदान करते हैं। माई भारत अपने मौजूदा स्वयंसेवकों एवं अन्य इच्छुक युवाओं से आग्रह करता है कि वे इस राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बनें और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में पोर्टल पर पंजीकरण करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गारली**
विकास खंड बिझड़ी जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

**विषय : निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 के लिए निर्माण सामग्री क्रय करने के लिए कुटेशन ली जानी है। इससे पहले खण्ड विकास अधिकारी द्वारा चलाई गई प्रक्रिया को खण्ड विकास अधिकारी के पत्र संख्या 1602.1653 दिनांक 25.4.2025 अनुसार स्थागीत कर दिया गया है। अतः अब ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण सामग्री की कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। क्रय की जाने वाली सामग्री का ब्यौरा निम्न प्रकार से है।रेता क्रेशर प्रति cft, रेता घूला प्रति cft, बजरी क्रेशर प्रति cft, रोड़ा प्रति cft, पक्की ईंट प्रति ईंट, शैटरींग स्टील डंगा व रास्ता प्रति वर्ग फूट, शैटरींग स्टील लेंटर प्रति वर्ग फूट, शैटरींग लक्की डंगा व रास्ता प्रति वर्ग फूट, शैटरींग लक्की लेंटर प्रति वर्ग फूट, दुलाई सीमेंट सिविल सप्लाई स्टोर से कार्य स्थल रोड साईड लोडिंग व अनलोडिंग सहित प्रति बोरी।

नियम व शर्तें : उपरोक्त कुटेशन दिनांक 23.05.2025 को सुबह 11.00 बजे तक बन्द लिफाफे में कार्यालय में प्राप्त हो जानी चाहिए। इसके उपरांत प्राप्त निविदा स्वीकार्य नही होगी। रेता, बजरी की सप्लाई के साथ M फार्म अनिवार्य होगा। तथा निविदा देने वाली फार्म को अपना Gst प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है तथा सशर्त वाली निविदा स्वीकार नही की जाए गी। उपरोक्त दरो मे Gst सम्मलीत होना चाहिए Gst अलग से देय नही होगा। निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताए रदद करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

**प्रधान/ सचिव**

## नुकसान: कुल्लू में 10 करोड़ का नुकसान, 35 फीसदी सेब की फसल हुई प्रभावित

# सेब सीजन पर खराब मौसम का कहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश के ऊपरी इलाकों में खराब मौसम ने एक बार फिर बागवानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। विशेषकर जिला कुल्लू में तूफान, अंधड़ और ओलावृष्टि ने सेब की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है।

अनुमान है कि अब तक 10 करोड़ रुपए से अधिक की क्षति हो चुकी है। बागवानी विभाग की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, कुल्लू जिले में सेब की करीब 35 फीसदी फसल प्रभावित हुई है। तूफान और तेज हवाओं ने बगीचों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया है। वहीं, ओलावृष्टि से भी फलों को सीधा नुकसान पहुंचा है। इस नुकसान का मूल्य फिलहाल 10 करोड़ आंका गया है, लेकिन विभाग की रिपोर्ट अभी जारी है, जिससे ये आंकड़ा और बढ़ सकता है।



सेब का बगीचा।

**डॉ. उत्तम पराशर, उपनिदेशक, बागवानी विभाग, कुल्लू** ने बताया कि विभाग की टीमें ग्राउंड रिपोर्ट तैयार कर रही हैं और राज्य सरकार को जल्द ही विस्तृत रिपोर्ट सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक कुल्लू जिले में खराब मौसम के चलते सेब व अन्य फसलों को करीब 10 करोड़ का नुकसान हो चुका है। बागवानी विभाग लगातार प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहा है और अनुमान है कि नुकसान का आंकड़ा और बढ़ सकता है।

### ओलावृष्टि का व्यापक प्रभाव- कई पंचायतों में तबाही

**हालही** में हुई ओलावृष्टि से कुल्लू के आनी उपमंडल की तीन पंचायतों में 33 फीसदी सेब की फसल नष्ट हो चुकी है, जिससे 82.5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। 122 हेक्टेयर क्षेत्र में सेब को नुकसान पहुंचा है। सरगी, सरगाणी, लगवैली, पार्वती वैली और बंजार क्षेत्र भी प्रभावित क्षेत्रों में शामिल हैं।

### ठंड बढ़ने से साइज पर असर तापमान बढ़ना जरूरी

**मौसम** में बार-बार बदलाव और ठंड बढ़ने से सेब के फलों के आकार पर भी विपरीत असर पड़ा है। बागवानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में तापमान नहीं बढ़ा, तो फल का विकास रुक सकता है। बागवान नकुल खुल्लर, मनोज शर्मा, मोहन लाल का मानना है कि तापमान में स्थिरता ही सेब के अच्छे आकार और गुणवत्ता के लिए आवश्यक है।

### 2024 का अनुमान

**बागवानी** विभाग के अनुसार वर्ष 2024 में हिमाचल प्रदेश में कुल 2 करोड़ 91 लाख 42 हजार 800 पेटियां सेब उत्पादन का अनुमान था। शिमला सबसे बड़ा उत्पादक जिला है (1.60 करोड़ पेटियां), जबकि कुल्लू से करीब 62 लाख पेटियों के उत्पादन की उम्मीद थी, अब खराब मौसम के चलते कुल्लू का यह आंकड़ा गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है।

### हिमाचल की अर्थव्यवस्था में बागवानी का योगदान

**प्रदेश** की अर्थव्यवस्था में बागवानी का करीब 6,000 करोड़ रुपए का योगदान है। इसमें सेब अकेले 85 फीसदी हिस्सा रखता है। 2023-24 में हिमाचल में 1,16,240 हेक्टेयर भूमि पर सेब की बागवानी हो रही है। यह क्षेत्रफल 1950 में महज 400 हेक्टेयर था, जो अब कई गुना बढ़ चुका है।

# उझी घाटी में पंचायतीराज चुनावों की चर्चा शुरू

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

हिमाचल प्रदेश में इस वर्ष के अंत में पंचायत के चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में अभी से ही चुनावों को लेकर लोगों के बीच चर्चा तेज हो रही है।

कुल्लू जिले की उझी घाटी के लोग आजकल चार साल पहले चुने हुए प्रधानों, उपप्रधानों, वार्ड सदस्यों, बीडीसी सदस्यों तथा जिला परिषदों द्वारा किए गए विकास कार्यों की चर्चा कर रहे हैं, जिन चुने हुए प्रतिनिधियों ने विकास कार्य किए उनकी जनता हर जगह गांव-गांव सराहना कर रहे हैं तथा जिन्होंने विकास कार्य नहीं किए हैं, उन्हें लोग नकारा बताकर उनके दिल की धड़कनों को बढ़ा रहे हैं। चुने हुए प्रतिनिधियों में कुछ लोग अभी से ही लोगों के बीच अपनी मजबूत पकड़ बनाकर दोबारा चुनाव लड़ने के सपने संजोए हुए हैं। नकारे प्रतिनिधि कई गांवों में टोली बनाकर पुनः चुनाव मैदान में उतरने को बेताब हैं। लोग भी फिलहाल वैसे हां से हां इनसे मिला रहे हैं। कुछ लोग रोस्टर के इंतजार में हैं कि कौन-कौन सी सीटें रिजर्व रहेंगी और कौन-कौन सी सीटें ओपन रहेंगी, उसके बाद ही वे चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी करेंगे। इस वर्ष होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों में खासकर प्रधान पद, बीडीसी तथा जिला परिषद व वार्ड सदस्य के पद के लिए कई नए लोग अभी से चुनाव लड़ने की तैयारी में जुट गए हैं, जब पड़ताल की, तो कई लोग नए लोगों को चुनावी मैदान में उतरने का सुझाव दे रहे हैं, तो कुछ लोग पुराने अनुभवी लोगों को चुनाव लड़ने के लिए सही बता रहे हैं। लोग नकारे प्रतिनिधियों को बाहर का रास्ता दिखाने की फिराक में हैं। लोगों की उत्सुकता तथा युवाओं की दिलचस्पी को देखते हुए सही में ही इस वर्ष होने वाले पंचायती चुनाव काफी रोमांचकारी होने वाले हैं।




**कार्यालय ग्राम पंचायत भूर विकास खण्ड धर्मपुर जिला मण्डी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत भूर विकास खंड धर्मपुर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से है- **सामग्री वस्तु का नामः-** 1. क्रैशर रेत (प्रति घनमीटर) 2. क्रैशर बजरी 10,20,40एमएम (प्रति घनमीटर) 3. गोला पत्थर सोलिंग (प्रति घनमीटर) 4. तुड़वा पत्थर (प्रति घनमीटर) 5. सीमेंट किराया प्रति बैग की दर संधोल से कार्यस्थल तक/सीमेंट चढ़ाई उतराई (प्रति बैग) 6. जेसीबी कटिंग (प्रति घनमीटर) 7. शटरिंग (प्रति वर्गमीटर) 8. शटरिंग (प्रति रनिंग मीटर) 9. ईंटे- (प्रति नं.) 10. सरिया(प्रति किलो) 11. साईन बोर्ड (3x4 लिखाई सहित) 12. डस्टवीन । **नियम व शर्तेंः- 1.** अतः इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा दिनांक 23.05.2025 शाम 5 बजे रजिस्टर्ड डाक द्वारा ग्राम पंचायत भूर में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 24.05.2025 को सुबह 11 बजे निविदा कमेटी के सामने ग्राम पंचायत भूर में खोली जाएंगी निविदा देने वाले के पास अपना जीएसटी नं. होना चाहिए 2. सामग्री गाड़ी में जहां तक जा सकती हैं पहुंचानी होगी। 3. पंचायत के सप्लाई आदेश पर ही सामग्री दी जाएगी। 4. यदि सामग्री में सही गुणवत्ता नहीं पाई जाती है या समय पर सप्लाई नहीं दी जाती है जिसके कारण यदि कार्य में बाधा उत्पन्न होती है जो आपूर्ति कर्ता को पंचायत द्वारा एक माह का नोटिस देने पर किसी भी समय निविदा रद्द की जा सकती है। 5. निविदा स्वीकृत या रद्द करने का अधिकार निविदा कमेटी को होगा। 6. यदि निविदा किसी व्यक्ति या फर्म को स्वीकृत होती है तो उस फर्म को निविदा मु. 50,000/-रू. धरोहर राशि के रूप में पंचायत में जमा करवाने होंगे। 7. निविदा खुलने वाली तिथि को जिस व्यक्ति या फर्म अपने दस्तावेज जैसे जीएसटी नं., टिन नं., आधार, पासबुक, की फोटो कॉपी जमा करवानी होगी। 8. सामग्री की अदायगी सरकार की राशि आने पर दी जाएगी पंचायत को बाध्य नहीं किया जाएगा।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत भूर विकास खण्ड धर्मपुर जिला मण्डी (हि.प्र.)**

# नेशनल हाईवे-5 से हटाए अवैध 'ढारे'

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नेशनल हाईवे-5 से सोलन प्रशासन ने मंगलवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके तहत मनसार से लेकर चंबाघाट तक अवैध तरीके से बनाए गए ढारों पर पिल्ला पंजा चला। इस दौरान हाईवे की कंट्रोल विड्थ में बने करीब नो ढारे गिराए गए। साथ ही चंबाघाट में हाईवे के किनारे लगी झुग्गियों को भी हटाया गया। यह कार्रवाई प्रदेश हाई कोर्ट के आदेशानुसार की गई। प्रशासन के मुताबिक कल भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होगी। वहीं, प्रशासन ने स्थानीय लोगों और दुकानदारों से अवैध पार्किंग और अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित विभाग का सहयोग करने को कहा है। सोलन में नेशनल हाईवे सहित शहर की मुख्य सड़कों में वाहनों की अवैध पार्किंग से ट्रैफिक समस्या बढ़ती जा रही है। (अनंत ज्ञान)



**हाईकोर्ट** के निर्देशानुसार नेशनल हाईवे से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत 9 अवैध पक्के ढारे गिराने की कार्रवाई की गई। **डॉ. पूनम बंसल, एसडीएम, सोलन।**

## शहर में भी बढ़ रहा अतिक्रमण

**इसके** अलावा माल रोड सोलन और राजगढ़ रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बावजूद दुकानदार बार-बार अतिक्रमण कर सड़क और फुटपाथ में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इससे पुलिस को ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने में खासी मशक्त करनी पड़ती है साथ ही राहगीरों को भी पैदल चलने में दिक्कतें आ रही हैं। रोड साइड वाहनों की पार्किंग से तंग आकर ट्रैफिक पुलिस पहले भी जिला प्रशासन को पत्र लिख कर वस्तुस्थिति से अवगत करवा चुका है। जिला प्रशासन ने भी विकराल होती ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए रोड साइड पार्क वाहनों को हटाने के लिए दो सप्ताह समय दिया था पर इस अपील का ज्यादा असर नहीं हुआ।

## हाईकोर्ट के आदेश की हो रही पालना

**एनएचएआई** की याचिका पर प्रदेश हाईकोर्ट ने डीसी सोलन, एसपी सोलन और नगर निगम को अवैध पार्किंग और अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित विभाग का सहयोग करने को कहा है। सोलन में नेशनल हाईवे सहित शहर की मुख्य सड़कों में वाहनों की अवैध पार्किंग से ट्रैफिक समस्या बढ़ती जा रही है। इससे पुलिस को ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने में खासी मशक्त करनी पड़ती है साथ ही राहगीरों को भी पैदल चलने में दिक्कतें आ रही हैं। रोड साइड वाहनों की पार्किंग से तंग आकर ट्रैफिक पुलिस पहले भी जिला प्रशासन को पत्र लिख कर वस्तुस्थिति से अवगत करवा चुका है। जिला प्रशासन ने भी विकराल होती ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए रोड साइड पार्क वाहनों को हटाने के लिए समय दिया था पर इस अपील का ज्यादा असर नहीं हुआ।

## हाईवे व राजगढ़ रोड में अधिक समस्या

**हाईवे** में सोलन से चंबाघाट तक, सपरून से समलेच तक, सिटी पुलिस चौकी से जौणाजी रोड, परवाणू-सोलन फोरलेन में रबोन, सपरून, बाईपास, सब्जी मंडी से चंबाघाट तक रोड साइड पार्किंग से हमेशा वाहन दुर्घटना का खतरा रहता है। इससे जहां एक तरफ राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमण के चलते सपरून और मॉल रोड पर अक्सर जाम की स्थिति भी देखने को मिल रही है। इससे ट्रैफिक पुलिस नाखुश है। पुलिस जैसे ही एक तरफ से जाम को खुलवाने की कोशिश करती है, तो दूसरी तरफ अतिक्रमण होने के चलते फिर जाम लग जाता है। वहीं माल रोड पर बने फुटपाथ पर भी अतिक्रमण है। इसके चलते यहां से लोग नहीं गुजर सकते हैं और मजबूरी में सड़क पर चलते हैं। यहां कई बार कुछ लोगों को वाहनों से चोटें भी आई हैं। इतना ही नहीं डीसी ऑफिस से कोटलानाल तक कई जगहों पर तो लोगों ने मनमानी कर वाहनों को पार्क करने के लिए लोहे के एंगल लगा कर कब्जा कर रखा था, जिसे प्रशासन हटा चुका है पर अब फिर से इस प्रकार की गतिविधियां शुरू हो गई हैं। शहर में कई जगह अतिक्रमण देखने को मिल रहा है। सोलन नगर-निगम भी शहर में अतिक्रमण को हटाने की मुहिम चलाती है। इसके लिए निगम कई बार लोगों के जहां चालान करती है। वहीं, कई बार लोगों का सामान भी जब्त हो जाता है।

# एंबुलेंस रोड बनाने को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** नगर पंचायत राजगढ़ के वार्ड नंबर-1 के निवासियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएवी स्कूल तक एंबुलेंस रोड बनाए जाने की मांग को लेकर मंगलवार को एसडीएम राजगढ़ को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष कपिल ठाकुर ने किया।

ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड नंबर-1 के डीएवी स्कूल तक सड़क की सुविधा न होने के कारण बीमार व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विशेषकर आपातकालीन स्थिति में समय पर चिकित्सा सुविधा न मिलने के कारण गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। वार्ड नंबर-1 की विमला देवी ने बताया कि वह वार्ड नंबर-1 की निवासी हैं और घर पर अकेली महिला है। उन्होंने बताया कि उनके पति को हार्ट अटैक पीडीए था और सड़क सुविधा न होने के कारण उन्हें समय से अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका था और उनकी घर पर ही मृत्यु हो गई। वार्ड की ही निर्मला गाजटा ने बताया कि उनके पति किडनी रोग से पीड़ित थे और सड़क न होने के कारण उन्हें मुख्य सड़क तक कुर्सी पर उठा कर लाना पड़ता था, उनकी मृत्यु भी हो गई, लेकिन वार्ड के लोगों को सड़क सुविधा नहीं मिल सकी। लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया कि जल्द से जल्द आवागमन के लिए एंबुलेंस सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाए। एसडीएम ने ज्ञापन प्राप्त कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**बीमार व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने में काफी कठिनाइयों का करना पड़ता है सामना**

# कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का सीबीएसई का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा ने सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त कर उत्कृष्टता की नई मिसाल कायम की।

कक्षा 12वीं में गुंताज कौर ने 98 फीसदी अंकों के साथ टॉप किया, अंग्रेजी व भूगोल में पूर्ण 100 अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। हर्ष 90.8 फीसदी के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 10वीं में अक्षय चौहान ने 92 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। दोनों कक्षाओं में 10-10 विद्यार्थियों ने विशिष्ट श्रेणी में सफलता प्राप्त की। प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, प्रधानाचार्य राजीव गुलेरिया और उप-प्रधानाचार्य पूनम ठाकुर ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के सीबीएसई रिजल्ट में अव्वल रहे स्टूडेंट्स।

## अरिहंत इंटरनेशनल का रिजल्ट सराहनीय



**नाहन।** अरिहंत इंटरनेशनल विद्यालय ने बारहवीं कक्षा के सत्र 2025-26 के केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के वार्षिक परीक्षा परिणामों के विभिन्न संकायों में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है। कला संकाय में आयुषी दत्त शर्मा ने 95.6 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्ररण्या सैनी 93.6 फीसदी, रित्विक 93.2 फीसदी अंकों के साथ क्रमशः द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त पर रहे। विज्ञान संकाय में अंशज ने 88.8 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त शौर्य आदित्य सिंह ठाकुर ने 87.6 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय स्थान व स्पर्श ने 86.6 फीसदी अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के कुल 73 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। इसमें सभी ने परीक्षा को अच्छे अंकों से उत्तीर्ण किया। स्कूल की निदेशक देविंद्र साहनी ने कहा कि अरिहंत इंटरनेशनल विद्यालय अभी अपने प्रारंभिक चरण में है, यह परीक्षा परिणाम विद्यालय को और ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए प्रेरित करेगा। विद्यालय की निदेशक देविंद्र साहनी ने अभिभावकों व छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य सन्नी ने कहा कि विद्यालय का कार्य केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि एक अनुशासित व सभ्य व्यक्तित्व का निर्माण करना है, जिससे विद्यार्थी समाज में जाकर आदर्श स्थापित कर सकें। विद्यालय के चेयरमैन अनिल जैन व महासचिव सचिन जैन ने कहा कि यह परीक्षा परिणाम अध्यापकों, छात्रों तथा उनके अभिभावकों के समग्र प्रयास का प्रतिफल है।

## न्यूज ब्रीफ

### किराने की दुकान से 6 लीटर अवैध शराब पकड़ी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस थाना संगड़ाह की पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति के कब्जे से 6 लीटर अवैध शराब बरामद की है। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि आरोपी धर्मपाल निवासी गांव किट्वा थाची डा. लाना चेता, नौहराधार, टाइया/किट्वा थाची स्थित दुकान किराना में अवैध रूप से शराब बेचने का धंधा करता है। एसपी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए धर्मपाल की दुकान की तलाशी ली, जिसके कब्जे से 6 लीटर अवैध शराब बरामद की है। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना संगड़ाह में आबकारी एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा मामले में आगामी अन्वेषण जारी है।

### नारद संवाद की परंपरा के जन्मदाता : अवनीश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** विश्व संवाद केंद्र शिमला और एमएस पवार इंस्टिट्यूट ऑफ कम्यूनिकेशन एंड मैनेजमेंट, सोलन के संयुक्त तत्वावधान में देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर सोमवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सोलन-राजगढ़ रोड स्थित पवार इंस्टिट्यूट परिसर में आयोजित हुआ। इसमें पत्रकारिता से जुड़े विशेषज्ञों, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारियों और मीडिया विद्यार्थियों ने भाग लिया। संगोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने देवर्षि नारद को भारतीय पत्रकारिता का आदर्श स्वरूप बताया। वक्ताओं का कहना था कि नारद मुनि केवल एक ऋषि नहीं, बल्कि लोककल्याणकारी संवाद के प्रथम वाहक थे, जिन्होंने निर्भीक, निष्पक्ष और धर्म-संगत संवाद को अपनी शैली बनाया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ. अवनीश कुमार ने कहा कि नारद मुनि सनातन मूल्यों के संवाहक और संवाद की परंपरा के जन्मदाता थे। उनका संवाद समाज को जोड़ने और नीति पर चलने के लिए प्रेरित करता था। आज की पत्रकारिता को नारद जैसे चरित्रों से प्रेरणा लेते हुए सत्य के पक्ष में खड़ा होना चाहिए। सनसनी या पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर पत्रकारों को निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा और जनहित के लिए संवाद करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि पत्रकारों को नारद मुनि के पदचिन्हों पर चलने का प्रयास करना चाहिए। नारद ने संवाद को केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में नैतिकता और धर्म की स्थापना का माध्यम बनाया। आज पत्रकारों को उसी भावना के साथ काम करना होगा। मुख्यातिथि डॉ. बीएस पवार ने कहा कि पत्रकारिता समाज का आइना है और पत्रकार का धर्म है कि वह तथ्यों को बिना मिलावट के प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा कि समाचार केवल सूचना नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का माध्यम है।

### बेरोजगारों के साथ सरकार का छलावा : मेलाराम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के साथ सुक्खू सरकार द्वारा किए गए छलावे पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि आजकल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का वह बयान सोशल मीडिया पर बार-बार वायरल हो रहा है। इसमें विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने चीख-चीख कर कहा था कि सरकार बनने के तुरंत बाद उनकी सरकार पहली ही कैबिनेट में प्रदेश के बेरोजगार नौजवानों के लिए एक लाख पद सृजित करेगी, लेकिन हैरानी इस बात की है कि उपमुख्यमंत्री बनने के उपरांत और जल शक्ति विभाग का दायित्व संभालने के बाद उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री बेरोजगार युवाओं के साथ ढाई साल बीत जाने के बाद भी घिनौना मजाक कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से पूछा कि लगभग 1 वर्ष पूर्व सिरमौर जिले के रेणुका चुनाव क्षेत्र में जल शक्ति मंडल नौहराधार के लिए सृजित किए गए सैकड़ों मल्टीटास्क वर्कर्स और पंप ऑपरेटर आदि के पदों के साक्षात्कार 18 से 22 नवंबर, 2024 को हुए थे, लेकिन 6 महीने से अधिक का समय व्यतीत होने के उपरांत भी उपमुख्यमंत्री के जल शक्ति महकमे ने अभी तक भी उन पदों के परिणाम घोषित नहीं किए हैं। रेणुका चुनाव क्षेत्र जैसे पिछड़े क्षेत्र के बेरोजगार युवा आज भी अपने परिणामों की बाट जोह रहे हैं और जिस दिन उन्होंने इंटरव्यू दिए थे, उन्हें उम्मीद थी कि उन्हें जल शक्ति विभाग में रोजगार मिलेगा, लेकिन 6 महीने का समय बीत जाने के उपरांत भी परिणाम घोषित न किए जाने के कारण सैकड़ों बेरोजगार युवा अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

## 17 मई को बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 17 मई को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी बोर्ड के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 17 मई को प्रातः 9 से सायं 6 बजे तक कंडाघाट, डोलग, परोथा, डेढ़घराट, शन्हेच, टिक्कर, माही, सिरीनगर, हाथो, पलेच, शलुमणा, हिमुडा, वाकनाघाट, छावशा, डुमैहर, कोट, क्वारग, कोठी, बाहरा, आंजी ब्रह्मणा, सैंज, गोग, कैथलीघाट, शालाघाट, क्यारी बंगला, बीशा, बाशा, सुरो, जेपी विश्वविद्यालय, चायल, दोची, मिलिट्री स्कूल, जीतनगर, आलमपुर, भलावग, हिन्नर, कुरगल, मिहानी, बिन्नू, नगाली तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। खराब मौसम एवं किन्हीं अपरिहार्य कारणों से उपरोक्त तिथि व समय में परिवर्तन किया जा सकता है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# विभाग को दान दी जमीन फिर भी नहीं बनी सड़क

**अनंत ज्ञान, सोलन**



जिला मुख्यालय सोलन के कंडाघाट विकास खंड की पंचायत सतड़ोल के गांव निचली बांजणी के लोग मरीजों को सड़क तक पहुंचाने के लिए डंडों पर उठाने के लिए बाध्य हो रहे हैं।

लोगों ने लोक निर्माण विभाग को अपनी जमीन भी दी पर सड़क का निर्माण नहीं हुआ। कंडाघाट विकास खंड की ग्राम पंचायत सतड़ोल एवं कुनिहार के साथ लगते वार्ड नंबर-7 गांव निचली बांजणी में 12 मई को प्रोमिला पत्नी कृष्ण लाल के अचानक गंभीर रूप से बीमार पड़ने के कारण सड़क तक पहुंचाने के लिए ग्रामीण युवाओं एवं युवतियों को डंडे पर उठाने के लिए बाध्य होना पड़ा। इसी गांव में ऐसी ही घटना सात दिन पूर्व भी घटित हुई, जब शांति देवी पत्नी चेतराम को भी ग्रामीणों ने गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाने के लिए डंडों पर उठाकर सड़क तक पहुंचाया। चकनाहट निवासी सुरेंद्र चौहान सामाजिक कार्यकर्ता ने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि ग्रामीणों ने सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल तथा अर्की के विधायक संजय अवस्थी सहित जिलाधीश सोलन से आग्रह किया कि वे इस गांव के लिए एंबुलेंस रोड की सुविधा प्रदान करने के लिए धन आवंटित करें, ताकि बुजुर्गों एवं रोगियों को तत्काल ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जा सके।

### डीसी ने टोल फ्री नंबर-14416 के बारे में जागरूक करने के दिए निर्देश

# सभी के सहयोग से सफल होगा नशा मुक्त अभियान

**अनंत ज्ञान, सोलन**



बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सोलन मनमोहन शर्मा साथ में अन्य गणमान्य लोग।

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि सभी के सहयोग से नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाया जाएगा। डीसी मादक पदार्थों एवं नशा मुक्त भारत अभियान-2 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्य योजना की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

डीसी ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जो हमारे समूचे समाज पर विपरीत असर डाल रही है। उन्होंने कहा कि नशा स्वास्थ्य व आर्थिक हानि के साथ-साथ सामाजिक सम्मान पर भी दुष्प्रभाव डालता है और नशे का सेवन एक व्यक्ति के साथ-साथ उसके परिवार और समाज को पूर्ण रूप से नष्ट कर देता है। सोलन जिले में 20 जून से 31 अगस्त तक भांग उखाड़ो अभियान कार्यान्वित किया जाएगा। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए वन विभाग, पंचायतीराज संस्थाओं, स्वास्थ्य विभाग तथा स्वयं सेवी संस्थाओं से आग्रह किया कि ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित करें, जहां भांग के पौधे पाए जाते हैं, ताकि इन्हें सफलतापूर्वक समाप्त किया जा सके। डीसी ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि वह समय-समय पर स्कूलों में बच्चों को नशा निवारण पर व्याख्यान के माध्यम से जागरूक करें तथा इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग से सहयोग प्राप्त करें। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य तथा पंचायतीराज विभाग को निर्देश दिए कि वह मानसिक स्वास्थ्य के लिए टोल फ्री नंबर-14416 के बारे में सभी को जागरूक करें। उन्होंने इस टॉल फ्री नंबर के विषय में सभी स्कूलों में छात्रों को जागरूक करने और स्कूलों में इस नंबर की जानकारी देने के निर्देश दिए। डीसी ने निर्देश दिए कि यदि सोलन के किसी क्षेत्र में अफीम की खेती पाई जाती है, तो उसे भी नष्ट किया जाए। उन्होंने औषधि निरीक्षक को निर्देश दिए कि जिले में दवा की दुकानों का औचक निरीक्षण कर यह सुनिश्चित बनाएं कि कोई भी दवा चिकित्सक के लिखित परामर्श के बिना न दी जाए। उन्होंने इस दिशा में नियमित कार्रवाई के निर्देश दिए।

# सोलन से कुमारहट्टी तक चलेगी मुद्रिका बस

**अनंत ज्ञान, कुमारहट्टी**



सोलन से कुमारहट्टी तक मुद्रिका बस के चलने पर विधायक विनोद सुल्तानपुरी व अन्य।

कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने सोलन से कुमारहट्टी तक चलने वाली एक मुद्रिका बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। सुल्तानपुरी ने स्थानीय ग्रामीणों और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व नेताओं के साथ, इस बस में सफर भी किया। उपरोक्त मुद्रिका बस, सोलन शहर के पुराने बस स्टैंड से कुमरहट्टी वाया समलेच, घलियाना, एमएमयू, कलोल से होते हुए वापस सोलन को जाएगी।

स्थानीय ग्रामीण इस बस को चलाने की लंबे समय से मांग कर रहे थे। इस बस के चलने से ग्रामीण क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। क्षेत्र में विशेषकर एमएमयू अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ-साथ इस क्षेत्र में रहने वाले हजारों ग्रामीणों को इस बस का लाभ मिलेगा। इस बारे में जानकारी देते हुए, परिवहन विभाग सोलन के आरएम सुरेंद्र राजपूत ने बताया कि, यह बस पुराने बस स्टैंड से सुबह 9:30 पर चलकर कुमारहटी 10 बजे पहुंचेगी। कुमारहट्टी से वापसी में यह बस सुबह 10:20 पर एमएमयू अस्पताल के गेट पर पहुंचेगी और वहां से सोलन पुराने बस स्टैंड को जाएगी। उपरोक्त बस शुरू में सुबह-शाम दो चक्कर इस रूट पर लगाएगी। इस अवसर पर एमएमयू कॉलेज के डॉक्टर मनप्रीत सिंह नंदा, डॉक्टर संधू, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शिवदत्त ठाकुर, अन्हेच पंचायत के प्रधान मोहनलाल कंवर, बड़ोग पंचायत के उपप्रधान गुरुदेव शर्मा, कसौली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नवीन सूद, राकेश ठाकुर, बंटी राणा, नरेंद्र कुमार, जयपाल अग्रवाल, भीम सिंह ठाकुर, सुनील गोयल, विजय गुप्ता, सौभाग्य सिंगल, खेमचद, विकास कश्यप, रंजीत ठाकुर और बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित थे।

# मटक माजरी में 384 नशीले कैप्सूल सहित आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, नाहन**



पुलिस की गिरफ्त में 384 नशीले कैप्सूल सहित आरोपी।

जिला एसआईयू टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मटक माजरी क्षेत्र में एक व्यक्ति को 384 नशीले ट्रामाडोल कैप्सूल्स के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, एसआईयू टीम गश्त पर थी, तभी उन्हें इस संबंध में सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर टीम ने मटक माजरी में पानी के टैंक के पास दबिश दी। इस दौरान एक व्यक्ति के कब्जे से तलाशी लेने पर बाइक पर रखे एक कैरी बैग से प्रतिबंधित 384 ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद हुए। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान रमजान उल हक (30 वर्ष) पुत्र महफूज अली, निवासी भगवानपुर, डाकघर माजरा, तहसील पांवटा साहिब के रूप में हुई है। एसपी एनएस नेगी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि माजरा पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बारे में स्टूडेंट्स को दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला दाड़लाघाट में भारतीय सैनिकों द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर सेना मेडल से सम्मानित कैप्टन रमेश ठाकुर ने विद्यालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान चलाया। इसमें विद्यार्थियों और अध्यापिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अभियान का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर को पूरा किए जाने और भारतीय सैनिकों के प्रोत्साहन के लिए समर्थन देना है। कैप्टन ने अपने जोशीले भाषण से विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को जागृत किया। विद्यालय परिसर में देशभक्ति के नारे लगाए गए, जिससे वातावरण देशभक्ति के जज्बे से ओतप्रोत हो गया।

# शिक्षा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक : विनय

**अनंत ज्ञान, नाहन**

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी शिक्षण संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवा रही है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र को सुदृढ़ करने के साथ-साथ छात्रों के विकास के लिए अनेक नवोन्मेषी पहल की गई है। इसके परिणाम स्वरूप आज राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की सराहना की जा रही है। विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने अपने जिला सिरमौर के प्रवास के दौरान रेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र के पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौहराधार में 38 लाख रुपए से निर्मित विज्ञान प्रयोगशाला और पुस्तकालय भवन का उद्घाटन करने के उपरांत कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सकारात्मक बदलाव ला रही है, ताकि विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान की जा सके। उपाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर व्यक्ति को शिक्षित करने के लिए मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना और डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना जैसी अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं सरकार द्वारा चलाई गई हैं, जिससे वंचित वर्गों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार की दिशा में कार्य करते हुए 270 शिक्षकों को सिंगापुर और कंबोडिया और 200 अन्य शिक्षकों को केरल और अन्य भारतीय राज्यों में अध्ययन भ्रमण का अवसर दिया, जिससे उन्हें दुनिया भर की सर्वोत्तम शिक्षा पद्धति को सीखने का मौका मिला। विधानसभा उपाध्यक्ष ने ग्राम पंचायत नौहराधार में 46 लाख रुपए से निर्मित होने वाले मुख्यमंत्री लोक भवन का शिलान्यास किया। इसके उपरांत उन्होंने नौहराधार के शिरगुल मंदिर गेलियो में 8 से 14 मई तक आयोजित किए जा रहे श्रीमद भागवद कथा श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

**मांग** बारिश से लहसुन की फसल हुई काफी प्रभावित, रंग हुआ काला

# राजगढ़ में लहसुन की खुदाई में जुटे किसान

**बीआर चौहान, राजगढ़**



राजगढ़ क्षेत्र में बारिश के बाद खेत में लहसुन की खुदाई का कार्य करते किसान।

गिरिपार के राजगढ़ क्षेत्र में इन दिनों किसानों ने लहसुन की खुदाई का कार्य शुरू कर दिया है। हालांकि, लहसुन की फसल करीब 15 दिन पहले तैयार हो चुकी थी, लेकिन लगातार बारिश के कारण लहसुन की खुदाई का कार्य बाधित हो रहा था।

बारिश होने से लहसुन की फसल काफी प्रभावित हुई है। बारिश से खेतों में अत्यधिक नमी आने से लहसुन का रंग काला और उसकी पंखुड़ियां खिलने लग गई हैं, जिससे लहसुन का रंग काला पड़ने से किसानों को मार्केटिंग की समस्या सताने लगी है। कृषि विभाग के अनुमान अनुसार कुछ क्षेत्रों में 15 से 20 प्रतिशत लहसुन की फसल खराब हुई है। लहसुन उत्पादन में सिरमौर जिला प्रदेश में अग्रणी माना जाता है। जिले में उत्पादित किए जाने वाले लहसुन की देश की प्रसिद्ध चेन्नई मंडी में काफी मांग है, जहां से सिरमौर का लहसुन विदेशों के लिए निर्यात होता है। कृषि विभाग के अनुसार सिरमौर जिले में करीब चार हजार हैक्टेयर भूमि पर लहसुन की खेती की जाती है।

इसमें हर वर्ष करीब 60 से 70 हजार मीट्रिक टन लहसुन का उत्पादन होता है। सिरमौर जिले में अधिकतर लहसुन की पार्वती किस्म उगाई जाती है। हालांकि, कुछ किसान कुल्लू जिले के बीज का भी उत्पादन करते हैं। राजगढ़ मंडी के प्रसिद्ध आढ़ती विनोद शर्मा के अनुसार इस बार बारिश के कारण लहसुन का सीजन करीब 15 दिन बाद आरंभ हुआ है क्योंकि किसान बारिश के कारण लहसुन को निकाल नहीं पाए हैं। इनका कहना है कि वर्तमान में अच्छी क्वालिटी का लहसुन 90 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रहा है। मंडियों में लहसुन की आवक बढ़ने से लहसुन की दरें घट सकती हैं। सिरमौर का लहसुन गुणवत्ता और स्वाद में सबसे अच्छा माना जाता है, जिस कारण देश व विदेश में सिरमौर के लहुसन की काफी मांग रहती है। सिरमौर के लहसुन की तमिलनाडू, कर्नाटक और महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा मांग रहती है। जिले के गिरिपार क्षेत्र के करगानू, नेई नेटी, पझौता, राजगढ़, दाहन फागू, दीदग, नौहराधार, गंडूरी, लानाचेता, खैरी, सैनधार, देवामानल आदि क्षेत्रों में भारी मात्रा में उत्पादित किया जाता है। अदरक की खेती में रोग लगने से किसानों ने लहसुन के उत्पादन का विकल्प ढूंढा है। राजगढ़ क्षेत्र के प्रगतिशील किसान सुरजीत सरोल्टा, रवि कुमार, बलबीर, मोहनलाल, राजेश पुंडीर सहित अनेक किसानों ने बताया कि इस बार बारिश होने से लहसुन की कुछ प्रतिशत फसल प्रभावित हुई है। (अनंत ज्ञान)

# नर्सिंग छात्राओं ने शूलिनी विवि के इनक्यूबेशन केंद्रों की सुविधाएं जानी



नर्सिंग छात्राओं सहित अध्यापक शूलिनी विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर के दौरे पर।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

एमएमयू के मेडिकल, नर्सिंग और पैरामेडिकल छात्राओं को विश्व नवाचार दिवस पर शूलिनी विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर के अध्ययन दौरे पर ले जाया गया।

कुलपति, डॉ. रवि चंद शर्मा के नेतृत्व में छात्रों की व्यवहारिक ज्ञान वृद्धि के लिए समय-समय पर इस तरह के शैक्षिक अध्ययन दौरे आयोजित किए जाते हैं। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएस नंदा, नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. जसबीर कौर, वाइस प्रिंसिपल डॉ. जेएस संधू और डीन अकादमिक डॉ. भारती कवात्रा ने दौरे के लिए सहायक भूमिका निभाई। ट्यूटर मिस काजल और फिजियोथेरेपी विभाग की डॉ. गीतांजलि छात्रों के मार्गदर्शन के लिए उनके साथ रहीं। यह महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय और शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन का एक संयुक्त प्रयास था। डॉ. पीके खोसला, चांसलर शूलिनी विश्वविद्यालय के नेतृत्व में डॉ. आशु खोसला, चीफ लर्निंग ऑफिसर, डॉ. सदानंद पांडे, नैनो टेक्नोलॉजी केंद्र के डीन, डॉ. चंदन ओम गुप्ता, इंचार्ज इनक्यूबेशन सेंटर और डॉ. श्रवण कुमार गुप्ता की एक टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाया। यात्रा का उद्देश्य इनक्यूबेशन सेंटर की अवधारणा, इनक्यूबेशन सेंटर के उद्देश्य, इसकी कार्यप्रणाली, आवश्यक उपकरण और बुनियादी ढांचे, उपलब्ध सुविधाओं, इसकी रिपोर्टिंग प्रणाली और शोध कार्यों में इनक्यूबेशन केंद्रों के लाभों के बारे में प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त करना था।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस की खोखली राजनीति को नहीं कोई जगह : संजीव



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भाजपा चंडीगढ़ के मीडिया प्रभारी संजीव राणा ने कांग्रेस पार्टी पर सीधा हमला करते हुए कहा कि 26/11 के आतंकी हमले के बाद, जब पूरा देश आक्रोश में था, तब कांग्रेस सरकार घुटनों पर थी। पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री को 'देहाती औरत' कहकर पूरे देश का अपमान किया और कांग्रेस ने जवाब देने की बजाय अमेरिका की चौखट पर सिर झुका दिया। राणा ने कहा कि कांग्रेस को जवाब देना चाहिए कि जब मुंबई जल रहा था, निर्दोष लोग मारे जा रहे थे और पाकिस्तान खुलेआम आतंकियों को पनाह दे रहा था, तब उसकी सरकार ने एक भी ठोस कदम क्यों नहीं उठाया? क्या कांग्रेस को देश की गरिमा और आत्मसम्मान से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय तुष्टिकरण जरूरी लगा? उन्होंने कहा, 'आज वहीं कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी पर बेहूदा आरोप लगा रही है, जिसने सत्ता में रहते हुए आतंकवादियों को 'साहब' कहा, और देश की सुरक्षा पर समझौते किए। राणा ने दो टूक कहा कि नरेंद्र मोदी का भारत न तो झुकता है, न रुकता है और आतंकवादियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देता है। आज भारत की विदेश नीति से लेकर सुरक्षा नीति तक, हर जगह स्पष्टता, साहस और दृढ़ता है। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अगर उसके पास राष्ट्रहित में कहने को कुछ नहीं है, तो कम से कम सेना और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चुप रहना सीखे। देश अब भावनाओं से नहीं, तथ्यों और संकल्प से चलता है और कांग्रेस की खोखली राजनीति की अब कोई जगह नहीं बची।

### सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों ने ली शपथ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के चुनाव के लिए गठित आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त जस्टिस एचएस भल्ला ने मंगलवार को पंचकूला में कमेटी के सभी 49 सदस्यों को शपथ दिलवाई। इन सदस्यों में 40 सदस्य चुनाव के माध्यम से जीत कर आए हैं और 9 सदस्य मनोनीत किए गए हैं। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन के चुनाव के लिए जगाधरी से वार्ड नंबर 9 से सदस्य जोगा सिंह को सर्वसम्मति से प्रोटेम चेयरमैन के तौर पर चुना गया। आगे की कार्यवाई जोगा सिंह करेंगे। कार्यक्रम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सचिव संदीप कुमार, एचसीएस भी उपस्थित थे।

### साढ़े 23 करोड़ में बनेंगे बहादुरगढ़ के टूटे रोड

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** बहादुरगढ़ उपमंडल की जर्जर सड़कों का जीवन उद्धार आगामी छह महीने के भीतर पूरा हो जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लगभग साढ़े 23 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर दी है। यह जानकारी लोक निर्माण विभाग बहादुरगढ़ के कार्यकारी अभियंता अनिल कुमार ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता व जिला शिकायत निवारण समिति के सदस्य जसवीर सैनी को दी। कार्यकारी अभियंता अनिल कुमार ने सैनी को आश्वासन दिया कि सभी सड़कें बहुत अच्छे ढंग से मजबूत बनाई जाएंगी। सैनी ने उनसे आग्रह किया की रोड बनाने में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए, ताकि जनता के पैसे का सदुपयोग हो, जो सड़कें बनाई जाएंगी उनमें मुख्य रूप से रोहद-बादली-मेहंदीपुर रोड, मांडोठी गोशाला रोड, जसोरखेड़ी से कुलासी, लडरावन से कुतबगढ़, मुकन्दपुर अप्रोच रोड, मांडोठी से आसौदा, एनएच-9 से मांडोठी गोशाला, एमडी आर-122, ईसरहेड़ी से झाड़ोदा बॉर्डर, सेक्टर-6 से कसार रोड शामिल हैं। पुराना रोहतक रोड एनएच-9 को मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। इसका अलग से बजट भेजा गया है, जिसके तहत इस रोड पर इनफार्मेशन बोर्ड, कट आईज, जेपीबी ऑन एज, मण्ड्रेटी साइन बोर्ड, किलोमीटर स्टोन, हजार्ड मार्कर आदि लगाए जाएंगे। इससे बहादुरगढ़ शहर का सौंदर्यीकरण बढ़ेगा। सैनी ने कहा, प्रदेश के मुख्यमंत्री का एक ही संकल्प है कि प्रदेश के सभी रोड आमजन के लिए ठीक हों, ताकि उन्हें कोई परेशानी न हो। इन सड़कों के निर्माण की स्वीकृति के लिए सैनी ने बहादुरगढ़ की जनता की तरफ से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सैनी के साथ सरपंच प्रतिनिधि सोनू सीदीपुर भी मौजूद रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर शौर्य, स्वाभिमान और नए भारत का संकल्प : सैनी

## मुख्यमंत्री की अगुवाई में पंचकूला में निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देशवासियों को बधाई दी और इसे राष्ट्र की गरिमा, शौर्य और आत्मसम्मान का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता ने भारत के राष्ट्रीय संकल्प, सैनिकों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की दृढ़ता को विश्व पटल पर स्थापित किया है। यह पूरे देश के लिए गौरव, आत्मसम्मान और वीरता का उत्सव है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को पंचकूला में 'तिरंगा यात्रा–एक यात्रा देशभक्ति के नाम' के शुरू होने से पहले यवनिका टाउन पार्क में आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री की अगुवाई में सेक्टर–5 स्थित यवनिका टाउन पार्क से भारत माता की जय, वंदे मातरम् जैसे नारों के साथ यात्रा आरंभ हुई और मेजर संदीप शांकला मेमोरियल पर जाकर संपन्न हुई। इस यात्रा में बच्चों, महिलाओं सहित हजारों लोगों ने भागीदारी की और देश के वीर सैनिकों को नमन किया।

मेजर संदीप शांकला मेमोरियल पर मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रीगणों ने माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और जवानों की वीरता व साहस को नमन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे बहादुर सैनिकों ने जिस साहस, निष्ठा और अनुशासन के साथ 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, वह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय गरिमा का प्रतीक बन गया है। प्रधानमंत्री का यह स्पष्ट संदेश पूरी दुनिया ने सुना कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएगा। यही नए भारत का आत्मविश्वास है और विकसित भारत की पहचान है। इस मौके पर पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी आदि उपस्थित रहे।

### वन टाइम सेटलमेंट स्कीम पुन: होगी लागू : कृष्ण लाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के खान एवं भू-विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व प्राप्तियों, खनिज अन्वेषण की प्रगति, अवैध खनन की रोकथाम, ई–नीलामी तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु विभाग द्वारा की जा रही गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि हर माह के पहले मंगलवार को विभाग की समीक्षा बैठक नियमित तौर पर की जाएगी। पंवार आज यहां खान एवं भू–विज्ञान विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने निर्देश दिए कि अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई की जाए तथा खनिज संपदा का न्यायसंगत एवं सतत उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने के लिए आधुनिक तकनीक और डिजिटल माध्यमों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें। बैठक में मंत्री जी को जानकारी दी गई कि वन टाइम सेटलमेंट स्कीम जो पहले से चल रही थी उसका लाभ अधिक लोग नहीं ले पा रहे थे। इस पर मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस वन टाइम सेटलमेंट स्कीम को सरल तरीके से बनाकर लागू किया जाए।

# नेशनल पीपुल्स पार्टी के नेताओं ने आयोग अधिकारियों के साथ की चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने आज निर्वाचन सदन में पार्टी अध्यक्ष कॉनराड संगमा के नेतृत्व वाली नेशनल पीपुल्स पार्टी के साथ बातचीत की। बैठक ईसीआई द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों के अध्यक्षों के साथ की जा रही बातचीत के क्रम में है। ये बातचीत रचनात्मक चर्चा की लंबे समय से महसूस की जा रही आवश्यकता को पूरा करती है, जिससे राष्ट्रीय और राज्य पार्टी अध्यक्ष अपने सुझाव और चिंताओं को सीधे आयोग के साथ साझा कर सकें।

यह पहल सभी हितधारकों के साथ मौजूदा कानूनी ढांचे के अनुसार चुनावी प्रक्रिया को और मजबूत करने के आयोग के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है।

आयोग ने इससे पहले 6 मई, 2025 को पार्टी अध्यक्ष मायावती के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के प्रतिनिधिमंडलों के साथ मुलाकात की थी; भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अगुआई में 8 मई, 2025 को तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्कसवादी) के महासचिव एमए बेबी की अगुआई में 10 मई, 2025 को सर्वदलीय बैठक होगी। इससे पहले, कुल 4,719 सर्वदलीय बैठकें आयोजित की गई हैं, जिनमें सीईओ द्वारा 40 बैठकें, डीईओ द्वारा 800 बैठकें तथा ईआरओ द्वारा 3879 बैठकें शामिल हैं।

### सड़क हादसे में चाचा व भतीजे की मौत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गांव भम्भेवा के निकट सोमवार देर रात को गाड़ी ने दुग्ध लोड पिकअप गाड़ी का टायर बदल रहे चाचा–भतीजे को टक्कर मार दी, जिसमें दोनों की मौत हो गई। मृतकों के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ब्यानाखेड़ा निवासी अंग्रेज, उसका बेटा जसमेर, चचेरा भाई वीरेंद्र पिकअप गाड़ी में दुग्ध के ड्रम लेकर गांव महशाणा जा रहे थे। गांव भंभेवा के निकट नेशनल हाईवे 352ए पर उनकी पिकअप गाड़ी में पंक्चर हो गया। वहीं टायर बदलने लगे, उसी दौरान गोहाना की तरफ जा रही तेज रफ्तार गाड़ी ने जसमेर तथा वीरेंद्र को टक्कर मार दी।

# लोग वजन कम करने के लिए अपनाएं स्नैकिंग के हेल्दी विकल्प

**अनंत ज्ञान, लुधियाना**

खाने के बीच भूख लगना उन लोगों के लिए परेशानी हो सकता है जो वजन कम करना चाहते हैं।



इस भूख के दौरान हमें अकसर ऐसी चीजें खाने का मन करता है जो सेहत के लिए अच्छी नहीं होतीं, जिससे वजन कम करने का लक्ष्य बिगड़ सकता है। लेकिन सही तरीके से नाश्ता करने से वजन कम करने में मदद मिल सकती है।

डॉ. रोहिणी पाटिल (एमबीबीएस और न्यूट्रिशनिस्ट) कहती हैं कि बादाम, फल और सब्जियां जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थ सही मात्रा में खाने चाहिए। स्नैकिंग के ये स्मार्ट विकल्प न केवल भूख को शांत करते हैं, बल्कि जरूरी पोषक तत्व भी देते हैं जो आपको एनर्जी से भरपूर रखती हैं और आपको संतुष्टि भी मिलती है। डॉ. पाटिल कहती हैं कि नाश्ता करना समस्या नहीं है, बल्कि हम क्या और कितना खाते हैं, यह मायने रखता है। सही पोषक तत्वों के संतुलन के साथ चुने गए नाश्ते से सेहत के लक्ष्यों को बनाए रखा जा सकता है और खाने का आनंद भी लिया जा सकता है।

यहां कुछ सेहतमंद नाश्ते के विकल्प दिए गए हैं जो आपको तृप्त रखेंगे और वजन कम करने की राह पर मदद करेंगे।

### गांजा तस्करी में दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा एनसीबी ब्यूरो की गुरुग्राम यूनिट ने मंगलवार को सेक्टर–5 थाना एरिया में रेलवे रोड से अवैध नशीले पदार्थ के कारोबार में लिप्त दो लोगों को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। हरियाणा एनसीबी गुरुग्राम यूनिट के इंचार्ज निरीक्षक धरमबीर सिंह ने मंगलवार को बताया कि सहायक उपनिरिक्षक अजय अपनी टीम के साथ थाना सेक्टर–5 गुरुग्राम के एरिया में मौजूद थे। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने रेलवे रोड पर नाका लगाकर आरोपितों को पकड़ लिया। पुलिस ने उनकी बाइक जब्त कर ली। आरोपितों की पहचान लखन उर्फ लकी पुत्र हिम्मत और अभिषेक पुत्र सुनील के रूप मे हुई है। दोनों आरोपित गुरुग्राम के रहने वाले हैं।

# चंडीगढ़ में आज छह जगह लगेंगे रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

नगर महापौर हरप्रीत कौर बबला ने 'सिटी ब्यूटीफुल' के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 14 मई 2025 को शहर के छह प्रमुख स्थानों पर आयोजित होने वाले मेगा रक्तदान शिविर में बढ़–चढ़कर भाग लें और रक्तदान कर जीवन बचाने में योगदान दें।

इस पुनीत कार्य हेतु आयोजित विशेष रक्तदान शिविर की जानकारी साझा करते हुए महापौर ने बताया कि इस विशेष पहल का उद्देश्य नागरिकों में स्वैच्छिक रक्तदान की भावना को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने निवासियों से आगे आकर रक्तदान करने की अपील की ताकि किसी की



जान बचाई जा सके। 'यह हमारे उन सैनिकों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी जो हमारी सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देते हैं।

यह शिविर विभिन्न गैर–सरकारी संगठनों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशनों के सक्रिय सहयोग से आयोजित किया जा रहा है और इसमें सरकारी अस्पतालों से प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी सुरक्षित, स्वच्छ और प्रभावी रक्त संग्रहण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि ये रक्तदान शिविर शहर के छह स्थानों पर एक साथ सुबह 9:00 बजे से शुरू होंगे जिनमें ये कैंप कम्युनिटी सेंटर, मनीमाजरा कॉम्प्लेक्स (गोबिंदपुरा), महिला भवन, सेक्टर 38, सेक्टर 15 मार्केट, सेक्टर 19 मार्केट, कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर 28सी और नगर निगम भवन, सेक्टर 17, चंडीगढ़ में लगाया जाएगा।

महापौर ने प्रत्येक नागरिक से इस मानवीय कार्य में भाग लेने और समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा, 'रक्त का हर एक कतरा एक जीवन बचाने की दिशा में कदम है और हमारे वर्दीधारी नायकों को सम्मान देने का माध्यम है।'

### शहजादे सलमान ने ट्रंप का सऊदी अरब में किया स्वागत

**एजेंसी, रियाद।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पश्चिम एशिया के चार दिवसीय दौरे पर सऊदी अरब पहुंचे और शहजादे मोहम्मद बिन सलमान ने उनका स्वागत किया। क्राउन प्रिंस



सलमान द्वारा अमेरिका में सैकड़ों अरब डॉलर का नया निवेश करने का वादा किए जाने के बाद ट्रंप अपने पहले कार्यकाल की तरह इस देश की यात्रा कर रहे हैं। अमेरिकी प्रशासन ने कहा कि वह इस यात्रा का उपयोग इस सप्ताह के अंत में सऊदी अरब के साथ-साथ कतर और संयुक्त अरब अमीरात की सरकारों के साथ आर्थिक समझौतों शुरू करने के लिए करना चाहता है, लेकिन बंद दरवाजों में होने वाली बातचीत में तीनों देशों के नेता ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करने, गाजा में युद्ध को समाप्त करने, तेल की कीमतों को थामने और अन्य कई चीजों के लिए अमेरिकी प्रयासों पर नजर रखने का लक्ष्य बना रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### केरल: कन्नूर से पुलिस ने बरामद किए दो स्टील बम

**एजेंसी, कन्नूर (केरल)।** उत्तरी केरल के कन्नूर जिले में पनूर के निकट मुलियाथोड में पुलिस ने मंगलवार को दो संदिग्ध स्टील बम बरामद किए। ये संदिग्ध बम उसी इलाके से बरामद किए गए जहां एक साल पहले देसी विस्फोटक बनाने के दौरान धमाका हो गया था और इस धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया था। पनूर थाने के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह भूमि के स्वामी को कथित विस्फोटकों के बारे में सूचना मिली और तुरंत बम निरोधक दस्ते को मौके पर भेजा गया। भूस्वामी ने बताया कि संदिग्ध बमों को उसके भाई ने तब देखा जब वह कुछ श्रमिकों के साथ नारियल तोड़ने और वहां खेत की जमीन को साफ करने के लिए गया था। भूस्वामी ने एक टीवी चैनल को बताया, "उसने तुरंत पुलिस को सूचित किया।" टीवी चैनल पर दिखाए गए दृश्यों के अनुसार, बम निरोधक दस्ते के कर्मियों ने उसे उठाकर रेत से भरी बाल्टी में डाला और जांच करने के लिए ले गए। पुलिस ने बताया कि किसी अन्य विस्फोटक वस्तु की तलाश के लिए बम और खान दस्ता को क्षेत्र में तैनात किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### बुर्किना फासो में जिहादियों ने 100 से ज्यादा लोगों को मारा

**एजेंसी, बामाको।** उत्तरी बुर्किना फासो में एक जिहादी संगठन ने सैन्य अड्डों और जिबो शहर सहित कई स्थानों पर हमला किया। हमले में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में ज्यादातर सैनिक थे। एक सहायता कर्मी और स्थानीय लोगों ने हमले की जानकारी दी। बुर्किना फासो के सबसे प्रभावित इलाकों में काम करने वाले एक सहायता कर्मी ने बताया कि रविवार तड़के सैन्य अड्डे और जिबो शहर सहित कई स्थानों पर हमला हुआ। एक छात्रा ने बताया कि इस हमले में उसके पिता की भी मौत हो गई। सुरक्षा के डर से नाम न बताने की शर्त पर बात की। (अनंत ज्ञान)



### हमास की कैद से 584 दिन बाद इस्राइल लौटे एडन

**एजेंसी, इस्राइल।** 584 दिनों तक हमास की कैद में रहने के बाद, इस्राइली-अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर अब इस्राइल लौट आए हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे एक भावनात्मक क्षण बताया। उन्होंने अलेक्जेंडर का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस्राइली सैन्य दबाव और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कूटनीतिक प्रयासों के चलते अलेक्जेंडर की वापसी संभव हो सकी है। नेतन्याहू ने इसे एक विजयी संयोजन बताया। अलेक्जेंडर का स्वागत करते हुए पीएम नेतन्याहू ने कहा कि यह एक बहुत ही भावनात्मक क्षण है। एडन घर लौट आए हैं। हम उन्हें और उनके परिवार को गले लगाते हैं। यह इस्राइली सैन्य दबाव और राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाए गए कूटनीतिक दबाव की बदौलत हासिल हुआ है। (अनंत ज्ञान)



## देश-विदेश

# अमेरिका ने यूएई को 1.4 बिलियन डॉलर के हथियार पैकेज को दी मंजूरी

**एजेंसी, वाशिंगटन**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मिडिल ईस्ट यात्रा शुरू करने के साथ ही यूएस के विदेश मंत्रालय ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए लगभग 1.4 बिलियन डॉलर के हथियार बेचने को मंजूरी दे दी है। यह ट्रंप की इस इलाके की यात्रा का तीसरा खाड़ी देश है।

मंजूरी के अनुसार, यूएई 1.32 बिलियन डॉलर की लागत से छहीएच–47एफ चिनूक हेलिकॉप्टर खरीदेगा। साथ ही यूएई एफ–16 फाइटर जेट्स के पार्ट्स और अन्य रखरखाव सेवाओं के लिए लगभग 130 मिलियन डॉलर खर्च करेगा। चिनूक हेलिकॉप्टर अपनी बहुमुखी प्रतिभा और परिवहन क्षमता के लिए जाने जाते हैं जो यूएई की सैन्य गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### कतर ट्रंप को गिफ्ट करेगा 3400 करोड़ का लग्जरी विमान

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कतर दौरे पर जाने वाले हैं। वह बुधवार को कतर पहुंच सकते हैं। ट्रंप को इस दौरे पर अब तक का सबसे महंगा तोहफा मिल सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कतर उन्हें एक लग्जरी प्लेन गिफ्ट करने वाला है, जो कि हर तरह की सुविधाओं से लैस होगा। अहम बात यह है कि ट्रंप अभी इस प्लेन का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। इसका एक बड़ा कारण सामने आया है। कतर ट्रंप को लग्जरी बोइंग 747 गिफ्ट करेगा। इस विमान की अनुमानित कीमत 3400 करोड़ रुपए (400 मिलियन डॉलर) है। यह किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलने वाला अब तक का सबसे महंगा गिफ्ट होगा।



### ट्रंप ने दवा कंपनियों को 90 प्रतिशत दाम घटाने के दिए आदेश

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक आदेश जारी किया, इसमें दवा कंपनियां को 30 दिन के भीतर प्रेसक्रिप्शन ड्रग्स के 90 प्रतिशत दाम घटाने के लिए कहा है। अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट कैनेडी जूनियर के नेतृत्व में अधिकारी अगले एक महीने के भीतर विभिन्न दवाओं की नई कीमतें तय करने के लिए कंपनियों से बात करेंगे। अगर स्वास्थ्य मंत्रालय और दवा कंपनियों के बीच सहमति नहीं बन पाई तो वैसी स्थिति के लिए ट्रंप ने कैनेडी को कीमतों का एक नया नियम बनाने के लिए कहा है। उस नियम में कुछ ऐसा होगा कि अमेरिका में किसी दवा की कीमत बाकी देशों में उस दवा की सबसे कम कीमत के बराबर होगी। आमतौर पर सरकारें इस तरह का फैसला किसी स्टडी रिपोर्ट के आधार पर करती हैं। (अनंत ज्ञान)

# भारत में 2024 में आपदाओं के कारण 54 लाख लोग हुए विस्थापित : रिपोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत में बाढ़, तूफान और अन्य आपदाओं के कारण 2024 में 54 लाख लोग विस्थापित हुए, जो 12 वर्षों में सबसे अधिक आंकड़ा है। एक नई रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

जिनेवा स्थित 'इंटरनल डिस्प्लेस्मेंट मॉनिटरिंग सेंटर' (आईडीएमसी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में हिंसा से जुड़े विस्थापन के 1700 मामले आए। यह 2023 से कम आंकड़ा है जब मणिपुर में सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई थी। मणिपुर में घरों में आगजनी सहित अन्य हिंसक घटनाओं के कारण 2024 में 1,000 लोग विस्थापित हुए। आईडीएमसी ने कहा कि भारत में दो–तिहाई आंतरिक विस्थापन बाढ़ के कारण हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, भू–क्षरण तथा बांधों और तटबंधों के रखरखाव में कमी जोखिम के मुख्य कारण हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, असम में एक दशक से भी अधिक समय में सबसे भीषण बाढ़ की वजह से 2024 में 25 लाख लोग आंतरिक विस्थापन के शिकार हुए। भीषण चक्रवातों सहित तूफानों के कारण देश में 16 लाख लोग विस्थापित हुए। चक्रवात 'दाना' के कारण 10 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए। पश्चिम बंगाल में चक्रवात 'रेमल' के कारण 2,08,000 लोग विस्थापित हुए। यह चक्रवात 24 मई 2024 को बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न हुआ था। 'रेमल' के उत्तर की ओर बढ़ने से ब्रह्मपुत्र नदी और उसकी सहायक नदियां उफान पर आ गईं, जिससे असम में लगभग 3,38,000 लोग विस्थापित हुए। त्रिपुरा में कुल 3,15,000 लोगों को विस्थापित होना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

# जर्मनी के सबसे बड़े समूह 'राइख सिटीजन' पर प्रतिबंध, नेताओं के घरों पर छापे

**एजेंसी, बर्लिन**

जर्मन सरकार ने अतिवादी धुर दक्षिणपंथी संगठन 'राइख सिटीजन' पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह समूह खुद को 'किंगडम ऑफ जर्मनी' (जर्मन साम्राज्य) कहता है और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास करता है। समूह के चार नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मंगलवार सुबह से ही, कई राज्यों में सुरक्षा बल के सैकड़ों जवान समूह की संपत्तियों और इसके प्रमुख सदस्यों के घरों की तलाशी ले रहे हैं। गृह मंत्री अलेक्जेंद्र दोब्रिंत ने कहा, ''इस संगठन के सदस्यों ने हमारे देश में एक 'काउंटर-स्टेट' बनाया है और आर्थिक आपराधिक ढांचे का निर्माण किया है।''

उन्होंने कहा कि समूह के सदस्यों ने यहूदी विरोधी साजिश के विमर्श के साथ सत्ता पर अपने कथित दावे को दोहराया, और यह ऐसा व्यवहार है जिसे देश बर्दाश्त नहीं कर सकता। दोब्रिंत ने कहा, ''हम उन लोगों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करेंगे जो हमारी स्वतंत्र लोकतांत्रिक बुनियादी व्यवस्था पर हमला करते हैं।'' तथाकथित 'राइख सिटीजन' या 'राइसबर्गर' आंदोलन जर्मनी को एक देश के रूप में मान्यता नहीं देता है। (अनंत ज्ञान)

### स्पाइसजेट श्रीनगर से हज उड़ानें आज से दोबारा करेगी शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि वह 14 मई को मदीना के लिए दो सेवाओं के साथ श्रीनगर से हज उड़ानें दोबारा शुरू करेगी। श्रीनगर उन 32 हवाई अड्डों में से एक था, जिन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव को देखते हुए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। इन हवाई अड्डों को नागरिक परिचालन के लिए फिर से खोल दिया गया है। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, ''स्पाइसजेट श्रीनगर से अपनी हज उड़ानों का परिचालन फिर शुरू करेगी। चौड़े आकार वाले ए340 विमान का उपयोग करके मदीना के लिए दो उड़ानें संचालित की जाएंगी, जिनमें से हरेक उड़ान में 324 यात्री बैठ सकेंगे।'' (अनंत ज्ञान)

# सेवानिवृत्ति के बाद कोई आधिकारिक पद नहीं लूंगा : प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना

**एजेंसी, नई दिल्ली**


भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने मंगलवार को कहा कि यद्यपि वह सेवानिवृत्ति के उपरांत कोई आधिकारिक पद नहीं लेंगे, लेकिन कानून के क्षेत्र में अपनी पारी जारी रखेंगे। 18 जनवरी, 2019 को शीर्ष अदालत में पदोन्नत हुए न्यायमूर्ति खन्ना को 11 नवंबर, 2024 को सीजेआई नियुक्त किया गया था और वह मंगलवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

सीजेआई ने पीठ की औपचारिक कार्यवाही समाप्त होने के बाद शीर्ष अदालत परिसर में पत्रकारों से कहा, ''मैं सेवानिवृत्ति के बाद कोई पद स्वीकार नहीं करूंगा... शायद कानून के क्षेत्र में कुछ करूंगा।'' शीर्ष अदालत के कई पूर्व न्यायाधीश सेवानिवृत्त होने के बाद मध्यस्थता के क्षेत्र में अपनी पारी शुरू करते हैं। सीजेआई ने कहा, ''मैं तीसरी पारी खेलूंगा और कानून से संबंधित कुछ करूंगा।'' न्यायाधीश यशवंत वर्मा से जुड़े नकदी विवाद से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा, ''न्यायिक सोच निर्णायक और निर्णयात्मक होनी चाहिए।'' (अनंत ज्ञान)

# वेश्यावृत्ति मामले में अमेरिका का ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता गिरफ्तार

**एजेंसी, वांशिगटन**

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और अमेरिका के मशहूर पहलवान काइल स्नाइडर को एक वेश्यावृत्ति से जुड़े स्टिंग ऑपरेशन में गिरफ्तार किया गया। वह 16 अन्य लोगों के साथ इस मामले में आरोपी बनाए गए हैं। यह कार्रवाई कोलंबस पुलिस विभाग द्वारा कोलंबस के नॉर्थ साइड इलाके में की गई।



पुलिस के अनुसार, उन्होंने ऑनलाइन एस्कॉर्ट सेवा के फर्जी विज्ञापन पोस्ट किए थे, ताकि वे ऐसे लोगों को पकड़ सकें जो वेश्यावृत्ति जैसी गैर–कानूनी सेवाओं की तलाश कर रहे थे।

स्नाइडर ने इन विज्ञापनों पर कॉल और टेक्स्ट मैसेज भेजे। उन्हें लगा कि वे किसी असली एस्कॉर्ट सर्विस से संपर्क कर रहे हैं। इसके बाद वह पास के एक होटल पहुंचे, जहां उन्होंने एक पुलिस की महिला अधिकारी को नकद पैसे दिए और मौखिक यौन सेवा की मांग की। तभी पुलिस ने उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, पूछताछ के बाद उन्हें मौके से ही रिहा कर दिया गया। अब उन्हें 19 मई को अदालत में पेश होना है। यह जानकारी न्यू यॉर्क पोस्ट सहित कई अमेरिकी मीडिया संस्थानों ने दी है। (अनंत ज्ञान)

## मार्केट

### शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी के बाद आई गिरावट

# मुनाफावसूली से सेंसेक्स 1,282 अंक लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**

स्थानीय शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी के एक दिन बाद मंगलवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,282 अंक लुढ़क गया। आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा।




तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1,281.68 अंक, यानी 1.55 प्रतिशत का गोता लगाते हुए 81,148.22 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,386.21 अंक तक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के शेयरों में 25 नुकसान में जबकि पांच लाभ में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 346.35 अंक यानी 1.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,578.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस में 3.54 प्रतिशत की गिरावट आई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि मुनाफावसूली चौतरफा रही।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट बढ़त में रहे, जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में ज्यादातर में तेजी का रुख था। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार तनाव कम होने के बाद सोमवार को अमेरिकी बाजारों में तेजी रही। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### अर्जेंटीना में चार देशों का टूर्नामेंट खेलेगी जूनियर महिला हॉकी टीम



**एजेंसी, नई दिल्ली।** इस साल होने वाले विश्व कप की तैयारी के लिए भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम अर्जेंटीना में 25 मई से चार देशों का टूर्नामेंट खेलेगी। टीम रोसारियो में अर्जेंटीना, उरूग्वे और चिली से छह नुमाइशी मैच खेलेगी। भारत को 25 मई को चिली से पहला मैच खेलना है और अगले दिन उरूग्वे से सामना होगा। विश्राम दिवस के बाद अर्जेंटीना से 28 मई को मुकाबला होगा। रिटर्न चरण में 30 मई को चिली से, एक जून को उरूग्वे और दो जून को अर्जेंटीना से सामना होगा। हॉकी इंडिया ने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' यह दौरा चिली के सैंटियागो में दिसंबर 2025 में होने वाले एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्व कप की तैयारी के लिये अहम है। हम विश्व कप को ध्यान में रखकर सर्वश्रेष्ठ टीम के चयन की प्रक्रिया में हैं।'' भारतीय टीम 21 मई को रोसारियो रवाना होगी। (अनंत ज्ञान)

### खिलाड़ियों की उपलब्धता के लिए विदेशी बोर्ड पर दबाव बना रहा बीसीसीआई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बीसीसीआई और आईपीएल टीमें 17 मई से फिर से शुरू हो रहे आईपीएल के लिए अपने खिलाड़ियों को भेजने के लिए विदेशी बोर्ड पर दबाव बना रहे हैं। हालांकि भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव के कारण अभी भी सुरक्षा को लेकर चिंताएं हैं। बीसीसीआई के आला अधिकारियों ने आईपीएल सीओओ हेमांग अमीन से कहा है कि वे क्रिकेट आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड से खुद बात करके सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करे। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण 9 मई को लीग स्थगित कर दी गई थी। इसके एक दिन बाद ही हालांकि युद्धविराम की घोषणा के बाद आईपीएल की बहाली का मार्ग प्रशस्त हुआ। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा,'' हम विदेशी बोर्ड से निजी तौर पर बात कर रहे हैं जबकि टीम सीधे अपने खिलाड़ियों के संपर्क में है। टीम अधिकारियों ने पीटीआई को बताया कि कुछ विदेशी खिलाड़ी वापसी को लेकर अभी भी आशंकित हैं लेकिन अधिकांश के लौट आने की संभावना है। चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथ ने कहा ,'' संशोधित कार्यक्रम का ऐलान कल रात हुआ।

हम अपने विदेशी खिलाड़ियों से संपर्क कर रहे हैं। इसके बाद ही तस्वीर साफ हो सकेगी। हमारा मैच 20 मई को है तो अभी काफी समय है।'' पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस के लौटने की उम्मीद कम है हालांकि मुख्य कोच रिकी पोंटिंग उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं। आस्ट्रेलिया के जेवियर बार्टलेट, आरोन हार्डी, अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई और दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन लौट सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### अन्ना रुडोल्फ का खूबसूरत अंदाज

**अन्ना** रुडोल्फ एक ओलंपिक शतरंज खिलाड़ी हैं जो हंगरी चैंपियनशिप में तीन बार चैंपियन बन चुकी हैं। वह अंतरराष्ट्रीय और महिला दोनों स्तरों पर ग्रैंडमास्टर हैं। शतरंज के लिए एक रिपोर्टर, स्ट्रीमर और कमेंटेटर के रूप में प्रसिद्ध हैं और 24 साल की उम्र में एक वीडियो सीरीज के जरिए उन्होंने खुद को स्थापित किया।



## संन्यास | रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से विदा लेने पर बोले कुंबले

# मैदान से मिलनी चाहिए थी विदाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंग्लैंड दौरे से ठीक पहले विराट कोहली और रोहित शर्मा के खामोशी से टेस्ट क्रिकेट से विदा लेने पर भारत के पूर्व कप्तान और महान स्पिनर अनिल कुंबले को हैरानी हुई है जिनका मानना है कि इन दोनों सीनियर बल्लेबाजों को मैदान पर विदाई मिलनी चाहिए थी। कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से विदा ली जिन्होंने 123 मैचों में 46.85 की औसत से 30 शतक समेत 9230 रन बनाए।



इससे पहले पिछले बृहस्पतिवार को रोहित ने पारंपरिक प्रारूप को अलविदा कहा था। कुंबले ने 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' से कहा ,'' यह बड़ी हैरानी की बात है। दो महान खिलाड़ी कुछ दिन के अंतर पर ही विदा हो गए। मुझे ऐसा लगा नहीं था। मैं हैरान रह गया हूं। मुझे लगा था कि अभी तक कुछ साल और टेस्ट क्रिकेट खेल सकता है।'' उन्होंने कहा ,'' अब वह सिर्फ एकदिवसीय प्रारूप खेलेगा। कोई खिलाड़ी खेद के साथ नहीं जाता और मुझे यकीन है कि उसने इस पर काफी विचार किया होगा। आखिर में यह उसका फैसला है।''

भारत के लिए सर्वाधिक 619 टेस्ट विकेट लेने वाले कुंबले ने

**कहा-अधिकारियों को इस मामले पर सोचना चाहिए**

कहा कि इस दर्जे के खिलाड़ियों को प्रशंसकों के सामने विदा लेने का मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा ,'' ये काफी खामोशी से चले गए। हर खिलाड़ी को अपने हिसाब से विदा लेनी चाहिए लेकिन मैदान पर से, आर अश्विन के संन्यास के समय भी हमने यह बात कही थी। श्रृंखला के बीच में उसने संन्यास का ऐलान किया और आस्ट्रेलिया से भारत लौट आया।''

उन्होंने कहा ,'' मुझे लगता है कि इन तीनों (रोहित, विराट और अश्विन) को मैदान से विदाई देनी चाहिए थी। मेरा मानना है कि अधिकारियों को इस पर सोचना चाहिए। मुझे पता है कि यह सोशल मीडिया का जमाना है और प्रशंसक अपने सामने उन्हें विदा होते देखना चाहते होंगे।'' भारतीय टीम को 20 जून से इंग्लैंड का पांच टेस्ट का दौरा करना है और कुंबले ने कहा कि कोहली इस चुनौतीपूर्ण दौरे पर अहम भूमिका निभा सकते थे। उन्होंने कहा ,'' रोहित संन्यास ले चुका है और काफी समय कप्तान रहा। विराट भारत का सबसे सफल टेस्ट कप्तान रहा है और इन दोनों में से एक को उस दौरे पर रहना चाहिये था। इंग्लैंड दौरा कठिन होगा।'' भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने एक्स पर लिखा ,'' बेहतरीन टेस्ट करियर पर बधाई। आपकी विरासत हमेशा रहेगी।

आपने मेरे जैसे कई क्रिकेटरों को प्रेरित किया और करते रहेंगे भैया।'' उन्होंने लिखा ,'' आपके बिना ड्रेसिंग रूम पहले जैसा नहीं रहेगा। हमेशा मेरा साथ देने और प्रेरित करने के लिए शुक्रिया। शुभकामनाएं विराट भैया।'' वहीं अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने लिखा ,'' विराट ने जिस तरह से टेस्ट प्रारूप में कप्तानी की, उसे टीम में बदलाव लाने का श्रेय जाना चाहिए। वह आक्रामक खेलता है और टेस्ट प्रारूप में भी कहीं न कहीं उस आक्रामकता की जरूरत होती है।' (अनंत ज्ञान)

### कोहली ने वृंदावन में संत प्रेमानंदजी के किए दर्शन



**मथुरा।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने के बाद भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली अपनी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ अध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद गोविंद शरण जी महाराज के दर्शन करने वृंदावन पहुंचे। वे आश्रम में करीब साढे तीन घंटे रुकने बाद लगभग पौने दस बजे वापस हो गए। एक्स पर साझा किए गए वीडियो में विराट और अनुष्का को संत से आशीर्वाद लेते देखा जा सकता है। इस क्लिप में विराट और अनुष्का को प्रेमानंद जी महाराज से बात करते देखा गया जिसमें उन्होंने विराट से पूछा कि क्या वह खुश है। विराट ने एक दिन पहले ही सोमवार को टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था और अगले ही दिन वह वृंदावन पहुंचे। इससे पूर्व वह इसी वर्ष10 जनवरी को और दो साल पहले (2023 में) चार जनवरी को भी आश्रम में उनसे आशीर्वाद प्राप्त करने आ चुके हैं। आश्रम के सूत्रों के अनुसार वह मंगलवार तड़के ही आश्रम पहुंच गए थे और करीब साढे तीन घण्टे ठहरने के बाद लौट गए। जब वे यहां इनोवा में पहुंचे, तब दोनों मुंह पर मास्क लगाए हुए थे। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने संत प्रेमानंद से भेंट करने के बाद आश्रम का भ्रमण कर वहां संचालित प्रकल्पों के बारें में भी जानकारी हासिल की। उन्होंने वाराह घाट पर कुछ ही दूर स्थित संत प्रेमानंद के भी गुरु गौरांगी शरण महाराज के भी दर्शन किए।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने आईपीएल में लौटने का फैसला खिलाड़ियों पर छोड़ा

**एजेंसी, सिडनी**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लौटने के खिलाड़ियों के 'व्यक्तिगत फैसले' का सम्मान करेगा हालांकि आईपीएल की बहाली की तारीखें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की तैयारियों से टकरा रही है। बीसीसीआई ने सोमवार को फैसला किया कि आईपीएल का यह सत्र 17 मई से छह स्थानों पर बहाल होगा जबकि फाइनल तीन जून को खेला जाएगा।

इससे ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट क्रिकेटरों के सामने दुविधा पैदा हो गई है क्योंकि 11 जून से दोनों टीमों के बीच लॉर्ड्स पर डब्ल्यूटीसी फाइनल होना है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा ,'' आईपीएल के शनिवार से फिर शुरू होने के ऐलान के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तय किया है कि इसके लिये भारत लौटने या नहीं लौटने के खिलाड़ियों के व्यक्तिगत फैसले का वह सम्मान करेगा।'' भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण आईपीएल शुक्रवार को स्थगित हो गया था। संशोधित कार्यक्रम के तहत अब यह टूर्नामेंट टूर्नामेंट अब लंदन में डब्ल्यूटीसी फाइनल से आठ दिन पहले खत्म होगा जिसमें आस्ट्रेलिया का सामना दक्षिण अफ्रीका से है। (अनंत ज्ञान)

### आईपीएल 2025 का नया शेड्यूल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार देर रात इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया। टूर्नामेंट अब 17 मई से दोबारा शुरू होगा और फाइनल मुकाबला 3 जून को खेला जाएगा। अब बाकी बचे 17 मुकाबले बेंगलुरु, जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, मुंबई और अहमदाबाद में खेले जाएंगे। प्लेऑफ के स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी। वहीं प्लेऑफ के चार मुकाबलों में क्वालिफायर 1-29 मई को, एलिमिनेटर 30 मई को, क्वालिफायर 2-1 जून को और फाइनल 3 जून होगा। टूर्नामेंट के दोबारा शुरू होने के बाद कुल 17 मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें दो डबल हेडर (रविवार को) होंगे। कुल मिलाकर 13 लीग मुकाबले और 4 प्लेऑफ मैच बाकी हैं। पहला मुकाबला 17 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच बेंगलुरु में खेला जाएगा। वहीं 8 मई को धर्मशाला में अधूरा छोड़ा गया पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का मुकाबला अब 24 मई को जयपुर में होगा, जो पंजाब का अस्थायी होम ग्राउंड होगा। पंजाब को 26 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ जयपुर में खेलना होगा।

## रोहित-कोहली के लिए विश्व कप खेलने की संभावना कम : गावस्कर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली शायद ही 2027 वनडे विश्व कप में खेल पाएंगे। भारतीय क्रिकेट के सबसे महान खिलाड़ियों में शामिल गावस्कर ने कहा कि टी20 अंतरराष्ट्रीय और अब टेस्ट क्रिकेट से इस्तीफा देने के बाद वनडे विश्व कप में खेलने की उनकी संभावनाओं पर काफी असर पड़ेगा।



गावस्कर ने 'स्पोर्ट्स टुडे' से कहा, '' नहीं, मुझे नहीं लगता कि वे खेलेंगे (एकदिवसीय विश्व कप)'। उन्होंने कहा, '' मैं बहुत ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं लगता कि वे तब तक खेलेंगे। इसकी हालांकि संभावना है कि वे अगले एक साल में शानदार लय में आ जाए और लगातार शतक बनाते रहें। अगर ऐसा होता है तो भगवान भी उन्हें टीम से बाहर नहीं कर पाएंगे।'' रोहित और विराट की जोड़ी ने भारत को चैंपियंस ट्रॉफी खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

उन्होंने कहा, '' वे खेल के इस प्रारूप में बहुत बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं। क्या हमें लगता है कि वे 2027 विश्व कप के लिए टीम में होंगे? क्या वे उस तरह का योगदान दे पाएंगे जिसके लिए उन्हें जाना जाता है?'' उन्होंने कहा, '' इस पर चयन समिति को काफी विचार करना होगा। अगर चयन समिति को लगता है कि वे उस समय भी टीम में उतना ही बड़ा योगदान देंगे जितना अभी दे रहे हैं, तो ये दोनों खिलाड़ी अपनी जगह बरकरार रख सकते हैं।'' भारत के पूर्व कप्तान गावस्कर कोहली के संन्यास के फैसले से हालांकि हैरान नहीं है। दोनों खिलाड़ियों ने चयनकर्ताओं से बातचीत के बाद ही यह फैसला लिया होगा। इस बात की सराहना की कि वे अपनी शर्तों पर राष्ट्रीय टीम से अलग हुए। (अनंत ज्ञान)

## कोहली के भीतर अभी काफी क्रिकेट बाकी : किरमानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के पूर्व विकेटकीपर सैयद किरमानी का मानना है कि विराट कोहली के पास अभी भी टेस्ट क्रिकेट को देने के लिए काफी कुछ है और उन्हें कुछ समय और खेलना चाहिए था। किरमानी ने पीटीआई वीडियो से कहा ,''उसके भीतर अभी काफी क्रिकेट बाकी है।''



उन्होंने कहा,'' हर किसी को एक दिन रिटायर होना है लेकिन उसे कुछ दिन और खेलना चाहिए था। मैं उसके फैसले का सम्मान करता हूं और भविष्य के लिए शुभकामना देता हूं।'' भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान कोहली ने 68 में से 40 टेस्ट में भारत को जीत दिलाई। किरमानी ने कहा ,''विराट खेल में निरंतरता लेकर आए जिसने उन्हें अलग बनाया। वह उन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं जो भारत के लिए खेलने की इच्छा रखते हैं। वह शानदार खिलाड़ी रहा है।'' उन्होंने कहा ,'' मुझे नहीं लगता कि वह रिकॉर्ड के पीछे भागता है।

इतना ज्यादा क्रिकेट खेलने से रिकॉर्ड बनते ही हैं लेकिन मुझे नहीं लगता कि ये उसके लिए मायने रखते हैं। यह फैसला लेते समय उस पर कोई दबाव नहीं रहा होगा।'' उन्होंने कहा ,'' वह संन्यास क्यों ले रहा है या क्या खराब फॉर्म में है, ऐसे सवाल मायने नहीं रखते। यह खिलाड़ी का निजी फैसला है। खिलाड़ी इंस्टाग्राम पर इसलिए घोषणा करते हैं ताकि पूरी दुनिया को पता चल जाए। (अनंत ज्ञान)

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में कोंस्टास, ग्रीन



**एजेंसी, मेलबर्न**

आक्रामक सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास और फिट होकर लौटे हरफनमौला कैमरन ग्रीन को अगले महीने लंदन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह दी गई है।

गत विजेता आस्ट्रेलियाई टीम में लगभग वही सदस्य हैं जिन्होंने इस साल की शुरुआत में भारत और श्रीलंका से खेला था। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' से कहा ,''टीम ने श्रीलंका को श्रृंखला में हराकर डब्ल्यूटीसी चक्र का शानदार समापन किया। इससे पहले भारत को एक दशक में पहली बार टेस्ट श्रृंखला में परास्त किया।'' उन्होंने कहा ,''पिछले दो साल में टीम ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और अब हमारे पास विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब बरकरार रखने का मौका है।'' डब्ल्यूटीसी फाइनल लॉर्ड्स पर 11 से 15 जून तक खेला जाएगा।

मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ शानदार पदार्पण करने वाले कोंस्टास को श्रीलंका दौरे से स्वदेश भेज दिया गया था चूंकि वह टीम में जगह नहीं बना सके थे। ग्रीन ने कमर की तकलीफ के कारण पिछले साल सर्जरी कराई है। ऑस्ट्रेलिया की यही टीम वेस्टइंडीज में 25 जून से होने वाली तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

**ऑस्ट्रेलियाई टीम**

**पैट** कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुन्हेमन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

## विश्व चैंपियन में डी गुकेश की स्थिति अलग क्योंकि कार्लसन वहां है : कास्पारोव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्पारोव का मानना है कि डी गुकेश उनकी तुलना में अलग स्थिति में है, क्योंकि नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन हर लिहाज से उनसे बेहतर खिलाड़ी हैं। गुकेश ने 17 वर्ष की उम्र में चीन के मौजूदा चैंपियन डिंग लिरेन को 14 चालों में हराकर विश्व चैंपियनशिप खिताब जीता था। कास्पोरोव 22 साल के थे जब उन्होंने 1985 में अनातोली कार्पोव को हराकर विश्व खिताब अपने नाम किया था।



कास्पारोव ने बुकारेस्ट में सुपरबेट शतरंज क्लासिक के दौरान सेंट लुईस शतरंज क्लब के यूट्यूब चैनल से कहा ,'' गुकेश आधिकारिक रूप से विश्व चैम्पियन है। इसमें कोई शक नहीं लेकिन हर लिहाज से उससे बेहतर एक और खिलाड़ी भी है।'' गुकेश और कार्लसन के बीच यह तुलना पहली बार नहीं हुई है।

कास्पारोव ने गुकेश समेत भारत के युवा शतरंज खिलाड़ियों की तारीफ करते हुए उन्हें 'विशी के बच्चे' करार दिया। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद उनके समकालीन रहे हैं।

उन्होंने कहा ,'' गुकेश के प्रदर्शन में सुधार की काफी गुंजाइश है। वह अवश्य इसे समझकर इस पर काम कर रहा होगा। कैंडिडेट्स जीतने के बाद गुकेश का प्रदर्शन बेहतर हो रहा था। विश्व चैंपियनशिप मैच में कुछ भी हो सकता है क्योंकि यह लंबा मैच होता है, लेकिन गुकेश हमेशा आगे था। गुकेश उस मैच में लिरेन से बेहतर खिलाड़ी था।'' (अनंत ज्ञान)

## मंधाना आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंची

**एजेंसी, दुबई**

श्रीलंका में हाल में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं जिससे उनकी नजरें एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल करने पर टिकी हैं।

पिछली बार 2019 में नंबर एक एकदिवसीय बल्लेबाजी बनीं मंधाना ने श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में संपन्न श्रृंखला की पांच पारियों में 264 रन बनाए और श्रृंखला की दूसरी सबसे सफल बल्लेबाज रहीं।



श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 101 गेंद में 116 रन की पारी खेलने वाली मंधाना शीर्ष पर चल रही दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट से सिर्फ 11 रेटिंग अंक पीछे हैं। वोलवार्ट त्रिकोणीय श्रृंखला में सिर्फ 86 रन बना पाईं। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू ने शीर्ष स्थान में अपनी जगह मजबूत की। वह त्रिकोणीय श्रृंखला में 139 रन बनाने के बाद दो स्थान के फायदे से सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं। भारत की जेमिमा रोड्रिग्स (पांच स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर) और दक्षिण अफ्रीका की क्लो ट्राइओन (नौ स्थान के फायदे से 18वें पायदान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है।

श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई भारतीय स्पिनर स्नेह राणा को गेंदबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है जिसमें इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर चल रही हैं।

दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज नेदिन डि क्लर्क एक स्थान के फायदा से 24वें स्थान पर है। त्रिकोणीय श्रृंखला में सिर्फ 14 की औसत से 15 विकेट चटकाने वाली स्नेह चार स्थान आगे बढ़कर 34वें पायदान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की ऐशले गार्डनर एकदिवसीय ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। भारतीय की दीप्ति शर्मा को एक स्थान का फायदा हुआ है और वह पांचवें स्थान पर हैं। ट्राइओन (तीन स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर) और डि क्लर्क (चार स्थान के फायदे से 12वें स्थान पर) को फायदा हुआ है। (अनंत ज्ञान)

## कार्लो एंसेलोटी बने ब्राजील फुटबॉल टीम के नए कोच, छोड़ेंगे रियल मैड्रिड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इटली के दिग्गज फुटबॉल मैनेजर कार्लो एंसेलोटी अब ब्राजील पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम की कमान संभालेंगे। ब्राजील फुटबॉल संघ (सीबीएफ) ने सोमवार को यह घोषणा की। एंसेलोटी इस सीजन के अंत में रियल मैड्रिड छोड़ देंगे और जून से ब्राजील के कोच के रूप में कार्यभार संभालेंगे।



सीबीएफ के अध्यक्ष एडनाल्डो रोड्रिग्स ने एक बयान में कहा, कार्लो एंसेलोटी को ब्राजील लाना सिर्फ एक रणनीतिक कदम नहीं है, बल्कि यह दुनिया को यह दिखाने का ऐलान है कि हम फिर से शीर्ष पर लौटने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, वह इतिहास के सबसे महान कोच हैं और अब वह दुनिया की सबसे महान राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करेंगे। हम साथ मिलकर ब्राज़ीलियाई फुटबॉल का एक और स्वर्णिम अध्याय लिखेंगे।

एंसेलोटी रियल मैड्रिड के सबसे सफल मैनेजर रहे हैं। उनके नेतृत्व में क्लब ने अब तक 15 खिताब जीते, लेकिन 2024-25 का सीजन वह बिना किसी ट्रॉफी के समाप्त करेंगे। एंसेलोटी ब्राजील के पहले विदेशी कोच बनेंगे। वह डोरिवाल जूनियर की जगह लेंगे, जिन्हें अर्जेंटीना से 4-1 की हार के बाद मार्च में बर्खास्त कर दिया गया था। एंसेलोटी की पहली चुनौती अगले महीने वर्ल्ड कप क्वालीफायर में इक्काडोर और पराग्वे के खिलाफ मुकाबले होंगे।

ब्राजील फिलहाल 14 मैचों के बाद वर्ल्ड कप क्वालीफाइंग में चौथे स्थान पर है। टीम के स्टार खिलाड़ी नेमार अभी तक 2023 में एसीएल चोट के बाद से फॉर्म में वापसी नहीं कर पाए हैं। हालांकि, दक्षिण अमेरिका से शीर्ष छह टीमें सीधे 2026 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करेंगी।

एंसेलोटी की नियुक्ति से ब्राज़ील को एक बार फिर विश्व फुटबॉल में अपना दबदबा स्थापित करने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

## इटालियन ओपन 2025 | टेनिस खिलाड़ी जैनिक ने जेस्पर डी योंग को हराकर अंतिम 16 में बनाई जगह

# जैनिक सिनर ने डोपिंग बैन के बाद की शानदार वापसी

**एजेंसी, रोम**

दुनिया के नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने इटालियन ओपन 2025 में डोपिंग बैन से वापसी के बाद लगातार दूसरा मुकाबला जीत लिया है। सोमवार को खेले गए मुकाबले में उन्होंने डच क्वालिफायर जेस्पर डी योंग को 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम 16 में जगह बना ली। यह उनका होम क्राउड के सामने पहला टूर्नामेंट है, और फैन्स का जोश चरम पर नजर आया।

सिनर ने 4-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन कुछ गलत ड्रॉप शॉट्स, एक डबल फॉल्ट और अन्य त्रुटियों की वजह से डी योंग ने स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। हालांकि इसके बाद सिनर ने अपने दमदार ग्राउंडस्ट्रोक्स और तेज सर्व के दम पर मैच पर पूरी तरह से नियंत्रण बना लिया। जीत के साथ सिनर की जीत की लय 23 मुकाबलों तक पहुंच गई है, जो अक्तूबर 2024 से जारी है। यह इटालियन ओपन उनके लिए ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 में ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद पहला टूर्नामेंट है। (अनंत ज्ञान)



### बैन के बाद उठे थे सवाल

वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) के साथ समझौते के तहत सिनर को तीन महीने का बैन झेलना पड़ा। यह फैसला विवादों में रहा क्योंकि इसकी टाइमिंग कुछ ऐसी रही कि वे कोई ग्रैंड स्लैम मिस नहीं कर पाए और सीधे अपने होम टूर्नामेंट से वापसी कर पाए।

### फैन्स का समर्थन, अगला मुकाबला सेरुंडोलो से

**शनिवार** को पहले राउंड में मारियानो नवोन पर जीत की तरह ही इस मैच में भी रोम के फोरो इटालिको स्टेडियम में मौजूद फैन्स ने 'वाय जैनिक' के नारे लगाकर उन्हें पूरा समर्थन दिया। अगले राउंड में अब उनका सामना अर्जेंटीना के 17वें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा, जो मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे।

### अन्य मुकाबलों में गॉफ, डी मिनौर और पाओलिनी ने मारी बाजी

**पुरुषों** में सातवें वरीय एलेक्स डी मिनौर ने ह्यूगो डेलियन को हराया, हालांकि मैच के दौरान एक दर्शक की तबीयत बिगड़ने और एयरफोर्स फ्लाईओवर के चलते दो बार मैच रुका। महिलाओं में कोको गॉफ ने एमा राडुकानु को 6-1, 6-2 से हराकर जोरदार जीत दर्ज की। पेयटन स्टर्न्स ने नाओमी ओसाका को तीन सेटों तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-4, 3-6, 7-6 (4) से हराया। वहीं जैस्मिन पाओलिनी ने पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन जेलेना ओस्टापेंको को 7-5, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। फ्रेंच ओपन 25 मई से शुरू होने वाला है, ऐसे में इटालियन ओपन उसके लिए आखिरी बड़ा वार्मअप टूर्नामेंट माना जा रहा है। जैनिक सिनर की वापसी और लय दोनों रोम के दर्शकों को काफी उम्मीदें दे रही हैं।